रांची, सोमवार 29 सितंबर 2025 • आश्विन शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 • रांची एवं पटना से प्रकाशित • वर्ष : 3, अंक : 172 • मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार
https://epaper.shubhamsandesh.net

ब्रीफ न्यूज

दशहरे के बाद एनडीए में होगा सीट बंटवारा

पटना। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि दशहरे के बाद एनडीए की बैठक में सीटों के बंटवारे पर फैसला लिया जाएगा. यूपी के वाराणसी दौरे पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, भाजपा ने धर्मेंद्र प्रधान को बिहार का प्रभारी नियुक्त किया है. मांझी ने कहा कि हाल ही में अमित शाह ने भी बिहार का दौरा किया और लोगों से बात की.

गुजरात में टला विमान हादसा, बचे यात्री

गांधीनगर। गुजरात के अमरेली हवाई अड्डे पर रविवार को बड़ा हादसा टल गया. पायलट प्रशिक्षण के दौरान एक मिनी विमान रनवे पर उतरते समय फिसल गया. विमान क्षतिग्रस्त हुआ है, लेकिन राहत की बात यह रही कि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. विमान लैंडिंग के दौरान असंतुलित हो गया और रनवे छोड़कर किनारे जा फंसा. घटना की पुष्टि अमरेली कलेक्टर विकल्प भारद्वाज ने की. उन्होंने बताया कि विमान क्षतिग्रस्त हुआ है, लेकिन किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई.

गवई की मां होंगी संघ समारोह की मुख्य अतिथि

अमरावती। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई की माताजी डॉ. कमलताई रा. गवई अमरावती में आरएसएस के विजयादशमी समारोह की मुख्य अतिथि होंगी. संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य जे. नंदकुमार मुख्य वक्ता होंगे. डॉ. कमलताई श्री दादासाहेब गवई ट्रस्ट की अध्यक्ष भी हैं. इस बारे में जानकारी साझा करते हुए आरएसएस के विदर्भ प्रांत के प्रचार प्रमुख ने बताया कि संघ इस वर्ष शताब्दी समारोह वर्ष की शुरुआत कर रहा है.

कांकेर में 14 लाख के इनामी 3 नक्सली ढेर

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर में रविवार को सुरक्षाबलों के साथ नक्सलियों की हुई मुठभेड़ में 14 लाख के इनामी तीन नक्सली मारे गए. मारे गये नक्सलियों में एक महिला नक्सली एवं दो पुरुष नक्सलियों के शव के साथ मुठभेड़ स्थल से एक एसएलआर, एक .303 रायफल, एक 12 बोर बंदूक, अन्य हथियार, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, माओवादी साहित्य, प्रचार सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं हैं. कांकेर एसपी आई. कल्याण एलिसेला ने इसकी पुष्टि की है.

मन की बात में बोले पीएम मोदी-गांधी जयंती पर जरूर खरीदें खादी

छठ पूजा को यूनेस्को की सूची में कराएंगे शामिल

एजेंसियां। नयी दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 126वें एपिसोड में देशवासियों से सीधा संवाद किया. इस एपिसोड में उन्होंने भारतीय संस्कृति, परंपराओं, स्वतंत्रता सेनानियों और नारी शक्ति के योगदान पर गहन चर्चा की. कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन और विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर किया गया. पीएम मोदी ने छठ पूजा के महत्व पर विशेष जोर देते हुए इसे भारत की जीवंत सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया. उन्होंने कहा, छठ पूजा एक ऐसा पावन पर्व है, जो दिवाली के बाद आता है. सूर्यदेव को समर्पित यह महापर्व बहुत ही विशेष है. इसमें हम डूबते सूर्य को भी अर्घ्य देते हैं, उनकी आराधना करते हैं. उन्होंने बताया कि यह पर्व न केवल देश के विभिन्न हिस्सों में उत्साह से मनाया जाता है, बल्कि अब वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहा है. पीएम ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की कि भारत सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल करने के लिए प्रयासरत है.

कार्यक्रम में पीएम मोदी ने शहीद भगत सिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया. उन्होंने कहा, अमर शहीद भगत सिंह हर भारतवासी और खासकर युवाओं के लिए प्रेरणा पुंज हैं. निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूटकर भरी थी. फांसी से पहले अंग्रेजों को लिखे पत्र का जिक्र करते हुए पीएम ने उनके अदम्य साहस और संवेदनशीलता की मिसाल दी. इसी तरह, भारत रत्न' लता मंगेशकर की जयंती पर उनके संगीतमय योगदान की सराहना की. पीएम ने कहा, लता मंगेशकर की जयंती है. उनके गीतों में वह सब कुछ है, जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है. उन्होंने देशभक्ति के जो गीत गाए, उन्होंने लोगों को बहुत प्रेरित किया. उन्होंने लता जी के वीर सावरकर से प्रेरणा लेने का जिक्र किया, जिन्हें वे 'तात्या' कहती थीं. पीएम ने लता दीदी से अपने निजी रिश्ते को याद करते हुए बताया कि वे हर साल बिना बोले राखी भेजा करती थीं. उन्होंने मराठी गीत 'ज्योति कलश छलके' का जिक्र किया और इसे कार्यक्रम में सुनाया भी.

झारखंड के सत्यव्रत साहू की सुनाई कहानी

पीएम मोदी ने कहा कि खादी की तरह ही हमारे हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट सेक्टर में भी काफी बदलाव देखने को मिल रहा है. हमारे देश में ऐसे कई उदाहरण सामने आ रहे हैं, जो बताते हैं कि अगर परंपरा और इनोवेशन को एक साथ जोड़ दिया जाए, तो अद्भुत परिणाम मिल सकते हैं. इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड के आशीष सत्यव्रत साहू की कहानी बताई. उन्होंने कहा, सत्यव्रत साहू ने जोहारग्राम ब्रांड के जरिए आदिवासी बुनाई और परिधानों को ग्लोबल रैंप तक पहुंचाया है. उनके प्रयासों से आज झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को दूसरे देशों के लोग भी जानने लगे हैं.

हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट सेक्टर की सफल कहानियां

- **झारखंड के आशीष सत्यव्रत साहू:** 'जोहारग्राम' ब्रांड के जरिए आदिवासी बुनाई को ग्लोबल रैंप तक पहुंचाया.
- **तमिलनाडु के 'याझ नेचुरल्स':** अशोक जगदीशन और प्रेम सेल्वाराज ने घास-केले के रेशों से योगा मैट बनाए, 200 परिवारों को रोजगार दिया.
- **बिहार की स्वीटी कुमारी:** 'संकल्प क्रिएशन' के माध्यम से मिथिला पेंटिंग को आजीविका बनाया, 500 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया.
- **पीएम ने कहा,** "ये सफलता की गाथाएं सिखाती हैं कि हमारी परंपराओं में आय के अनगिनत साधन छिपे हैं. अगर इरादा पक्का हो, तो सफलता दूर नहीं.

बेटियों की सराहना

नवरात्रि के पावन अवसर पर पीएम मोदी ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा, हम नारीशक्ति का उत्सव मनाते हैं. बिजनेस से लेकर स्पोर्ट्स तक और एजुकेशन से लेकर साइंस तक, देश की बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं. उन्होंने भारतीय नौसेना की दो बहादुर अधिकारियों – लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा – से बातचीत की, जिन्होंने 'नाविक सागर परिक्रमा' के दौरान साहस का परिचय दिया. पीएम ने कहा, ये दो बहादुर अधिकारी नौसेना के गौरव हैं.

खादी खरीदें...कहें-ये स्वदेशी है

आगामी त्योहारों को देखते हुए पीएम ने स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया. खासकर 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर उन्होंने कहा, कोई न कोई खादी प्रोडक्ट जरूर खरीदें. गर्व से कहें-ये स्वदेशी हैं. उन्होंने बताया कि आजादी के बाद खादी की लोकप्रियता घटी थी, लेकिन पिछले 11 वर्षों में बिक्री में भारी वृद्धि हुई है. इसे 'वोकल फॉर लोकल' के साथ सोशल मीडिया पर शेयर करें, उन्होंने अपील की. मोदी ने कहा, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है. गांधी जी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया और इनमें खादी सबसे प्रमुख थी. दुर्भाग्य से आजादी के बाद खादी की रौनक कुछ फीकी पड़ती जा रही थी, लेकिन पिछले 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है. पिछले कुछ सालों में खादी की बिक्री में बहुत तेजी देखी गई है. ये सिलसिला बरकरार रहना चाहिए.

करूर भगदड़ मामले में हाईकोर्ट पहुंचे अभिनेता विजय

सीबीआई-एसआईटी से कराएं जांच

एजेंसियां। चेन्नई

तमिलनाडु के करूर हुई भगदड़ में 40 लोग मारे गए व 100 घायल हैं. इस हादसे के बाद अभिनेता थलापति विजय की पार्टी टीवीके ने सरकार पर आरोप लगाया कि हादसा डीएमके की साजिश का हिस्सा हो सकता है. टीवीके के वकील अरिवाजगन ने कहा कि पार्टी ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है. याचिका में एसआईटी गठित करने या मामले की सीबीआई जांच ती मांग की गई है.

उन्होंने राज्य सरकार के दावे को खारिज किया कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हुआ. अरिवाजगन ने कहा, हादसे में साजिश हुई. हमें स्थानीय लोगों जानकारी मिली है. सीसीटीवी फुटेज भी हैं. यह दिखाता है कि सत्ता पार्टी के कार्यकर्ताओं की साजिश थी.

राज्य सरकार ने लगाए ये आरोप : उधर, राज्य सरकार ने कहा कि रैली स्थल पर भीड़ दोपहर से जमा थी, पर विजय शाम को पहुंचे. रैली स्थल की क्षमता 10,000 थी,लेकिन 27,000 लोग जमा हुए. इस दावे को टीवीके के वकील ने खारिज किया और कहा, विजय के देर से पहुंचने का कारण ट्रैफिक था. राज्य सरकार ने टीवीके के कुछ नेताओं के खिलाफ हत्या के आरोप का मामला दर्ज किया है. साथ ही, हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में जांच का आदेश दिया है.

अभिनेता ने किया मुआवजे का ऐलान : घटना के बाद चेन्नई पहुंचे विजय ने रविवार सुबह घटना पर पर गहरा दुख जताया. साथ ही करूर रैली में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए 20-20 लाख के मुआवजे का ऐलान किया. विजय ने घटना को अपूरणीय क्षति बताया. भगदड़ में घायल हुए हर व्यक्ति को दो-दो लाख रुपये दिए जाएंगे. अभिनेता विजय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, करूर में जो कुछ हुआ, वह कल्पना से परे है. उसके बारे में सोचते ही मेरा दिल और दिमाग गहरे बोझ से दब जाते हैं. अपने प्रियजनों को खोने के असीम दुख के बीच, मेरे पास अपने हृदय की पीड़ा को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं. मेरी आंखें और मन शोक से ढंके हुए हैं. जैसे-जैसे मैं उन प्रियजनों के बारे में सोचता हूं, जिन्होंने स्नेह और देखभाल दिखाई है, मेरा दिल और भी अस्थिर हो जाता है.

शादी का वादा कर भाजपा नेता के बेटे ने किया यौन उत्पीड़न

बेंगलुरु। कर्नाटक पुलिस ने रविवार को कहा कि डीएनए जांच से पुष्टि हुई है कि भाजपा के नेता पीजी जगनिवास राव का बेटा कृष्णा जे राव ही बलात्कार और धोखाधड़ी के मामले में शिकायतकर्ता महिला के बच्चे का जैविक पिता है. इस मामले में आरोप है कि इंजीनियरिंग के छात्र कृष्णा राव ने अपनी पूर्व सहपाठी से शादी का वादा करके उसका यौन उत्पीड़न किया. महिला ने इसी साल 28 जून को बच्चे को जन्म दिया. जांचकर्ताओं ने कहा कि मामले की सुनवाई के दौरान डीएनए रिपोर्ट एक अहम सबूत साबित होगी. राव को शादी का झांसा देकर बार-बार रेप करने और यौन संबंध बनाने से संबंधित बीएनएस के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था. पुलिस की गिरफ्त से बचने में राव की मदद करने के आरोप में उसके पिता को भी गिरफ्तार किया गया था.

ऑनलाइन सट्टेबाजी केस जांच में तेजी

युवराज, सूद जैसे कई सितारों की संपत्ति कुर्क करेगी ईडी

एजेंसियां। नयी दिल्ली

ईडी जल्द ही एक ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़े मामले में पीएमएलए के तहत कुछ खिलाड़ियों और अभिनेताओं की करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कर सकती है. सूत्रों ने बताया कि 'वनXबेट' पोर्टल से जुड़े मामले की जांच में पाया गया है कि इनमें से कुछ हस्तियों ने उन्हें दिए गए विज्ञापन शुल्क का इस्तेमाल कई तरह की संपत्तियां हासिल करने में किया और ये पीएमएलए के तहत ये अपराध से अर्जित आय मानी जाती है.

जांच एजेंसी जल्द ही इन चल और अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए पीएमएलए के तहत एक अनंतिम कुर्की आदेश जारी करेगी, जिसमें यूएई जैसे

देशों में स्थित कुछ संपत्तियां भी शामिल हैं. उन्होंने बताया कि कुर्की आदेश जारी करने के बाद इसे पीएमएलए के तहत संबंधित प्राधिकरण को पुष्टि के लिए भेजा जाएगा और मंजूरी मिलने पर इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए कोर्ट में आरोप-पत्र पेश होगा. ईडी ने इस जांच के तहत युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और शिखर धवन जैसे क्रिकेटरों और अभिनेता सोनू सूद, मिमी चक्रवर्ती और अंकुश हाजरा (बांग्ला सिनेमा) से भी पूछताछ की है.

बीजेपी के निशाने पर लद्दाख के लोग

राहुल गांधी बोले-उन्हें छठी अनुसूची का अधिकार दो

एजेंसियां। नयी दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को लद्दाख में हुए हिंसक

प्रदर्शन को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा. इस हिंसा में 4 लोगों की मौत हो गई थी.

राहुल गांधी ने इसके लिए बीजेपी और आरएसएस को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि लद्दाख के लोगों ने सिर्फ अपनी आवाज उठाई. जवाब में बीजेपी ने चार युवाओं की हत्या कर दी और सोनम वांगचुक को जेल में डाल दिया. राहुल ने एक्स पर लिखा, लद्दाख की अद्भुत जनता, संस्कृति और परंपराएं बीजेपी और आरएसएस के निशाने पर हैं. लद्दाखियों ने अपनी आवाज उठाई, और जवाब में बीजेपी ने चार युवकों को मार दिया और सोनम वांगचुक को कैद कर लिया. हत्या बंद करो. हिंसा बंद करो. डराना-धमकाना बंद करो. लद्दाख को उसकी आवाज दो. उन्हें छठी अनुसूची का अधिकार दो.

पूरा देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा : शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को फिर दोहराया कि देश से नक्सलवाद 31 मार्च, 2026 तक समाप्त हो जाएगा. इसके साथ ही उन्होंने वामपंथी विचारधारा पर भी हमला किया और कहा कि वैचारिक, कानूनी और वित्तीय मदद करने वालों को जब तक देश की जनता पहचान नहीं लेती, तब तक हिंसात्मक वामपंथ के खिलाफ लड़ाई समाप्त नहीं होगी. गृहमंत्री 'भारत मंथन 2025-नक्सली मुक्त भारत' के सत्र को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने कहा, बहुत से लोग मानते हैं कि नक्सलियों द्वारा की जा रही हत्याओं को रोकना ही भारत से नक्सलवाद का सफाया करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन यह सच नहीं है.

बरेली बवाल पर 24 घंटे में योगी का तीसरा अल्टीमेटम, बोले-

दंगा किया तो सीधे जहन्नुम का टिकट

एजेंसियां। बलरामपुर

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बरेली बवाल पर 24 घंटे में तीसरी बार दंगाइयों को अल्टीमेटम दिया है. कहा कि यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा. गजवा-ए-हिंद की कल्पना पर नरक का टिकट मिलेगा. भारत में उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए बलिदान दिया.

सीएम ने छांगुर को कहा कालनेमि राक्षस : सीएम ने प्रदेश में अराजकता और दंगा फैलाने वालों को चेतावनी दी. कहा कि यूपी में ऐसा करने की हिम्मत

की तो जहन्नुम का टिकट दूंगा. उन्होंने छांगुर की कालनेमि राक्षस से तुलना करते हुए कहा कि विकास में बाधा डालने वाले राक्षसों का विनाश होगा.

भारत में नहीं चलेगा गजवा-ए-हिंद : सीएम ने कहा कि कुछ लोग भारत में रहते हैं, लेकिन गजवा-ए-हिंद का नारा लगाकर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं. भारत की धरती पर ये नहीं होगा. गजवा-ए-हिंद की कल्पना करना, इसके बारे में सपना देखना भी नरक का टिकट बन जाएगा. जो लोग ऐसी गतिविधियों में लगे हैं, वे कान खोलकर सुन लें. देर-सवेर उनका भी हश्र छांगुर जैसा ही होगा.

आस्था चौराहे पर दिखाने की चीज नहीं: सीएम ने कहा कि किसी को प्रदेश का माहौल खराब करने की इजाजत नहीं हैं. कुछ लोग नए हथकंडे अपना रहे हैं. उन्हें वैसे ही पीटा जाएगा जैसे बरेली में पीटा गया. आस्था कोई चौराहे पर दिखाने की चीज नहीं है.

जेन-जी फायरिंग केस

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ओली का पासपोर्ट रद्द

नयी दिल्ली । नेपाल के जेन-जी आंदोलन के दौरान युवा प्रदर्शनकारियों पर हुई गोलीबारी की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली सहित पांच प्रमुख व्यक्तियों के काठमांडू छोड़ने से

रोक लगा दी है. सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस गौरी कार्की की अध्यक्षता में गठित इस आयोग ने यह निर्देश जारी किया. वहीं कई नेताओं के पासपोर्ट रद्द किए गए हैं. इन पांच लोगों में ओली, रमेश लेखक, गोकर्ण मणि दुवाडी, हुत राज थापा छवि रिजाल शामिल हैं.

लोक की लीला में लय कालरात्रि का आलोक

डॉ. मयंक मुरारी

भारतीय चिंतन में कहा गया कि कलयति सर्वाणि भूतानि अर्थात काल संपूर्ण ब्रह्मांड और सृष्टि को खा जाता है. इस काल का सूक्ष्मतम अंश परमाणु है और महानतम अंश ब्रह्मा. जैसे आधुनिक काल के अनुसार सूक्ष्मतम अंश सेकेंड है और महानतम अंश शताब्दी. इस काल की गणना में समय ही संवत्सर रूपी शब्द का जनक है। जीवन और जगत की परंपरा का रचनाकार है. यह समय ही खुद शाश्वत समय का रहस्य जानता है. समय की एक यात्रा संवत्सर से नीचे की ओर मास, दिवस, प्रहर, घंटा मिनट, सेकेंड और उससे भी मुर्हुत, कला, काष्ठा और निमेष तक जाता है. दूसरी ओर यह मनवंतर, कल्प होते हुए सृष्टि के शुरुआत तक चला जाता है. भारतीय परंपरा में दिन-रात को अहोरात्रि, कालरात्रि से अहर्निश उपमा से रेखांकित किया गया है. इस रूप में माता का यह स्वरूप समय की लघु सीमा से लेकर इसके वृहद सीमा में समाया सृष्टि का रूप है, जहां समस्त लीलाएं होती हैं.

माता कालरात्रि, मां दुर्गा का सातवां रूप हैं और नवरात्रि के सातवें दिन इनकी पूजा होती है. उनका रूप भयानक है, लेकिन वे अपने भक्तों को शुभ फल देती हैं, इसीलिए उन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है. वे भक्तों को हर तरह के भय से मुक्त करती हैं, सिद्धियां प्रदान करती हैं और नकारात्मक शक्तियों का नाश करती है. उनका शरीर घने अंधकार जैसा काला है. उनके सिर के बाल बिखरे हुए हैं और ब्रह्मांड के समान गोल तीन नेत्र हैं. गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला धारण करती हैं. उनकी सांसों से अग्नि निकलती रहती है. वे गर्दभ (गधा) पर सवार हैं. उनके चार हाथों में खड्ग (तलवार), अभयमुद्रा और वरमुद्रा होती है. उनके नाम के उच्चारण मात्र से ही भूत, प्रेत, राक्षस आदि असुरी शक्तियां भयभीत होकर दूर भाग जाती

नवरात्र का सातवां दिन

हैं. भय मुक्तिरू भक्त हर तरह के भय जैसे अग्नि, जल, जंतु, शत्रु और रात्रि आदि से मुक्त हो जाता है. सिद्धियों की प्राप्तिरू उनकी उपासना करने से सभी प्रकार की सिद्धियों के द्वार खुल जाते हैं. इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है. इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है. देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी - काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, मृत्यू-रुद्राणी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। रौद्री , धूम्रवर्णा कालरात्रि मां के अन्य कम प्रसिद्ध नामों में हैं.

कालरात्रि की निरंतरता से पृथ्वी गतिशील है। इसी गतिशीलता के आधार भारत में संवत्सर का चिंतन है. भारतीय चिंतन में दिवस है, तो ऋतु है. चंद्र वर्ष है तो सौर संवत्सर है. पृथ्वी की गति पर काल गणना है तो चंद्र भी गणना का आधार है. कालगणना में क्रमश प्रहर, दिन-रात, पक्ष, अयन, संवत्सर, दिव्यवर्ष, मन्वन्तर, युग, कल्प और ब्रह्मा की गणना की जाती है. उसी प्रकार ग्रहों और नक्षत्रों की गति का भी अपना प्रभाव और अध्ययन है. यह प्रकृति और पृथ्वी की व्यवस्था को प्रभावित करते हैं. पृथ्वी से लेकर सूर्य और सूर्य से लेकर आकाशगंगा तक. सबकी अपनी गति है, इसलिए हरेक स्थान का समय और संवत्सर भी भिन्न-भिन्न है. काल सर्वत्र एक सा नहीं है. सूर्य के आकाशगंगा के अभिमुख गतिमान होने के कारण मनवंतर है तो आकाशगंगा के नीहारिकाओं के चक्कर के आधार पर कल्प है. पृथ्वी के दिन-रात से ब्रह्म के दिन-रात की वर्तुल गति में अनंत संवत्सर विलीन हो गये. कई संवत्सर स्मरण है. कलियुग में ही छह व्यक्तियों ने संवत चलाए. यथा-युधिष्ठर, विक्रम, शालिवाहन, विजयाभिनन्दन, नागार्जुन, कल्की। इससे पहले सप्तऋषियों ने संवत चलाए थे.

चक्रीय अवधारणा के अतर्गत ही हिन्दुओं ने काल को कल्प, मन्वंतर, युग (सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग) आदि में विभाजित किया जिनका अविर्भाव बार-बार होता है, जो जाकर पुनः लौटते हैं. चक्रीय का अर्थ सिर्फ इतना ही है कि सूर्य उदय और अस्त होता है और फिर से वह उदय होता है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि समय भी चक्रीय है. सिर्फ घटनाक्रम चक्रीय है.

यूएनओ में भारत ने फेंका जाल, फंस गया पाक

खुद ही दुनिया के सामने कबूल ली आतंकवादी होने की बात

एजेंसियां। नयी दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को दुनिया के सामने एक्सपोज कर दिया. आतंकवाद पर कार्रवाई करने के लिए जनरल असेंबली से अपील करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत को आजादी के बाद से ही ये चुनौती झेलनी पड़ी, क्योंकि उसका पड़ोसी वैश्विक आतंकवाद का केंद्र रहा है. हालांकि, उन्होंने पाक का नाम नहीं लिया, लेकिन यह एक जाल था और पाकिस्तान फंस गया. इतना सुनने के बाद यूएन मिशन में पाक के दूसरे सेक्रेटरी मो. राशिद ने जयशंकर के भाषण पर जवाब देते हुए कहा कि यह पाकिस्तान की छवि खराब करने की कोशिश थी. राशिद ने स्वीकार कर लिया कि पाकिस्तान टेररिस्तान है. भारत का विरोध करते हुए, राशिद ने कहा कि भारत एक देश के नाम को, जो संयुक्त राष्ट्र का सदस्य है, विकृत कर रहा है.

भारत ने क्या कहा : भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन में दूसरे सचिव रेंटला श्रीनिवास ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि जिस पड़ोसी देश का नाम नहीं लिया गया, उसने भी इस पर प्रतिक्रिया दी और सीमा पार आतंकवाद की अपनी पुरानी नीति को स्वीकार किया. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की छवि सबके सामने है. आतंकवाद के निशान इतने साफ हैं कि यह कई देशों में दिखता है. यह न सिर्फ पड़ोसियों के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए खतरा है. उन्होंने आगे कहा कि कोई तर्क या झूठ 'आतंकिस्तान' के अपराधों को छिपा नहीं सकता.

भाजपा नेताओं ने जगह-जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी

आशीष सत्यव्रत ने झारखंड का मान बढ़ाया, वे खुद में एक ब्रांड हैं : संजय सेठ

शुभमम संदेश। रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर रांची के विधायक सीपी सिंह, भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं और समाज के प्रबुद्धजनों के साथ सुना. सेठ ने कहा कि स्वच्छता, स्वदेशी, बेटी बढ़ाओ बोकल फोर वोकल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मन की बात में बहुत ही प्रेरणादायी उद्बोधन दिया. यह सिर्फ उद्बोधन नहीं बल्कि हर देशवासी को दिया गया एक मंत्र है; जो आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के संकल्प को सिद्धि प्रदान करेगा. पीएम मोदी ने मन की बात में आशीष सत्यव्रत की चर्चा की. आशीष खुद में ही एक ब्रांड हैं, जिसने खादी और झारखंडी संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाई. खादी आशीष के जीवन का मिशन है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा में आशीष की चर्चा की करना सिर्फ आशीष ही नहीं बल्कि वोकल फॉर लोकल के लिए समर्पित हर युवा के लिए प्रेरणा देने वाली बात है. खादी ग्रामोद्योग बोर्ड में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान ही आशीष की जीवटता देखने को मिली थी. परिस्थितियां चाहे जैसी भी रहीं हो, आशीष ने हमेशा खुद को खादी के प्रति समर्पित रखा. झारखंड के प्रति समर्पित रखा, झारखंड की संस्कृति के लिए समर्पित रखा. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान ही आशीष को अपने आवास पर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. सेठ ने कहा कि आशीष झारखंड के असंख्य युवाओं के प्रेरणास्रोत बनें, यह कामना करता हूं.

प्रधानमंत्री ने बार-बार झारखंड का मान बढ़ाया है: बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 126 वें एपिसोड में झारखंड के आशीष सत्यव्रत साहू की चर्चा कर पूरे झारखंड की प्रतिभा, कला, संस्कृति का सम्मान बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट किया. मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता, यहां की कला, संस्कृति मोदी जी के दिलों में बसती है. इसलिए वे खोज कर इसकी महानता, विशेषता को अपने संबोधन से दुनिया के सामने उजागर करते हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड सिर्फ खान खनिज के बल पर नहीं बल्कि अपनी कला,संस्कृति, रीति, रिवाज को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है. मरांडी ने कहा कि स्वदेशी का संकल्प हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करेगा, आत्निर्भरता को बढ़ाएगा और भारत को विश्व गुरु बनाएगा.



नवरात्रि पर दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि की सौगात

विभाग ने जारी किये 16 करोड़ रूपये

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के दुग्ध उत्पादकों के लिए नवरात्रि के पावन मौके पर अच्छी खुशखबरी आई है. राज्य सरकार झारखंड मिल्क फेडरेशन से जुड़े लगभग 60 हजार दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि की सौगात देने जा रही है. झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया है कि अप्रैल 2025 से अगस्त 2025 तक के बकाया प्रोत्साहन राशि को विभाग की ओर से निर्गत कर दिया गया है. विभाग ने दुग्ध उत्पादकों को दिये जाने वाले पांच रूपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि के मद में 16 करोड़ रुपये जारी किये हैं. अब इस राशि को दुग्ध उत्पादकों के बैंक खातों में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. उन्होंने कहा कि झारखंड मिल्क फेडरेशन के द्वारा वर्तमान में प्रतिदिन 2 .53 लाख लीटर दुग्ध संग्रहित किया जा रहा है. दुग्ध संग्रहण की बढ़ती क्षमता से झारखंड श्वेत क्रांति की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहा है. सरकार की योजनाएं दुग्ध उत्पादकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के साथ-साथ स्वावलंबी बनाने में भी मददगार साबित हो रही है.

दिल्ली में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया में झारखंड पवेलियन का उद्योग सचिव ने किया अवलोकन

झारखंड के वन विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों व वनोत्पाद के लिए प्रसिद्ध हैं : अरवा राजकमल

वर्ल्ड फूड इंडिया के झारखंड पवेलियन में मछली के अचार और पापड़ लोगों को कर रहे आकर्षित

शुभम संदेश। रांची

दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में रविवार को उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने झारखंड पवेलियन का अवलोकन किया. उन्होंने कहा कि झारखंड अपने असीम खनिज उत्पादों, आदिवासी संस्कृति के साथ बड़े भाग में फैले वनों के लिए जाना जाता है. झारखंड में प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का 78 हजार किलोमीटर क्षेत्र वन क्षेत्र है. यहां के वन विभिन्न प्रकार के पेड़- पौधों एवं अपने अनेक वनोत्पाद के लिए प्रसिद्ध हैं.

झारखंड में 136 माइनर फूड उत्पाद करने वाले वनों की शृंखला है: झारखंड में 136 माइनर फूड उत्पाद वाले वनों की श्रृंखला है. वर्ल्ड फूड इंडिया एक्सपो में आनेवाले लोगों ने झारखंड पवेलियन में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर इसकी विस्तृत जानकारी ली. विभाग के डीएफओ श्रीकांत वर्मा ने बताया कि झारखंड में 136 माइनर फूड उत्पाद करनेवाले वनों की श्रृंखला है. वनों में शाल, महुआ, इमली, कुसुम, जामुन, पलाश, कटहल आदि के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं. उन्होंने बताया कि वन विभाग ऐसे स्थानों पर वन समितियों का सृजन कर लोगों को आवश्यक प्रशिक्षण, मशीन, मार्केट लिंक दे कर लाह, सिल्क, शहद, चिरौंजी, काजू का उत्पादन किया जा रहा है. झारखंड का सिल्क, शहद, चिरौंजी आदि की न सिर्फ देश में डिमांड है, बल्कि विदेशों तक सका निर्यात होता है.

झारखंड प्रतिवर्ष 3.60 मीट्रिक टन मछली का कर रहा है उत्पादनः पवेलियन के प्रमुख आकर्षण में मछली का अचार और पापड़ है, जो लोगों को बहुत पसंद आ रहा है और अनोखा लग रहा है. फ़िशरीज विभाग के प्रशांत कुमार दीपक के अनुसार अभी झारखंड हर वर्ष 3.60 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन कर रहा है. सके उत्पादन में सरकार डैम या खत्म हो चुके खदानों में केज बना कर लोगों को ट्रेनिंग देकर फार्मिंग करवा रही है. झारखंड में रोहू, कतला, तिलपिया, पंजेसिप्स जैसी मछलियां पायी जाती हैं, जिनकी बिक्री स्थानीय बाजारों के साथ-साथ आस-पास के प्रदेशों में होती है.

सरकार ऑर्गेनिक सब्जियों के उत्पादन को दे रही है बढ़ावा

पवेलियन में ही कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के स्टाल की जानकारी देते हुए मुकेश द्विवेदी ने बताया कि झारखंड अपने यहां सभी अनाजों की अपेक्षा चावल का उत्पादन ज्यादा करता है. वहीं वर्तमान में सरकार ऑर्गेनिक सब्जियों के उत्पादन को भी बढ़ावा दे रही है, जिसके तहत सरकार ट्रेनिंग, सर्टिफिकेशन, एक्सपोजर आदि पर काम कर रही है.

देश विरोधी वांगचुक का समर्थन कर रहे हैं मुख्यमंत्री : बाबूलाल मरांडी

- इंडी गठबंधन की मानसिकता के कारण झारखंड राष्ट्र विरोधियों का बन रहा स्लीपर सेल

शुभम संदेश। रांची

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा लद्दाख में गिरफ्तार देशद्रोही वांगचुक के पक्ष में दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी. मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन की राज्य सरकारों ने देशद्रोहियों को पनाह देने,समर्थन और संरक्षण देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. झारखंड भी आज देश द्रोहियों का स्लीपर सेल बन चुका है. आए दिन जांच एजेंसियां राज्य से देशद्रोही आतंकियों को गिरफ्तार कर रही हैं. आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान से यह सच्चाई सामने आ गई है.
मरांडी ने कहा कि कथित सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण संरक्षण की आड़ में देश को खंडित करने की साजिश रच रहे सोनम वंगचुक ने भड़काऊ भाषण के जरिए युवाओं को उकसाया, जिसके परिणामस्वरूप आगजनी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान तो हुआ ही, जनहानि भी हुई. कहा कि इसकी मानसिकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वांगचुक ने वीडियो जारी कर कहा था कि यदि चीन के सैनिक लेह लद्दाख की ओर से देश में घुसने की कोशिश करेंगे, तो वे चीन को रास्ता दिखाने का काम करेंगे.

कहा कि 2007 में जब केंद्र में यूपीए की सरकार थी, तब प्रशासन ने वांगचुक पर विदेशी धन का दुरुपयोग कर देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने और चीन की मदद करने का आरोप लगाया था. कहा कि हेमंत सोरेन को वांगचुक के वीडियो/ बयानों को देखना सुनना और 2007 में लिखे गए लेह के मजिस्ट्रेट के पत्र को पढ़ना चाहिए. कहा कि हेमंत सोरेन जनता को बताएं कि राष्ट्रविरोधी सोच रखनेवाले का समर्थन करना कितना सही है. देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त वांगचुक का समर्थन कर मुख्यमंत्री जनता को क्या संदेश देना चाहते हैं?

भाजपा की झूठी बयानबाजी लोकतंत्र पर हमला : विनोद पांडेय

शुभम संदेश। रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा अब पूरी तरह मुद्दाविहीन हो चुकी है. इसलिए सस्ती राजनीति और झूठे आरोप गढ़कर भाजपा जनता को गुमराह करने का काम कर रही है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हमेशा संविधान, लोकतंत्र और न्याय के पक्षधर रहे हैं. किसी भी नागरिक की आवाज़ को सुनना और उसका समर्थन करना लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है, न कि राष्ट्रविरोध. भाजपा नेताओं को यह समझना चाहिए कि विचार प्रकट करना और असहमति जताना लोकतंत्र की असली ताकत है.भाजपा को यह बताना चाहिए कि अभिव्यक्ति के अधिकार के बारे में उसकी समझ क्या है.

पांडेय ने कहा कि शिक्षा में क्रांति लाने से लेकर हिमालय की रक्षा और चीन की चुनौती पर देश को जगाने तक सोनम वांगचुक की सच्ची और साहसी आवाज़ को कैद कर लिया गया है. लेह-लद्दाख के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद्, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता वांगचुक की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है. यह केवल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं, बल्कि लद्दाख की जनता की भावनाओं और भारत के लोकतंत्र की गिरफ्तारी है.

पांडेय ने कहा कि वांगचुक जी ने शिक्षा सुधार से लेकर पर्यावरण संरक्षण तक और सीमाओं की सुरक्षा को लेकर देश को लगातार सचेत किया. 'आइस स्तूप' जैसे नवाचारों ने पूरी दुनिया को टिकाऊ विकास का रास्ता दिखाया. सबसे पहले चीन के अतिक्रमण के खिलाफ आवाज़ उठाने वाले वांगचुक को चुप कराने का काम भाजपा की केंद्र सरकार ने किया है.

निर्वाचन आयोग ने घाटशिला उप चुनाव बिहार के साथ कराने की घोषणा की

शुभम संदेश। रांची

निर्वाचन आयोग ने रविवार को बिहार विधानसभा चुनाव के साथ साथ अन्य राज्यों में भी विधानसभा उप चुनाव कराए जाने की आधिकारिक घोषणा की. निर्वाचन आयोग के डिप्टी डायरेक्टर पी. पवन द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि बिहार विधानसभा चुनाव के साथ साथ झारखंड की घाटशिला, जम्मू-कश्मीर के बपदवाम और नगरौटा, राजस्थान के अंटा, तेलंगाना के जुबली हिल्स, पंजाब के तरनतारन, मिजोरम के डंपा और उड़ीसा के नौपदा विधानसभा उप चुनाव भी कराए जाएंगे. इसके लिए निर्वाचन आयोग अखिल भारतीय सेवा के 470 अधिकारियों को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त करेगा. उनमें 320 आईएएस, 60 आईपीएस एवं 90 अधिकारी आईआरएस, आईआरएएस एवं आईसीएस सेवा के होंगे. जानकारी के अनुसार निर्वाचन आयोग ने केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाने के लिए झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारियों का नाम भी मांग चुका है. हालांकि अभी तक झारखंड द्वारा भेजे गए नामों में किसे पर्यवेक्षक बनाया जाएगा, इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है.

यहां मालूम हो कि झामुमो विधायक सह मंत्री रामदास सोरेन के निधन से झारखंड के घाटशिला विधानसभा का अभी कोई प्रतिनिधि नहीं है. वहां से कोई विधायक नहीं है. हालांकि बिहार के साथ साथ घाटशिला विधानसभा उप चुनाव के संकेत पहले से थे. इसके मद्देनजर ही इंडिया और एनडीए गठबंधन के संभावित प्रत्याशियों ने अपना अपना चुनाव प्रचार अभियान प्रारंभ कर दिया है. इनमें स्वर्गीय रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरन प्रमुख हैं. सोमेश बतौर झामुमो प्रत्याशी और बाबूलाल भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना प्रचार अभियान चला रहे हैं.

झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा

ऊर्जा विकास निगम और अनुषंगी कंपनियों की आंतरिक नियुक्तियों में भारी अनियमितता : अजय राय

शुभम संदेश। रांची

झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों के अंतर्गत आंतरिक नियुक्ति विज्ञापन संख्या–01/2024, 03/2024, 04/2024 एवं 05/2024 में हुई भारी गड़बड़ियों और अनियमितताओं का खुलासा करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है. संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि विभाग ने पारदर्शिता को ताक पर रखकर अयोग्य अभ्यर्थियों को परीक्षा सूची में शामिल कर लिया, जिससे सरकार की साख पर बट्टा लग रहा है. राय ने सीएम से मामले में संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि सरकार पर भरोसा बना रहे.

राज्य सरकार की विश्वसनीयता और साख पर सवाल खड़ा करता है : संघ ने कहा कि यह मामला केवल निगम तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य सरकार की विश्वसनीयता और साख पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है. यदि सरकार चुप रही, तो यह भ्रष्टाचार को खुला संरक्षण देने के बराबर होगा. वैसे अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और मुख्यमंत्री इन मामलों को लेकर सख्त कार्रवाई भी कर रहे हैं. ऐसे में उम्माद है कि वे स मामले में संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करेंगे. संघ ने स्पष्ट किया है कि वहबहाली का विरोध नहीं करता, लेकिन भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और अनियमितताओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा.

नियुक्ति में विज्ञापन की शर्तों की अनदेखी की गई

मैनेजर (एफएंडए) पद पर 11 अयोग्य अभ्यर्थी शामिल किए गए. जूनियर मैनेजर पद पर 04 अयोग्य अभ्यर्थियों को भी जगह दी गई. विज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख था कि दूरस्थ शिक्षा, पार्ट टाइम और एएमआईई डिग्री धारक पात्र नहीं होंगे, बावजूद इसके इन्हें परीक्षा के लिए चयनित कर लिया गया. संघ ने इस पर सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी मांगी, लेकिन छह माह बीतने के बाद भी विभाग जवाब देने से बच रहा है. यह विभागीय अधिकारियों की अपारदर्शी कार्यशैली व गलत मानसिकता को उजागर करता है.

परीक्षा में अनियमितता हुई, तो कोर्ट जाएगा संघ

संघ के अध्यक्ष अजय राय चेतावनी दी है कि आगामी नौ अक्तूबर को होने वाली परीक्षा में यदि एक भी अनियमितता सामने आई, तो संघ सीधे न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगा. संघ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ऊर्जा विभाग के मंत्री से मांग की है कि वे तत्काल इस अनियमितता या यों कहा जाए घोटाले पर संज्ञान लें और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करें.

पेंशन अधिनियम संशोधन अन्यायपूर्ण 8वें वेतन आयोग में देरी चिंताजनक

- झारखंड सिविल पेंशनर्स एसो का 10 अक्तूबर को नयी दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना

शुभम संदेश। रांची

राष्ट्रीय आह्वान के तहत फोरम ऑफ सिविल पेंशनर्स एसोसिएशन, झारखंड ने पेंशन अधिनियम संशोधन को अन्यायपूर्ण और 8वें वेतन आयोग में विलंब पर चिंता जतायी है. रविवार को मीडिया से बात करते हुए एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, साधन कुमार सिन्हा, एमजेड खान, विजय पासवान, विनोद कुमार और शिव सेवक पाठक ने केंद्र सरकार द्वारा पेंशन अधिनियम में किए गए ड्राकोनियन (कठोर) संशोधन और 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन में हो रहे अत्यधिक विलंब पर गंभीर चिंता जतायी. कहा कि यदि यह संशोधित अधिनियम प्रभावी होता है, तो इससे 33 लाख से अधिक सिविल पेंशनर्स को 8वें वेतन आयोग के लाभ से वंचित होना पड़ेगा. इसलिए आवश्यक है कि इस अधिनियम को संसद में निरस्त कराया जाए. एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर एसोसिएशन द्वारा जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है. पहले चरण में 24 जुलाई को रांची के शहीद चौक पर मानव श्रृंखला बनाई गई, जिसमें केंद्रीय पेंशनर्स एसोसिएशन समेत बैंक, बीएसएनएल और राज्य सरकार के पेंशनर्स ने भाग लिया था.

अल्पससंख्यकों के अधिकार का सजग प्रहरी है अल्पसंख्यक आयोग, सरकारी योजनाओं पर हुई चर्चा

अल्पससंख्यकों को 50 हजार से 25 लाख तक का लोन दिला रही है हेमंत सरकार: ज्योति सिंह मथारू

शुभम संदेश। रांची/जमशेदपुर

जमशेदपुर परिसदन में रविवार को जैन समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सरदार ज्योति सिंह मथारू से राजेन पी कमानी के नेतृत्व में मुलाकात की. मुलाकात के दौरान जैन समाज के वरिष्ठ जनों ने नरवे राम हंसराज इंग्लिश स्कूल और साकची जैन इंग्लिश स्कूल को अल्पसंख्यक का दर्जा देने और समाज के उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए चलायी जा रही योजनाओं का लाभ कैसे मिले, इस पर विस्तृत चर्चा की गई. आयोग के उपाध्यक्ष मथारू ने कहा के जैन समाज की जनसंख्या कम है, लेकिन समाज व देश में उनका बहुत ज्यादा है. जैन समाज हमेशा देश की तरक्की और खुशहाली के लिए निरंतर कार्य करता है. अल्पसंख्यक समुदाय को विकास व रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं. अल्पससंख्यकों को 50 हज़ार से 25 लाख तक का लोन दिया जा रहा है, जिसमें सब्सिडी भी शामिल है.

मथारू ने जैन समुदाय के प्रतिनिधिमंडल को कहा कि उनकी सभी उचित मांगों को पूरा किया जाएगा. प्रतिनिधिमंडल में बिष्टुपुर संघ के अध्यक्ष राजन कमानी, साकची संघ के अध्यक्ष सुरेश मेहता, बिष्टुपुर संघ के उपाध्यक्ष हर्षद भाई गांधी, निलेश देसाई, निलेश बोहरा, तेरापंथी संघ के अनिल पारिख, शैलेश बोहरा, सकल जैन संघ कार्यसमिति सदस्य भारत मंडिया व संयोजक धीरज जैन शामिल थे.

आईएएस लोकेश मिश्रा को मिली दोहरी जिम्मेदारी बने नए उत्पाद आयुक्त

रांची। झारखंड सरकार ने आईएएस अधिकारी लोकेश मिश्रा को राज्य का नया उत्पाद आयुक्त नियुक्त किया है. वे अब तक पदस्थापन की प्रतीक्षा में थे. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मिश्रा को उत्पाद आयुक्त की जिम्मेदारी के साथ-साथ झारखंड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है. यह दायित्व उन्हें अगले आदेश तक निभाना होगा.

सीएमपीडीआई ने बीएसएनएल के साथ एमओयू किया

रांची। सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्यूट (सीएमपीडीआई) ने खनन परियोजनाओं में 5जी कैप्टिव गैर-सार्वजनिक नेटवर्क की स्थापना में सहयोग के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है. इस पहल का उद्देश्य खनन कार्यों और संबद्ध (एलाइड) सुविधाओं का डिजिटलीकरण, निजी 5जी तकनीकों का उपयोग कर सुरक्षा में सुधार, परिचालन दक्षता और डेटा-आधारित निर्णय पूरे खदान स्थलों में अपनाया जाए. यह सहयोग बीएसएनएल के मजबूत नेटवर्क बुनियादी ढांचे का लाभ उठाकर खनन क्षेत्र में 5जी कैप्टिव गैर-सार्वजनिक नेटवर्क के अखिल भारतीय प्रसार को सुगम बनाएगा. यह साझेदारी भारतीय खनन के डिजिटल परिवर्तन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सभी खदानों में नवाचार, स्थिरता और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सीएमपीडीआई के दृष्टिकोण को दर्शाता है. इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी/ आरडीएंडटी) अजय कुमार एवं सीएमपीडीआई और बीएसएनएल के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे.

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, सोमवार 29 सितंबर 2025 I आश्विन शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 172 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

शारदीय नवरात्र

सप्तमं कालरात्रि

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥

जो जगदंबा भयंकर रूप होने के बावजूद शुभ फल प्रदान करनेवाली हैं और इसी कारण शुभंकरी कहलाती हैं, उन माता कालरात्रि को भक्तिपूर्वक नमन. शारदीय नवरात्र के सातवें दिन कालरात्रि के ही दर्शन-पूजन का विधान है. जिनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है. सिर के बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है. बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग है. जिसके तीन नेत्र ब्रह्माण्ड के समान गोल हैं. जिनकी सांसों से ज्वाला निकलती रहती है. जो गर्दभ की सवारी करती हैं. जो ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वर मुद्रा से भक्तों को वर देती हैं और दाहिनी तरफ का नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है, माता कालरात्रि की उपासना से सभी सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं. इनके नाम के उच्चारण मात्र से आसुरी शक्तियां भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं. माता कालरात्रि. काल से भी रक्षा करने वाली शक्ति हैं.

-डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

एसीबी की रेड : विनय सिंह के ठिकानों से 198 फाइलें, 27 सीपीयू, 4 डीड जब्त

शुभम संदेश। रांची

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने रविवार को नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह के चार ठिकानों पर छापामारी अभियान चलाया. इस दौरान एसीबी की चार अलग-अलग टीमों ने चुटिया के अनंतपुर स्थित थर्ड स्ट्रीट, डिबडीह स्थित टाटा मोटर्स शोरूम, डिबडीह में ही नेक्सजेन सॉल्यूशन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय और लालपुर के पीस रोड स्थित एक अपार्टमेंट में छापेमारी की. टीमों ने शराब घोटाले से संबंधित दस्तावेज व डिजिटल साक्ष्य जब्त किये. एसीबी की आज हुई छापेमारी झारखंड में हुए शराब घोटाले से जुड़े आरोपों की जांच का भी हिस्सा है. एसीबी की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक छापेमारी के दौरान टीमों ने 198 फाइलें, कंप्यूटर्स के 27 सीपीयू, एक लैपटॉप, जमीन से संबंधित 4 डीड और दो मोबाइल फोन जब्त किया है. छापेमारी सुबह के 6.15 बजे से शाम के 6.15 बजे तक चली. जिन जगहों पर छापेमारी की गई, वो सभी जगह जेल में बंद आइएएस अधिकारी विनय चौबे के करीबी कारोबारी विनय सिंह से जुड़े हैं.

विनय सिंह को एसीबी ने गुरुवार को एक जमीन की अवैध जमाबंदी कराने के मामले में गिरफ्तार किया था. विनय चौबे शराब घोटाले में जेल में बंद हैं. उल्लेखनीय है कि एसीबी ने हजारीबाग में हुई सरकारी जमीन की अवैध जमाबंदी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर विनय सिंह को गिरफ्तार किया है. विनय सिंह समेत अन्य आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 120बी, 420, 467, 468, 471 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(2) के साथ 13(1)(डी) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है. छापेमारी खत्म होने के बाद एसीबी की टीम जब्त दस्तावेजों और डिजिटल उपकरणों की जांच में जुट गई है. एसीबी को उम्मीद है कि जांच में बड़े और महत्वपूर्ण तथ्यों का पता चल सकता है, जिससे आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य मिलेंगे. विनय कुमार सिंह पर सरकारी अधिकारियों के साथ आपराधिक षड्यंत्र रचकर गैर-मजरूआ खास और जंगल-झाड़ी किस्म की भूमि की अवैध जमाबंदी कराने का आरोप है. इसे लेकर एसीबी हजारीबाग थाना में कांड संख्या-11/25 दर्ज किया गया है. एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार अवैध जमाबंदी का यह मामला 2013 का है. जब डीसी कार्यालय, हजारीबाग ने पांच प्लॉटों की अवैध जमाबंदी को रद्द कर दिया था.

इस फैसले को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड सरकार ने भी उसी साल सही ठहराया था. जबकि वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के पत्र संख्या 2612, पांच दिसंबर 2012 के अनुसार, यह स्पष्ट किया गया था कि अधिसूचित वन भूमि पर किसी भी तरह का गैर-वानिकी कार्य या अतिक्रमण भारतीय वन अधिनियम, 1927 और वन संरक्षण अधिनियम, 1980 का उल्लंघन है. इस पत्र में सर्वोच्च न्यायालय के टी गोदावरमन बनाम भारत सरकार मामले में 12 दिसंबर 1996 के आदेश का भी हवाला दिया गया था. जिसमें जंगल-झाड़ी दर्ज भूमि का गैर-वानिकी उपयोग के लिए भारत सरकार की पूर्व अनुमति आवश्यक बताई गई थी.

दो मोबाइल और एक लैपटॉप भी साथ ले गई एसीबी की टीम

कौन हैं विनय सिंह

विनय सिंह, रांची में स्थित नेक्सजेन ऑटोमोबाइल्स के मालिक हैं और कुछ समय से जेल में बंद हैं. उनके खिलाफ कई वित्तीय अनियमितताओं और जमीन घोटालों की जांच चल रही है. एसीबी की टीम ने अभी तक छापेमारी से संबंधित कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है. लेकिन स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किए गए हैं. जांच आगे बढ़ने के साथ और भी खुलासे की उम्मीद की जा रही है.

हजारीबाग के जमीन घोटाले से जुड़ी है कार्रवाई

यह छापेमारी हजारीबाग में जमीन की अवैध जमाबंदी से जुड़े एक मामले को लेकर की गई बताया जा रहा है कि विनय सिंह, राज्य के एक वरिष्ठ अधिकारी विनय कुमार चौबे के करीबी माने जाते हैं, और यह जांच उसी संबंध की कड़ी में की जा रही है.

झारखंड में नियुक्तियों की प्रक्रिया धीमी

लानी होगी तेजी: 11 विभागों ने अब तक नहीं भेजी खाली पदों की सूची

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार जहां सरकारी नियुक्तियों में तेजी लाने के प्रयास कर रही है, वहीं कई विभागों की लापरवाही इस प्रक्रिया में बड़ी बाधा बन रही है. सरकार ने जून 2025 में सभी विभागों को निर्देश जारी कर झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) को अधियाचना भेजने के उद्देश्य से सिविल सेवा से संबंधित रिक्त पदों की सूची मांगी थी, लेकिन तीन महीने बीतने के बावजूद 11 विभागों ने अब तक यह सूची उपलब्ध नहीं कराई है.

कार्मिक विभाग ने भेजा सख्त पत्र

अब इस मामले में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के सचिव ने एक बार फिर संबंधित विभागों को सप्ताहभर के भीतर रिक्त पदों की सूची भेजने का निर्देश दिया है. सचिव द्वारा भेजे गए पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा-2025 की तैयारी के लिए विभागों को वर्षवार रिक्तियों का विवरण देते हुए कम से कम एक-तिहाई पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचना प्रस्तुत करनी होगी. इस अधियाचना को निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित रोस्टर के साथ भेजने का निर्देश दिया गया है.

इन विभागों ने नहीं भेजी खाली पदों की सूची : गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, वित्त विभाग, वाणिज्यकर विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग. जेपीएससी की 11वीं-13वीं सिविल सेवा परीक्षा में 342 अभ्यर्थी सफल हुए थे. इनमें उपसमाहर्ता - 207, डीएसपी 29, काराधीक्षक -2, राज्य कर अधिकारी -56, शिक्षा सेवा के 10 थे. इसके अलावा भी अलग-अलग विभागों में राजपत्रित अधिकारियों के पद रिक्त हैं. इनकी संख्या भी काफी है.

रिक्त पदों से प्रभावित हो रहा कामकाज

झारखंड में लंबे समय से सरकारी पदों की बड़ी संख्या में रिक्तियां बनी हुई हैं, जिससे प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है. वहीं दूसरी ओर, बेरोजगारी की दर भी राज्य में लगातार बढ़ रही है. सरकार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को गति देने की कोशिशों के बावजूद, कुछ विभागों की शिथिलता के चलते प्रक्रिया ठप पड़ती नजर आ रही है. विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते सभी विभाग रिक्तियों की अधियाचना नहीं भेजते, तो आगामी प्रतियोगी परीक्षा पर भी असर पड़ सकता है. ऐसे में जरूरी है कि सभी विभाग शीघ्रता से कार्रवाई करें, ताकि बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर और शासन-प्रशासन को आवश्यक मानव संसाधन मिल सके.

जर्जर सड़क को लेकर फूटा ग्रामीणों गुस्सा

एनएच जाम, 2 घंटे ठप रहा आवागमन

गुमला। घाघरा प्रखंड अंतर्गत नवडीहा पंचायत के ग्रामीणों ने रविवार को जर्जर सड़क और बदहाल व्यवस्था के खिलाफ नेशनल हाईवे जाम कर दिया. इस आंदोलन के चलते घाघरा-लोहरदगा मुख्य पथ पर दो घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा और सैकड़ों वाहन बीच रास्ते में फंसे रहे. ग्रामीणों का आरोप था कि पंचायत की सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है. हालात इतने खराब हैं कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है. स्कूली बच्चों और महिलाओं को रोजाना भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है. ग्रामीणों ने बताया कि गांव में विकास कार्य पूरी तरह ठप है. यहां तक कि बेटियों की शादी के लिए भी कोई तैयार नहीं होता. प्रसव पीड़िता महिलाओं को बहंगी में उठाकर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है, जहां से उन्हें एंबुलेंस या अन्य वाहन से अस्पताल ले जाया जाता है. ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी कि जब तक सड़क की मरम्मत और विकास कार्य शुरू नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. जाम की सूचना पर अंचल अधिकारी खाखा सुशील कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता की और जल्द समाधान का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया और आवागमन सामान्य हुआ.

कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर पहली पीएचडी कर डॉ. बिंग बिक्रम बिरुली ने रचा इतिहास

शुभम संदेश। चाईबासा

कोल्हान सदर प्रखंड अंतर्गत राजस्व ग्राम बड़कुंडिया के मूल निवासी डॉ. बिंग बिक्रम बिरुली ने इतिहास रच दिया है. भुवनेश्वर स्थित किस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के स्वदेशी ज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्कूल (कंप्यूटर विज्ञान विभाग) में उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित शोध कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है.

डॉ. यशोबंत दास और डॉ. सत्य रंजन दाश के मार्गदर्शन में किए गए इस शोध का विषय था भाषा में भाषा रखरखाव हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पहचान का अनुप्रयोग. यह हो समाज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर पहली पीएचडी है, जिसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है. ज्ञात हो कि डॉ. बिंग बिक्रम हो समाज लाइव न्यूज के संस्थापक भी हैं. वर्षों पूर्व उनका परिवार बड़कुंडिया से विस्थापन के डर से ओडिशा के मयूरभंज जिले के मडकमसई (सरत) गांव में आकर बसा था. अपने शोध में डॉ. बिरुली ने स्वदेशी भाषाओं, विशेषकर हो भाषा के संरक्षण और संवर्धन पर फोकस किया है. उन्होंने पहली बार हो भाषा के लिए स्वचालित वाक् पहचान (एएसआर) डेटासेट तैयार किया है. यह ऐसा संसाधन है जो अब तक किसी भी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध नहीं था और कम संसाधन वाली भाषाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा. यह अभूतपूर्व योगदान न केवल हो समुदाय के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है बल्कि आज के डिजिटल युग में अन्य स्वदेशी भाषाओं में एआई के प्रयोग की राह भी प्रशस्त करता है. शोध इस बात पर रोशनी डालता है कि टेक्स्ट कॉर्पोरा और स्पीच रिकग्निशन जैसी एआई तकनीकें स्वदेशी भाषाओं को बचाने और उन्हें नई ऊर्जा देने में कितनी कारगर हो सकती हैं. इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर ईचा खरकई बांध विरोधी संघ के अध्यक्ष बिर सिंह बुड़ीऊली ने डॉ. बिंग बिक्रम को बधाई दी. उन्होंने कहा कि यह सफलता हो समाज की आने वाली पीढ़ियों को भाषा, लिपि, परंपरा और संस्कृति के संरक्षण में नई दिशा और प्रेरणा देगी.

सड़क दुर्घटना में पिता की मौत, पुत्र घायल

दुमका। जिले के दुमका-साहिबगंज मार्ग पर रविवार की सुबह मसलिया थाना क्षेत्र के गोटीडीह मोड़ के पास हुए एक सड़क हादसे में पिता की मौत हो गई. जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया है. मृतक की पहचान नरेश मरांडी (55) वर्ष के रूप में की गई है. जबकि घायल बेटे का नाम शिवनारायण मरांडी (32) है. घायल को नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है. मिली जानकारी के मुताबिक दोनों पिता पुत्र अपने घर से 100 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे खेती को लेकर आपस में चर्चा कर रहे थे कि इसी दौरान जामताड़ा की ओर से आ रही सीमेंट लदी एक ट्रक दोनों को रौंदते हुए भाग निकला. इस घटना में पिता नरेश मरांडी की मौके पर मौत हो गई है. इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया. पुलिस ने बाद में आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर जाम हटाया.

जमशेदपुर में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला

विधायक सरयू राय भी हुए शामिल

शुभम संदेश। जमशेदपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष में आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार सुबह मानगो नगर, जमशेदपुर के स्वयंसेवकों ने डिमना रोड पर पथ संचलन निकाला. पथ संचलन में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए. जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय पथ संचलन के समापन कार्यक्रम में उपस्थित हुए. पथ संचलन का समापन स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के मैदान में हुआ जहां पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ और प्रार्थना के उपरांत कार्यक्रम पूरा हुआ. एकत्रीकरण में वैसे स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया, जिनका गणवेश पूर्ण नहीं था अथवा जो सामान्य परिधान अथवा शुभ्र वेश में थे. इनके खड़ा होने के लिए एकत्रीकरण में अलग पंक्ति बनाई गई थी. कार्यक्रम के अंत में सूचना दी गई कि दशहरा के दिन संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरा होने के अवसर पर सभी बस्तियों में विकेन्द्रित कार्यक्रम होंगे.

दुर्गा पूजा को लेकर जिला पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क

शांति और सौहार्द के लिए निकाला फ्लैग मार्च

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची में दुर्गा पूजा के मद्देनज़र शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा रविवार को फ्लैग मार्च निकाला गया. यह मार्च फिरायालाल चौक से शुरू किया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस बल और विशेष सुरक्षा दस्तों ने हिस्सा लिया. फ्लैग मार्च का उद्देश्य केवल सुरक्षा का प्रदर्शन नहीं था, बल्कि इसके माध्यम से प्रशासन ने समाज को एकता, भाईचारे और धार्मिक सहिष्णुता का मजबूत संदेश देने की कोशिश की. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा प्रेम, शक्ति और संस्कृति का पर्व है, जो सभी धर्मों और समुदायों के बीच सौहार्द बढ़ाने का अवसर भी लेकर आता है.

जिला प्रशासन ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर किसी ने भी माहौल बिगाड़ने या सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी. इस दौरान लोगों से भी अपील की गई कि वे शांति बनाए रखें, अफवाहों से दूर रहें और त्योहार को एकजुट होकर मनाएं। दुर्गा पूजा को देखते हुए पूरे शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है. संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है. सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी और कंट्रोल रूम को एक्टिव मोड पर रखा गया है, ताकि किसी भी असामाजिक तत्व की गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके. प्रशासन ने इस अवसर पर कहा कि दुर्गा पूजा न केवल देवी के शक्ति रूप की आराधना है, बल्कि यह सामाजिक एकता, प्रेम और मानवता का भी उत्सव है. ऐसे में हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि वह सौहार्द बनाए रखे, कानून का पालन करे और त्योहार को गरिमा के साथ मनाए.

रविवार को एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर को राजधानी के सभी संवेदनशील स्थानों पर रांची पुलिस और केंद्रीय बलों के द्वारा एक साथ ये फ्लैग मार्च किया गया. अल्बर्ट एक्का चौक से शुरू होकर फ्लैग मार्च मेन रोड होते हुए कर्बला चौक तक पहुंचा. कर्बला चौक के बाद रांची के चर्च रोड काली मंदिर रोड होते हुए हर उस स्थान से पुलिस का काफिला गुजरा, जहां कभी ना कभी सांप्रदायिक ताकतें मजबूत होने की कोशिश कर चुकी हैं. फ्लैग मार्च के दौरान ही वैसे तमाम संवेदनशील जगह जहां पूर्व में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई थी. वहां पुलिस के सीनियर अधिकारियों ने खुद रुककर इलाके के थानेदारों को जरूरी निर्देश दिए. इस दौरान रांची अधिकारियों सुरक्षा के लिए किए गए बंदोबस्त का जायजा भी लिया.

एचईसी प्रबंधन जुलाई 2023 का पूरा वेतन भुगतान करें नहीं तो करेंगे आंदोलन : भवन सिंह

शुभम संदेश। रांची

हटिया मजदूर यूनियन (सीटू) के अध्यक्ष भवन सिंह ने एचईसी प्रबंधन से जुलाई 2023 का पूरा वेतन अविलंब भुगतान करने की मांग की है. नहीं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा. उन्होंने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अल्प वेतन भोगी मजदूरों का वेतन रोकना न केवल अनुचित है, बल्कि औद्योगिक अशांति को बढ़ावा देने का काम भी है. प्रबंधन को भली-भांति जानकारी है कि चेयरमैन स्तर पर स्थायी और सप्लाई मजदूरों को एक साथ वेतन देने पर सहमति बनी थी, लेकिन उसका पालन नहीं किया गया.

भवन सिंह ने कहा कि फार्म भराने के नाम पर मजदूरों का वेतन रोका जा रहा है, जबकि वे नियमित रूप से काम पर जा रहे हैं. यह स्थिति प्रबंधन की असंगत नीतियों को दर्शाती है. मजदूर उत्पादन को गति देना चाहते हैं, लेकिन प्रबंधन की कार्यप्रणाली असंतोष को बढ़ा रही है. उन्होंने इसे अनुशासन और विश्वास बहाली के विपरीत कदम बताया. यूनियन अध्यक्ष भवन सिंह ने एचईसी प्रबंधन पर यह भी आरोप लगाया कि 18 बैच का प्रमोशन लंबित रखा गया है. और बोनस भुगतान को टालने की कोशिश हो रही है. उन्होंने कहा कि बोनस का भुगतान छठ से पहले किया जाना चाहिए तथा 2023 अक्टूबर से अप्रैल 2025 तक का बढ़ा हुआ डीए भी सप्लाई मजदूरों को जोड़कर दिया जाए. साथ ही मजदूर कर्मियों के अर्जित अवकाश संचय का अधिकार भी मजदूरों को मिलना चाहिए. और उसका विवरण समय पर उपलब्ध कराना चाहिए.

मास कॉम विभाग की लापरवाही से दर्जनों छात्र छात्रवृत्ति से वंचित

रांची। रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कॉम, जो कि वोकेशनल (व्यावसायिक) विभाग है, उसकी लापरवाही के कारण कई छात्र-छात्राएं अब तक छात्रवृत्ति की राशि से वंचित हैं. विभाग ने कल्याण विभाग को 29 जुलाई 2025 को भेजे गये दस्तावेज़ में खुद को रेगुलर विभाग के रूप में दर्शा दिया, जबकि रिकॉर्ड में यह विभाग वोकेशनल श्रेणी में आता है. कल्याण विभाग ने जब जांच की और पूछा कि रिकॉर्ड में विभाग वोकेशनल है तो रेगुलर क्यों लिखा गया, तब विभाग के निदेशक डॉ बसंत झा ने अपनी गलती स्वीकार की. इसके बाद छात्रों ने स्वयं दौड़-धूप कर दस्तावेज़ सुधार करवाया और नया पत्र कल्याण विभाग को सौंपा.

श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर, विजयादशमी पर देवी शक्ति पूजन व 151 तलवारों का होगा वितरण



रांची। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा विजयादशमी के पावन अवसर पर दो अक्तूबर को श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर, पुंदाग में भव्य देवी शक्ति अस्त्र-शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि विजयादशमी के दिन अपराह्न- 2 बजे मंदिर परिसर में विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजन-अर्चना के साथ शक्ति स्वरूपा देवी मां के विविध अस्त्र-शस्त्रों की आराधना की जाएगी. पूजन उपरांत श्रद्धालुओं को प्रतीकात्मक रूप से 151 तलवारों का वितरण किया जाएगा, जो धर्म, साहस और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देगा. उन्होंने बताया कि इस अवसर पर खिचड़ी भोग महाप्रसाद का भी वितरण किया जाएगा. उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया है.

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम में दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया अन्नपूर्णा महाप्रसाद

रांची ।रांची के पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 229वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन हुआ. भंडारा समाजसेवी कैलाश चंद्र गोयल, धर्मपत्नी सीता गोयल एवं पुत्र नरेश कुमार गोयल के जन्म दिवस के अवसर पर उनके परिवार नीतू गोयल, अरनव गोयल, अंशिका गोयल की ओर से हुआ. दोपहर 12:30 बजे पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा भोग अर्पित किया गया. मंदिर परिसर में दो हजार से से अधिक श्रद्धालुओं को मेवायुक्त केसरिया खीर, पुड़ी, आलू चना कीसब्जी, वेजिटेबल पुलाव, आलू चिप्स आदि वितरित किए गए.

नवरात्रि पर श्री जीण माता मंदिर में हलवा-पुरी का महाभोग

रांची। नवरात्रि के उपलक्ष्य में रविवार को श्री जीण माता परिवार, रांची की ओर से पहाड़ी रोड स्थित श्री जीण माता मंदिर में हलवा-पूरी का महाभोग लगाया गया. इस अवसर पर मंदिर के पुजारी सीतानंद झा ने माता की आरती कर भक्तों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की. महाभोग के उपरांत प्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया. आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। पूरे परिसर में श्रद्धा एवं भक्ति का माहौल बना रहा. मौके पर बृजमोहन अग्रवाल, दिलीप पटवारी, सुभाष अग्रवाल, विक्रम खेतावत, मुकेश भरतिया, संजय मारोदिया, प्रदीप सिंघानिया, नमन अग्रवाल और सुशील मोदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे.

भाई सूरज सिंह के अंतिम अरदास पर विशेष दीवान

रांची। रांची में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के मीत ग्रंथी भाई सूरज सिंह की आकस्मिक निधन के बाद रविवार को विशेष दीवान सजाया गया। इस मौके पर उन्हें भावभीनी श्रद्धाजलि अर्पित की गयी. दीवान की शुरुआत गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मेन रोड के रागी जत्था भाई भरपूर सिंह एवं साथियों ने "जो हर का प्यारा, सो सबना का प्यारा" गायन से की. इसके बाद सभा के हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने "जो आईआ सो चलसी सबकी आई वारीऐ एवं गुरमुख जनम सवार दरगह चलिआ" का गायन किया. गुरु नानक सत्संग सभा के प्रधान अर्जुन देव मिढा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भाई सूरज सिंह शांत, हंसमुख और मिलनसार स्वभाव के थे. पिछले 35 वर्षों से गुरुद्वारा साहिब में मीत ग्रंथी के रूप में सेवा दे रहे थे. सभा के सचिव मनीष मिढा ने भी उनके सहज व्यक्तित्व को याद करते हुए कई स्मृतियां साझा की. भाई सूरज सिंह के परिवार की आर्थिक सुरक्षा करने के लिए श्रद्धालुओं ने दिल खोलकर सहयोग किया. दीवान का समापन श्री आनंद साहिब जी के पाठ, ज्ञानी जिवेंद्र सिंह द्वारा अरदास, हुकुमनामा एवं प्रसाद वितरण के साथ सुबह 10 बजे हुआ.

श्री राम लला पूजा पंडाल में भुज के स्वामी नारायण मंदिर से पहुंचे सात स्वामी संत

शुभम संदेश। रांची

श्री राम लला पूजा समिति के सानिध्य में रांची जिला स्कूल के मैदान में गुजरात के भुज स्थित श्री स्वामी नारायण मंदिर के प्रारूप को देखने के लिए रविवार को भुज स्थित स्वामी नारायण मंदिर के सात स्वामी संतों की टोली पहुंची. सात संतों की टीम में स्वामी संत जीवन दास, नयल करण दास, वर्जाजीवन दास, धर्मा वत्सल दास, भक्ति वल्लभ दास, भगवान दास शामिल थे.

समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी और प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने पंडाल में बने स्वामी नारायण मंदिर का उन सभी को अवलोकन कराया. पंडाल के गर्भगृह में जाकर मां की पूजा अर्चना सहित आशीर्वाद प्राप्त किया. संत भुज से स्वामी नारायण भगवान के विग्रह के

साथ पहुचे थे. पूरे पंडाल की कलाकृतियों का बारीकियां से अवलोकन किया और कहा कि भुज के सफेद संगमरमर की तरह यह पूजा पंडाल उसी का प्रारूप लग रहा है.

उन्होंने बताया कि समिति की ओर से बनाए गए इस पंडाल के प्रारूप का जब भुज में सूचना मिली, तब हमारे महंत स्वामी धर्म नंदन दास ने आदेश दिया किया कि हम झारखंड के रांची राजधानी पहुंच कर इस प्रारूप का अवलोकन करें.

व्यापारिक गतिविधियों को बाधित करेगी नगरपालिका पथ कर नियमावली : चैंबर

शुभम संदेश। रांची

नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से जारी झारखंड नगरपालिका पथ कर नियमावली-2025 ड्राफ्ट पर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने आपत्ति दर्ज की है. नियमावली में निहित प्रावधानों से व्यापार जगत को होनेवाली असुविधा को देखते हुए रविवार को चेंबर भवन में पदाधिकारियों की बैठक हुई. बैठक में कहा गया कि वाणिज्यिक वाहनों पर अतिरिक्त पथ कर लगाए जाने का प्रस्ताव अव्यावहारिक है. यह कदम राज्य की व्यापारिक और औद्योगिक गतिविधियों को बाधित करेगा, महंगाई को और बढ़ाएगा एवं स्थानीय व्यापारियों तथा उपभोक्ता दोनों पर असमान बोझ डालेगा.

चेम्बर की ओर से विभाग को प्रेषित

किये गए आपत्ति में कहा कि यह कर डबल टैक्सेशन है, क्योंकि पहले से ही मोटर व्हीकल टैक्स, टोल टैक्स, जीएसटी तथा बस स्टैंड शुल्क जैसे अनेक टैक्स लिए जा रहे हैं. इस टैक्स के कारण परिवहन लागत बढ़ेगी, जिससे आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ेंगी और सीधा असर आम उपभोक्ता पर पड़ेगा. छोटे व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों पर इसका बोझ सबसे अधिक पड़ेगा, इससे उनकी आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होंगी.

चैंबर ने कहा कि कर संग्रह की प्रक्रिया शहरों के प्रवेश बिंदुओं पर गंभीर जाम और अव्यवस्था उत्पन्न करेगी. पड़ोसी राज्यों की तुलना में झारखंड की औद्योगिक और व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा क्षमता घट जाएगी. यह प्रस्ताव वन नेशन, वन टैक्स की मूल भावना और जीएसटी सुधार की आत्मा के विरुद्ध है. चेंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने विभागीय मंत्री और सचिव से आग्रह किया कि इस प्रस्तावित कर को वापस लिया जाए. उक्त जानकारी चेंबर महासचिव रोहित अग्रवाल ने देते हुए कहा कि पथ कर नियमावली से होनेवाली असुविधा को देखते हुए राज्य भर की सम्बद्ध संस्थाओं की ओर से झारखण्ड चेंबर के पास सुझाव प्राप्त हुए हैं. सभी संगठनों के सुझाव के अनुरूप झारखंड चेंबर ने आपत्ति दर्ज करते हुए विभागीय निर्णय को शिथिल करने की मांग की गई है. बैठक में चेंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, महासचिव रोहित अग्रवाल और पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री उपस्थित थे.

ब्रीफ न्यूज

मधुमक्खी के काटने से वृद्ध की मौत, परिजन में मातम

बालूमाथ (लातेहार)। बालूमाथ प्रखंड के पिंडारकोम में मधुमक्खी के काटने से 80 वर्षीय वृद्ध सुकर महतो की दुखद मौत हो गई. सुकर महतो शनिवार को मवेशी चराने जंगल गए थे, जहां मधुमक्खियों ने उन्हें काट लिया. देर शाम तक जब वे घर वापस नहीं लौटे तो परिवार वाले उनकी तलाश में जुट गए. अंततः उन्हें बेसुध अवस्था में पाया गया और बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृतक सुकर महतो के पीछे उनका पूरा परिवार शोक में डूबा है. इस घटना से इलाके में शोक की लहर फैल गई है.

मुआवजे की मांग को लेकर आधे घंटे तक मुख्य मार्ग जाम

महुआडांड़ (लातेहार)। महुआडांड़-डाल्टनगंज मुख्य मार्ग के ग्राम राजडण्डा नंदिनी तालाब के पास रविवार सुबह करीब ग्यारह बजे दुर्गा यात्री बस की टक्कर से दो जवान बैलों की मौके पर ही मौत हो गई. किसान जगवीर टोप्पो ने बताया कि वे मवेशी को चराकर घर ला रहे थे, तभी महुआडांड़ से डाल्टनगंज जा रही बस ने बैलों को टक्कर मार दी. मृतक बैल उनके जीवन यापन का एकमात्र सहारा थे और खेती-किसानी में सहायक थे. इस घटना के बाद पीड़ित किसान और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर करीब आधे घंटे तक मुख्य सड़क जाम कर दिया. सूचना पाकर थाना प्रभारी मनोज कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे. बस मालिक और पीड़ित के बीच समझौता कर उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया गया और जाम हटाया गया.

दीवार ढहने से आठ वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल

लातेहार। बालूमाथ प्रखंड के सोपारम गांव में रविवार को सरकारी शौचालय की दीवार गिरने से आठ वर्षीय सतीश उर्फ कारू गंझू गंभीर रूप से घायल हो गया. बच्चा घर के बाहर खेल रहा था तभी दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई और वह मलबे में दब गया. परिजनों ने घायल को तुरंत बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया.

एसडीएम व एसडीपीओ के नेतृत्व में दुर्गा पूजा से पहले फ्लैग मार्च, शांति और सौहार्द बनाए रखने का संदेश

शुभम संदेश। महुआडांड़ (लातेहार)

दुर्गा पूजा के पावन अवसर को शांति, सौहार्द और बेहतर कानून व्यवस्था के साथ मनाने के लिए एसडीएम बिपिन कुमार दुबे और डीएसपी शिवपूजन बहेलिया के नेतृत्व में एक भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया. यह मार्च थाना परिसर से प्रारंभ होकर शहीद चौक, शास्त्री चौक, गांधी चौक, डीपाटोली, रामपूर, बिरसा चौक सहित कई महत्वपूर्ण मार्गों से होते हुए गुजरा. इस मार्च में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल और विशेष सुरक्षा दस्ते शामिल थे.

फ्लैग मार्च का उद्देश्य केवल सुरक्षा व्यवस्था का प्रदर्शन करना ही नहीं था, बल्कि यह प्रशासन की ओर से समाज में एकता, भाईचारा और धार्मिक सहिष्णुता का सशक्त संदेश देने की भी कोशिश थी. अधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा प्रेम, शक्ति और संस्कृति का पर्व है, जो सभी धर्मों और समुदायों के बीच सौहार्द बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है. प्रशासन ने साफ चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति सामाजिक सौहार्द या माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

इस अवसर पर प्रशासन ने आम जनता से शांति बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने और त्योहार को एकजुट होकर मनाने की अपील भी की. सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी और कंट्रोल रूम को एक्टिव मोड में रखा गया है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सके और कार्रवाई हो सके.

इस दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार, पुलिस उपनिरीक्षक इन्द्रदेव राजवार, रानू खान सहित कई अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे. इस आयोजन से स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है और वे त्योहार को शांति एवं उल्लास के साथ मनाने के लिए तैयार हैं. प्रशासन का यह कदम त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को रोकने में महत्वपूर्ण साबित होगा.

एक नजर

जय मां भवानी संघ रेहला पूजा समिति ने विशाल कलश शोभायात्रा निकाली

विश्रामपुर (पलामू)। जय मां भवानी संघ दुर्गा पूजा कमिटी के पूजा पंडाल से रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई. इस शोभायात्रा में पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, युवा समाजसेवी विवेक शुक्ला, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत पूजा कमिटी द्वारा अतिथियों को चुनरी देकर सम्मानित कर की गई. शोभायात्रा महावीर मंदिर चौक, थाना चौक होते हुए कोयल नदी तट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल अर्पित किया गया. श्रद्धालुओं ने जय माता दी के जयकारे लगाए. अंत में कलश की विधिवत स्थापना पूजा पंडाल में की गई. पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज गुप्ता एवं सदस्य भी समारोह में उपस्थित थे.

बेलवरण पूजन के साथ मां दुर्गा का आह्वान, आज खुलेंगे महावीर जी भवन में पूजा पंडाल के पट

हुसैनाबाद । शारदीय नवरात्र के छठे दिन रविवार को श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर जी भवन के सदस्यों ने पारंपरिक बेलवरण पूजन कर मां दुर्गा का विधिवत आह्वान किया. पुरोहित गोपाल पाठक के नेतृत्व में पूजा संपन्न हुई. समिति अध्यक्ष मिंटू अग्रवाल ने बताया कि 29 सितंबर को सुबह 9 बजे पूजा पंडाल का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा. सप्तमी से नवमी तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन को पहुंचते हैं. समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं को दर्शन में कोई असुविधा न हो, इसके लिए पूरी तैयारी की गई है. मौके पर समिति के कई सदस्य मौजूद रहे.

झामुमो के केंद्रीय सदस्य बनाए गए बालूमाथ के जुनैद अनवर, पार्टी के प्रति जताया समर्पण

बालूमाथ (लातेहार)। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता जुनैद अनवर को पार्टी की केंद्रीय समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति 13वें केन्द्रीय महाधिवेशन के बाद झामुमो महासचिव बिनोद कुमार पाण्डेय के कार्यालय आदेश के माध्यम से जारी की गई. लातेहार जिले से चुने गए जुनैद अनवर को पार्टी ने संगठनात्मक कर्मठता और अनुशासन के साथ कार्यकर्ताओं के बीच सुमधुर संपर्क बनाने का निर्देश दिया है. नवनियुक्त केंद्रीय सदस्य जुनैद अनवर ने कहा कि मुख्यमंत्री और केंद्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन का आभार, जिन्होंने उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी. उन्होंने कहा कि उनका 30-35 वर्षों का राजनीतिक जीवन सेवा को समर्पित रहा है और वह गरीब, मेहनतकश तथा वंचित वर्ग के लिए निरंतर काम करेंगे. वे बालूमाथ व लातेहार की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहेंगे. महाधिवेशन में जुनैद अनवर ने वक्फ से जुड़े मुद्दे उठाकर नेतृत्व का ध्यान आकर्षित किया था, जिसका नतीजा है उनकी केंद्रीय समिति में नियुक्ति. इस फैसले से झामुमो कार्यकर्ताओं में उत्साह है और उन्होंने उन्हें बधाई दी है. प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भी उनकी नियुक्ति पर खुशी जताई और पार्टी के लिए यह लाभकारी बताया है.

मंदिर निर्माण के लिए सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पांडेय ने दो लाख रुपये की सहयोग राशि दी

मेदिनीनगर । विश्रामपुर के केतात स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर निर्माण के लिए सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पांडेय ने दो लाख रुपये सहयोग राशि प्रदान की. यह सहयोग राशि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनीष ओझा ने मंदिर समिति को रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय में सौंपी. मंदिर निर्माण समिति के राघवेन्द्र चौबे, वेद प्रकाश चौबे, सुरेश पांडेय व मनोज कुमार चौबे को यह चेक सौंपा गया. मौके पर वाहिनी के प्रदेश संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी, अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, सचिव आशुतोष पांडेय लकी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे. मुख्य संरक्षक अर्जुन पांडेय वर्षों से मंदिर निर्माण, धर्म-संस्कृति व सनातन मूल्यों को बढ़ावा देने में सक्रिय हैं. उन्होंने समाज से आह्वान किया कि सहयोग के लिए स्वयं जागरूक बनें और संगठन से जुड़कर धर्म कार्यों में भाग लें.

लातेहार पुलिस ने राजू भुइंया का इस्तेहार चिपकाया, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

लातेहार। गारू थाना कांड संख्या 02/2021, दिनांक 16 जनवरी 2021 के अभियुक्त राजू भुइंया के खिलाफ न्यायालय से जारी इस्तेहार का तमिला कर दिया गया है. यह कार्रवाई गढ़वा पुलिस के सहयोग से गारू थाना के सअनि लल्लू राम द्वारा की गई है. राजू भुइंया पर भादवि की धारा 307/302/286/120बी, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और 17 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है. गारू थाना प्रभारी पारसमणी ने बताया कि फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चल रहा है. उन्होंने कहा कि अभियुक्त के आत्मसमर्पण न करने पर उसके घर की कुर्की और जब्ती की कार्रवाई की जाएगी. पुलिस जल्द ही राजू भुइंया को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने का प्रयास कर रही है.

आरएसएस का पथ संचलन व शस्त्र पूजन समारोह सम्पन्न, शताब्दी वर्ष की तैयारियों की जानकारी दी

लातेहार । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लातेहार नगर की ओर से विजयादशमी उत्सव के अवसर पर पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन किया गया. करीब 200 स्वयंसेवकों ने गणवेश में पथ संचलन में भाग लिया, जिसकी शुरुआत पुराना पुलिस लाइन से हुई और विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः वहीं संपन्न हुआ. इसके बाद शस्त्र पूजन, ध्वजारोहण एवं बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि प्रांत कुटुंब प्रबोधन प्रमुख सकलदेव चौरसिया ने संघ के इतिहास और आगामी शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर प्रकाश डाला. उन्होंने पंच परिवर्तन-कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व बोध, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्यों पर विशेष चर्चा की. कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यवाह दीपक जी ने किया. मौके पर जिला संघचालक अनिल कुमार ठाकुर, पर्यावरण प्रमुख धर्मेंद्र जायसवाल सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे.

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सदर थाना पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

पूजा को लेकर सामाजिक सौहार्द का दिया संदेश

जैनेंद्र कुमार। मेदिनीनगर

दुर्गा पूजा के पावन अवसर को शांति और सौहार्द के साथ मनाने के लिए सदर थाना पुलिस ने जोड़, खनवां, बड़कागांव, पोखराहा, चियांकी, गोदाम चौक, भुसही, सुआ कौड़िया सहित क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला. इस मार्च का नेतृत्व सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम और थाना प्रभारी लालजी ने किया. प्रभारी लालजी ने पूजा समिति के पदाधिकारियों से मिलकर त्योहार को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की. उन्होंने लोगों से किसी भी तरह की असुविधा या समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया.

फ्लैग मार्च में एएसआई रंजीत कुमार, अभिमन्यु सिंह, नबी अंसारी, तिलेश्वर रजक, अरविंद सिंह, योगेन्द्र पासवान सहित कई अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे. सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद है और पुलिस ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी बढ़ा दी है. अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए गश्त तेज कर दी गई है. इस पहल की स्थानीय लोगों ने भी सराहना की है.

इसी क्रम में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन भी हुए. मेदिनीनगर प्रखंड के बड़कागांव में प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) से आए पंडित दिनेश त्रिपाठी ने शिव-पार्वती संवाद के माध्यम से सनातन धर्म में परहित की भावना का महत्व बताया. उन्होंने कहा कि माता पार्वती का लोकहित का भाव अद्भुत है, जो सनातन धर्म का मूल आधार है. उन्होंने गिद्धराज जटायु के बलिदान का हृदयस्पर्शी वर्णन किया और कहा कि जगत का कल्याण परहित में निहित है.

पूजा को लेकर पलामू पुलिस ने जारी किया रूट चार्ट

शाम 4 बजे से सुबह 4 बजे तक शहर में बड़े वाहनों की एंट्री पर रोक

मेदिनीनगर। दुर्गा पूजा के अवसर पर पूजा पंडालों में बढ़ती भीड़ और आमजनों की सुविधा को देखते हुए पलामू पुलिस ने 29 सितंबर से 3 अक्टूबर तक रूट चार्ट, बैरिकेटिंग और पार्किंग व्यवस्था लागू कर दी है. इस अवधि में शाम 4 बजे से लेकर अगले दिन सुबह 4 बजे तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा. शहर के छहमुहान, थाना रोड, चुड़ी घर के सामने, थाना गेट, लालकोठा कुआं, सत्तारसेठ चौक, डॉ. विश्वनाथ ओझा क्लिनिक, रेमंड शोरूम, इंजीनियरिंग रोड, धोबी मुहल्ला, साहित्य समाज चौक, बेलवाटिका चौक, हॉस्पिटल चौक, दुर्गाबाड़ी व अष्टभुजी मंदिर के पास बैरिकेटिंग की गई है. पार्किंग की व्यवस्था जिला स्कूल रोड, कांग्रेस भवन, थाना गेट, बैरिया चौक, काली मंदिर, गांधी मैदान, दुर्गाबाड़ी नदी किनारे, अष्टभुजी मंदिर रोड किनारे, होमगार्ड कार्यालय और कोयल नदी टेम्पू स्टैंड में की गई है. गढ़वा, रांची, पांकी और औरंगाबाद की ओर से आने वाले वाहनों के लिए मंगरदाहा घाटी, दुबियाखाड़, पोखराहा फोरलेन व पाटन मोड़ पर पड़ाव तय किया गया है. पुलिस प्रशासन ने आमजनों से सहयोग की अपील की है ताकि पर्व शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके.

पलामू डीसी के नाम से बना लिया फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट ठगी से बचने की अपील की

मेदिनीनगर । असामाजिक तत्वों ने पलामू उपायुक्त समीरा एस के नाम और तस्वीर का दुरुपयोग करते हुए एक फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बना लिया है. इस फर्जी अकाउंट से जिले के कई पदाधिकारियों और आम नागरिकों को मैसेज भेजे जा रहे हैं, जिनका मकसद लोगों को ठगी और धोखाधड़ी का शिकार बनाना है. जिला प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है. उपायुक्त समीरा एस ने स्वयं अपील जारी कर कहा है कि इस प्रकार के किसी भी व्हाट्सएप संदेश का जवाब न दें और तुरंत संबंधित नंबर को रिपोर्ट कर ब्लॉक करें. उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों से जुड़ी कोई भी सूचना केवल आधिकारिक चैनलों से ही दी जाती है.

वित्त मंत्री की पहल से बेलवाटिका से हटाई गई शराब की दुकान

मेदिनीनगर। बेलवाटिका चौक स्थित शराब दुकान को लेकर हुए विरोध और आंदोलन के बाद अब यह दुकान स्थानांतरित होकर स्टेशन रोड चला गया है. मुहल्लेवासियों की एकजुटता और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की पहल से यह संभव हो पाया. रविवार को मुहल्लेवासियों ने मंत्री से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया. इस आंदोलन में संजू सिंह, बबलू चावला, शर्मिला वर्मा, विवेक वर्मा, गुंजन अग्रवाल, कृष्ण प्रिया अग्रवाल, रागिनी वर्मा समेत कई लोगों की अहम भूमिका रही.

लातेहार में आज खुलेंगे दुर्गा पूजा पंडालों के पट, माता का आह्वान किया गया

शुभम संदेश। लातेहार

शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि 29 सितंबर को शहर के सभी दुर्गा पूजा पंडालों के पट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे. पूजा समितियों ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं. श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में बंगाल के मूर्तिकार किशोर राय द्वारा मां दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है. पूजा त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य में संपन्न कराई जाएगी. प्रमुख यजमान संजय कुमार गुड्डु और विनोद प्रजापति हैं.

राजा दुर्गा बाड़ी में भी भव्य पंडाल सजाया गया है, जहां पूजा सूर्यदेव उपाध्याय के सानिध्य में की जाएगी. सार्वजनिक काली मंदिर समिति की भी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और सप्तमी को कलश यात्रा निकाली जाएगी. प्रखंड, वन परिसर, नवयुवक संघ और नवरंग चौक में भी पूजा की तैयारियां पूरी हैं.

रेलवे कॉलनी में बंगाली परंपरा के अनुसार बंगाल से आए पुरोहितों द्वारा पूजा अर्चना संपन्न की जाएगी. करकट व होटवाग ग्राम में भी भव्य पंडाल और विद्युत सज्जा की गई है. सभी जगह माता का आह्वान शष्ठी तिथि को बेल वरण के माध्यम से किया गया. श्रद्धालु इस अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

डांडिया नाइट 2025: महिला सशक्तीकरण का सशक्त उदाहरण बना पलामू चैंबर लेडीज विंग का आयोजन

शुभम संदेश। मेदिनीनगर

पलामू चैंबर लेडीज विंग द्वारा आयोजित डांडिया नाइट 2025 का भव्य शुभारंभ शनिवार को हुआ, जिसमें अंजलि अरोड़ा ने अपने लोकप्रिय गीत ₹दिल पर चलाई छुरिया₹ से कार्यक्रम की शुरुआत कर माहौल को उत्साहित कर दिया. कार्यक्रम का उद्घाटन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, सांसद बीडी राम, पांकी विधायक शशिभूषण मेहता और मेदिनीनगर की प्रथम महिला महापौर अरुणा शंकर ने संयुक्त रूप से किया.

वित्त मंत्री किशोर ने इसे महिला सशक्तिकरण का अद्वितीय उदाहरण बताया, वहीं सांसद बीडी राम ने कहा कि डांडिया हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है. अरुणा शंकर ने कहा कि अगली बार यह आयोजन गुज महोत्सव की तर्ज पर कोयल महोत्सव के रूप में होगा. अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने कहा कि महापौर अरुणा शंकर ने महिलाओं को नेतृत्व का रास्ता दिखाया. प्रोजेक्ट चेयरमैन टीना आनंद ने बताया कि कार्यक्रम में महिला उत्पादों के प्रचार हेतु हुनर हाट लगाया गया. सचिव शिखा अग्रवाल व संध्या जायसवाल ने सभी का आभार जताया.

ड्रोन निगरानी के बीच मेदिनीनगर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

शुभम संदेश। मेदिनीनगर

दुर्गा पूजा-2025 को लेकर मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के नेतृत्व में यह मार्च शहर थाना परिसर से शुरू होकर बाजार क्षेत्र, बेलवाटिका, रेड़मा, बैरिया, विस्फोट, सुदना सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर किया गया. इसमें जिला बल, JAP और IRB के जवान बड़ी संख्या में मौजूद थे. इस दौरान आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए शांति और सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा मनाने की अपील की गई. पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निरंतर निगरानी की व्यवस्था की है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई हो सके. पलामू पुलिस ने सभी से शांति और भाईचारे के साथ पर्व मनाने तथा आपात स्थिति में डायल-112 पर संपर्क करने का आग्रह किया.

महुआडांड़ में प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने कराई जर्जर सड़क की मरम्मत

महुआडांड़ (लातेहार) । महुआडांड़ प्रखंड के फुलवार बगीचा मोहल्ला में कलभट से महादेव आम तक सड़क की जर्जर हालत को देखते हुए कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष अमीर सुहेल के नेतृत्व में सड़क की मरम्मत कराई गई. भारी बारिश के कारण सड़क पर बने गड्ढे और कीचड़ से ग्रामीणों को आने-जाने में काफी समस्या हो रही थी. इस समस्या को ध्यान में रखते हुए अमीर सुहेल ने इस मरम्मत कार्य का सफल आयोजन करवाया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली. अमीर सुहेल ने कहा कि जनता की सेवा कांग्रेस पार्टी का प्रथम कर्तव्य है और वे हमेशा ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए तत्पर रहेंगे. इस मरम्मत से अब आवागमन में काफी आसानी हुई है. अमानत अंसारी, अली अंसारी, नसरूल अंसारी, रूपम, संजय, शोभा देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने इस सराहनीय पहल के लिए कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष का आभार जताया. मौके पर हदीस अंसारी, नूरसाद अंसारी, बबलू अंसारी सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद थे.

महासंघ ने डीएसई के आदेश को बताया दमनकारी, मानदेय बंदी पर आंदोलन की चेतावनी

शुभम संदेश। लातेहार

बीआरपी-सीआरपी महासंघ, लातेहार ने जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) द्वारा जारी आदेश को दमनकारी बताते हुए कड़ा विरोध जताया है. डीएसई ने 27 सितंबर को पोषण वाटिका रिपोर्ट न भरने के कारण प्रखंड साधन सेवी (बीआरपी) व संकुल साधन सेवी (सीआरपी) का मानदेय बंद करने का आदेश जारी किया था. इस आदेश के बाद बीआरपी व सीआरपी कार्यकर्ता आक्रोशित हैं और उन्होंने मानदेय भुगतान की मांग को लेकर एकजुट होकर आवाज उठाई है.

महासंघ के जिला अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल एवं अन्य नेताओं ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 25 सितंबर को दुर्गा पूजा को लेकर अग्रिम भुगतान का निर्देश दिया गया, जबकि 27 सितंबर को डीएसई ने पोषण वाटिका रिपोर्ट न भरने के कारण बीआरपी-सीआरपी का मानदेय बंद करने का आदेश दिया. उन्होंने इसे विरोधाभासी बताया. विज्ञप्ति में कहा गया है कि बीआरपी-सीआरपी पूरी निष्ठा और मेहनत से अपने दायित्व निभाते हैं और जिले को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाए रखने में कोई कमी नहीं छोड़ते, फिर भी दुर्गा पूजा के दौरान मानदेय बंद होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है.

महासंघ ने कहा कि कई संकुल साधन सेवियों का मानदेय कई महीनों से बंद पड़ा है और डीएसई ने न तो कोई स्पष्टीकरण दिया और न ही किसी से संवाद किया. यह अचानक और अनुचित निर्णय है. उन्होंने यह भी बताया कि बीआरपी-सीआरपी की मेहनत के कारण ही मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार, इको क्लब नोटिफिकेशन, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रैंकिंग में राज्य में लातेहार अग्रणी है.

विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि डीएसई द्वारा मानदेय बंद करना शिक्षा विभाग की दमनकारी नीति है, जिसे महासंघ बर्दाश्त नहीं करेगा. यदि मानदेय जल्द जारी नहीं किया गया तो महासंघ सशक्त आंदोलन की चेतावनी देता है. इसके तहत बीआरपी-सीआरपी और अन्य संबंधित कार्यकर्ता अपने हक के लिए संघर्ष करेंगे और शिक्षा विभाग के इस कदम का कड़ा विरोध करेंगे.

लातेहार में हुई अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी, दो गिरफ्तार

शुभम संदेश। लातेहार

दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी के तहत अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक के नेतृत्व में स्टेशन रोड क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध शराब बरामद की गई. बरामद शराब को मौके पर ही विधिसम्मत तरीके से नष्ट किया गया. इस दौरान दो व्यक्तियों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार भी किया गया. उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी ने बताया कि मुरूप और बेसरा क्षेत्र में भी विशेष छापेमारी अभियान चलाकर अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है. उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार प्रशासन ने दुर्गा पूजा पर्व के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है. अनुमंडल पदाधिकारी ने साफ कहा कि अवैध शराब की बिक्री और सेवन सामाजिक बुराई होने के साथ-साथ त्योहार की पवित्रता और शांति व्यवस्था के लिए भी खतरा है. ऐसे कृत्यों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध शराब की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी. प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन या पुलिस को दें. जिला प्रशासन सतत छापेमारी और निगरानी अभियान जारी रखेगा ताकि दुर्गा पूजा शांति, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके. गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है और आने वाले दिनों में भी ऐसे प्रयासों को तेज किया जाएगा.

चतरा में नवमी को ट्रैफिक व्यवस्था सख्त, दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक, तीन अस्थायी पार्किंग स्थल बनाए गए

शुभम संदेश । चतरा

दुर्गा पूजा के दौरानचतरा जिला पुलिस प्रशासननेनवमी की रातको लेकर विशेष सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की घोषणा की है. प्रशासन ने महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुएबुधवार शाम 7 बजे से दोपहिया वाहनों के शहर में प्रवेश पर पूरी तरह रोकलगा दी है. यह फैसला भीड़ पर नियंत्रण, शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए लिया गया है.सप्तमी से ही बड़े वाहनों के शहर में प्रवेशपर भी रोक लगा दी गई है.

तीन अस्थायी पार्किंग स्थल बनाए गए : श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन नेतीन अस्थायी पार्किंग स्थलनिर्धारित किए हैंः

1. बाबा घाट मैदान
2. जवाहर नेहरू स्टेडियम
3. नगर भवन मैदान

इन पार्किंग स्थलों परसुरक्षा बलों की तैनातीकी जाएगी औरवाहनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रशासनकी होगी. पार्किंग स्थलों परबैरिकेडिंग और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्थाकी जाएगी ताकि श्रद्धालु निश्चिंत होकर परिवार संग पूजा पंडालों का आनंद ले सकें.

महिला सुरक्षा पर विशेष जोर : भीड़भाड़ को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील इलाकों और प्रमुख पूजा पंडालों के पासअतिरिक्त पुलिस बलतैनात किया जाएगा.महिला पुलिसकर्मियोंकी तैनाती भी की जाएगी ताकिमहिलाओं और युवतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो.

सीसीटीवी, बैरिकेडिंग और पैदल गश्त : शहर केमुख्य चौक-चौराहोंऔरभीड़-भाड़ वाले इलाकोंमेंसीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिएमुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंगकी जाएगी औरडायवर्जन योजनालागू होगी.पैदल गश्ती दलभी सक्रिय रहेगा ताकि कोई वाहन भीड़ के बीच प्रवेश न कर सके.

पूजा समितियों को भी निर्देश : प्रशासन ने पूजा समितियों को भी निर्देश दिया है कि वेस्वयंसेवकों की टीमतैयार रखें जो पुलिस के साथ मिलकर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें. प्रशासन को आशंका है किअसामाजिक तत्व भीड़ का फायदा उठाकर छेड़खानी जैसी घटनाएं कर सकते हैं, इसलिए यह विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है.

दंडाधिकारी रहेंगे तैनात : पूरे शहरी क्षेत्र मेंदंडाधिकारियों की तैनातीभी की जाएगी, ताकि स्थिति पर तत्काल नियंत्रण पाया जा सके.

आमजन से अपील : पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वेप्रशासन द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थलका ही उपयोग करें औरगली-मोहल्लों में वाहन खड़ा न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी. यह व्यवस्थाविजयादशमी तक लागूरहेगी, इसके बाद ट्रैफिक व्यवस्था सामान्य कर दी जाएगी.

पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी विपिन कुमारने कहा कि यह कदमश्रद्धालुओं की सुरक्षा और त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करानेके लिए उठाया गया है. उनका कहना है कि सभी श्रद्धालु बेफिक्र होकर अपने परिवार के साथ पंडालों का भ्रमण कर सकें, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है.शहर में पूजा पंडालों कीआकर्षक सजावट और रोशनीसे माहौल भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया है. प्रशासन और जनता मिलकर इस पर्व कोशांति, सुरक्षा और भाईचारेके साथ मनाने को तैयार है.

चतरा प्रशासन अलर्ट : दुर्गा पूजा में शांति और सौहार्द के लिए पुख्ता तैयारी

खुले पट, मां के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

शुभम संदेश । चतरा

नवरात्रि और दुर्गा पूजा के पावन अवसर को लेकर चतरा जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरती है. उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री और पुलिस अधीक्षक श्री सुमित कुमार अग्रवाल ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में जिला के सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की. इस बैठक में पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक में संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त चौकसी, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवा को प्रभावी बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया. उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनुमंडल और थाना स्तर पर पूजा समितियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें और समय से सभी तैयारियां पूरी करें. उन्होंने सभी से अपील की कि वे पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके. पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी. चतरा प्रशासन का यह प्रयास है कि दुर्गा पूजा पर्व पर सभी श्रद्धालु बिना किसी बाधा के सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में माता के दर्शन कर सकें.

रजरप्पा थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च कर दिया दशहरा में शांति का संदेश : रामगढ़ : चितरपुर में रजरप्पा थाना पुलिस ने दशहरा पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए फ्लैग मार्च निकाला. थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस जवानों और होमगार्ड महिलाओं ने रेलवे ओवरब्रिज से शुरू होकर बाजार टांड़, चट्टी बाजार, काली चौक और रजरप्पा मोड़ तक मार्च किया. थाना प्रभारी ने बताया कि असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा और सोशल मीडिया पर भी सख्त निगरानी रखी जा रही है. देर रात वाहनों की जांच भी जारी है. इस दौरान थाने के सभी पूजा पंडालों का निरीक्षण भी किया गया.

हंटरगंज में पुलिस का फ्लैग मार्च, : हंटरगंज (चतरा) । दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व के मद्देनजर हंटरगंज प्रखंड एवं वशिष्ठ नगर थाना पुलिस ने शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला. प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कच्छप, पुलिस इंस्पेक्टर पप्पु कुमार शर्मा, हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार और वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में यह मार्च हुआ. पुलिस टीम ने हंटरगंज, जोरी के मुख्य मार्गों, बाजार और संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया.थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि त्योहार के दौरान शांति भंग की किसी भी कोशिश को रोकने के लिए गश्त और चेकिंग बढ़ा दी गई है. उन्होंने आम जनता से प्रशासन का सहयोग करने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की. प्रखंडवासियों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण रूप से मनाने का भरोसा दिलाया.

दुर्गा पूजा के दौरान मालवाहक और भारी वाहनों का प्रवेश निषेध : चतरा अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम ने दुर्गा पूजा-2025 के दौरान 22 से 28 सितंबर तक रात्रि 10:30 बजे तक और 29 सितंबर से 3 अक्टूबर दोपहर 2 बजे तक सभी मालवाहक एवं भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है. आदेश के अनुसार, चतरा शहर और आसपास के बाजारों में पूजा के दौरान भारी भीड़ होती है, खासकर अष्टमी, नवमी और दशमी को. इस भीड़ और विसर्जन के समय मालवाहक वाहनों के आने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है. इसलिए सुरक्षा के मद्देनजर भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है.

सेवा भारती कोडरमा द्वारा कन्या पूजन समारोह संपन्न, 91 कन्याओं का किया गया पूजन : कोडरमा । नवरात्रि के पावन अवसर पर सेवा भारती, सेवा कोडरमा के तत्वावधान में झुमरी तिलैया के सीताराम ठाकुरबाड़ी, भालोठिया मोहल्ला मंदिर परिसर में भव्य कन्या पूजन समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर 91 कन्याओं का विधिवत पूजन कर आरती की गई. कार्यक्रम को सफल बनाने में सुभाष वर्णवाल, संजय वर्मा, रितेश माधव, विनोद वर्णवाल, सतेंद्र सिन्हा, राजेश गुप्ता एवं मुकेश कुमार शिवम सहित कई पदाधिकारियों का योगदान रहा.

आज से दुर्गा पूजनोत्सव, प्रशासन ने कसी कमर

जयनगर (कोडरमा) । प्रखंड में आज से भव्य दुर्गा पूजनोत्सव का शुभारंभ हो रहा है. श्रद्धालुओं में मां दुर्गा के दर्शन को लेकर खासा उत्साह है और पूजा समितियों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं. सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति परसाबाद, जयनगर समेत कई जगहों पर आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं, जो श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगे. प्रशासन ने भी सुरक्षा और विधि-व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए कड़े इंतजाम किए हैं. थाना पुलिस, क्यूआरटी टीम, होमगार्ड जवान और स्थानीय चौकीदार सहित सैकड़ों पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे.

चौपारण में फ्लैग मार्च एवं पंडाल निरीक्षण : चौपारण प्रखंड में शारदीय दुर्गा पूजा की सुरक्षा को लेकर रविवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला और पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. डीएसपी अजीत कुमार के नेतृत्व में इस अभियान में अंचलाधिकारी संजय यादव, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी सहित कई अधिकारी और जवान शामिल थे. पुलिस ने बसरिया सहित रामपुर, पाण्डेयबारा, सिंघरावां, बहेरा, मानगढ़, दैहर व चौपारण बाजार के पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन, बिजली कनेक्शन और भीड़ प्रबंधन पर खास ध्यान दिया.

श्री शारदीय दुर्गा पूजा महासमिति ग्वाल टोली चौक द्वारा नर नारायण सेवा का आयोजन : हजारीबाग में श्री शारदीय दुर्गा पूजा महासमिति ग्वाल टोली चौक के तत्वावधान में नवरात्र की षष्ठी तिथि को नर नारायण सेवा का आयोजन बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया. पूजा पंडाल परिसर में महासमिति के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम शुरू हुआ. इस सेवा कार्य में सैकड़ों जरूरतमंद महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए, जिन्हें भोजन के साथ वस्त्र और कंबल वितरित किए गए. महासमिति अध्यक्ष दीनानाथ यादवेंद्र ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल त्योहार नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का अवसर है. पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने नर नारायण सेवा को महासमिति की प्रमुख गतिविधि बताते हुए इसे समाज में समरसता का संदेश बताया.

चंदवारा में फ्लैग मार्च, शांति और सुरक्षा का दिया संदेश

चंदवारा (कोडरमा) । दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को चंदवारा पुलिस ने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला. डीएसपी रतिभान सिंह के नेतृत्व में पुराना थाना चौक से शुरू हुआ मार्च करोंजिया, ढाब थाम, भोंडो, पुरनाडीह, उरवां सहित अन्य क्षेत्रों में किया गया. थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार ने लोगों से अपील की कि वे दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं और अफवाहों पर ध्यान न दें. उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें. पुलिस ने सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा कड़ी कर दी है. इस दौरान अंचलाधिकारी अशोक कुमार भारती, माईका इंस्पेक्टर सुजीत कुमार, एसआई सुमन कुमार, विद्याभूषण राय, एएसआई दिलीप मंडल और पुलिस जवान भी मौजूद थे. पुलिस श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तत्पर है.

भव्य कलश यात्रा का विधायक ने किया उद्घाटन

जयनगर (कोडरमा) । ग्राम सांथ में आयोजित श्री श्री 108 ग्राम देव्यार्चन अनुष्ठान सह चंडी महायज्ञ की शुरुआत रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई. विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काटकर कलश यात्रा का उद्घाटन किया. सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा और धार्मिक झंडों के साथ शोभायात्रा निकाली. यात्रा बराकर नदी के उतरवाहिनी घाट पहुंची, जहां मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप पर स्थापित किया गया. विधायक यादव ने कहा कि ऐसे अनुष्ठान समाज में भाईचारे और एकजुटता को मजबूत करते हैं तथा सकारात्मक माहौल बनाते हैं. पूजा आचार्य बसंत शास्त्री महाराज एवं विष्णुकांत पांडेय के निर्देशन में हो रही है. कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जिप सदस्य देवनारायण यादव, मुखिया राजकुमार यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी मौजूद थे. महायज्ञ के सफल आयोजन में ग्रामीण सक्रिय रूप से भागीदारी कर रहे हैं.

समारोह में अशोक चौरसिया, विहिप के मनोज चंद्रवंशी, अजय वर्मा, योगाचार्य प्रदीप सुमन, सुषमा सुमन समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

रामगढ़ में पूजा पंडालों के पट खुले, मां कात्यायनी ने भक्तों को दिया आशीर्वाद : रामगढ़ के रजरप्पा, कोयलांचल, चितरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र के षष्ठी तिथि को विभिन्न पूजा पंडालों के पट खुल गए. पट खुलने के साथ ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ गई और मां दुर्गा ने सभी भक्तों को दर्शन देकर अपना आशीर्वाद दिया. लोग देर रात तक पूजा पंडालों में माता का दर्शन करते रहे. रजरप्पा आवासीय कॉलोनी में बने भव्य पंडाल का उद्घाटन बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी और रजरप्पा जीएम कल्याणजी प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया.

02 अक्टूबर को होगा रावण दहन समारोह : आगामी 2 अक्टूबर विजयादशमी के दिन रजरप्पा कॉलोनी मैदान में रावण दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा. लगभग 45 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व विधायक सुनीता चौधरी और जिप अध्यक्ष सुधा देवी संयुक्त रूप से करेंगे. आयोजन समिति के सचिव गजेंद्र चौधरी ने इस बात की जानकारी दी.

नवरात्र में प्रधान कैफेटेरिया में भव्य रंगीलो रास डांडिया नाइट का आयोजन : हजारीबाग । नवरात्र के पावन अवसर पर हजारीबाग के प्रधान कैफेटेरिया एवं वैभवी बैंक्वेट हॉल में भव्य रंगीलो रास डांडिया नाइट कार्यक्रम आयोजित किया गया. परिसर को आकर्षक लाइटिंग और रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया, जो पूरे आयोजन का केंद्र बना. पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर आए महिला, पुरुष, युवक-युवतियों ने उत्साह से गरबा और डांडिया का आनंद लिया. कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की पूजा-अर्चना से हुई, उसके बाद डॉ प्रदीप कुमार प्रधान एवं डॉ जयदीप सान्याल ने दीप प्रज्ज्वलित कर इसे विधिवत शुरू किया.

सदर अनुमंडल में निषेधाज्ञा लागू, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए सख्त नियम : हजारीबाग । दुर्गापूजा एवं दशहरा पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए सदर अनुमंडल में 28 सितंबर से 4 अक्टूबर 2025 तक निषेधाज्ञा लागू की गई है. उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अनुमंडल दंडाधिकारी श्री बैद्यनाथ कामती ने भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के तहत यह आदेश जारी किया है.

अवैध हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार, गैंगस्टर अमन साव गिरोह से जुड़ा अभिषेक आनंद भी दबोचा गया

शुभम संदेश। टंडवा (चतरा)

टंडवा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुएअवैध हथियारों के साथ तीन अपराधियों को रंगेहाथ गिरफ्तारकिया है. यह कार्रवाईपुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवालके निर्देश पर की गई. पुलिस को इन तीनों पर किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की योजना की सूचना मिली थी.

पुलिस ने बताया किशुक्रवार रात 9 बजे, बसरिया के समीप मगध-संघमित्रा बाइपास रोडपर वाहनों कीगहन तलाशी अभियानके दौरानएक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकोंको पकड़ा गया. गिरफ्तार आरोपियों में गौतम कुमार (26), निवासी बभने, हजारीबाग, पुरुषोत्तम कुमार (35), निवासी डेमोटांड़, अभिषेक आनंद, वर्तमान में पंचशील कॉलोनी, टंडवा में रह रहा है, शामिल हैं. इनके पास सेएक पिस्टल, एक जिंदा गोली और मोबाइल फोनबरामद किए गए हैं.पुलिस के अनुसार, अभिषेक आनंदवही शख्स है जो20 सितंबर को एनटीपीसी टंडवा के एश पाउंड क्षेत्र में गोलीबारी की घटनामें शामिल था. उस घटना कोगैंगस्टर अमन साव गिरोहके नाम पर अंजाम दिया गया था.प्राथमिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी क्षेत्र मेंव्यवसायियों के बीच दहशत फैलाने और नई आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजनाबना रहे थे. हालांकि अब तक किसी कारोबारी द्वारा धमकी या लेवी की शिकायत पुलिस को नहीं मिली है.पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैऔर पूरे मामले कीगहनता से जांच-पड़तालजारी है.इस कार्रवाई मेंएसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, थाना प्रभारी अनिल उरांव, पुअनि दिलेश्वर कुमार, पुअनि अमित कुमार, पुअनि सुनील सिंहएवंथाना रिजर्व गार्डकी टीम शामिल थी. पुलिस की तत्परता से एक बड़ी आपराधिक साजिश नाकाम हो गई, जिससे क्षेत्र मेंकानून-व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाए रखनेमें मदद मिली है.

सीआईएसएफ का रक्तदान शिविर

कोडरमा । सेवा सप्ताह पखवाड़ा के अंतर्गत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ कोडरमा के सहयोग से केटीपीएस बांझेडीह में रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया. इस शिविर में 30 जवानों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान कर 30 यूनिट रक्त संग्रहित किया. कार्यक्रम में केटीपीएस के महाप्रबंधक मनोज कुमार ठाकुर, सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट दीपेंद्र सिंह, सहायक कमांडेंट कुलदीप कुमार कुकरेती, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत कुमार बरनवाल, सचिव गौतम पाल तथा प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा प्रमुख रूप से मौजूद थे.महाप्रबंधक ठाकुर ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है. डिप्टी कमांडेंट दीपेंद्र सिंह ने जवानों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया और महिला जवानों के योगदान की विशेष सराहना की.

एक नजर

कांग्रेसियों ने हजारीबाग में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती मनाई, दी श्रद्धांजलि

हजारीबाग । जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई. कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया. जिला उपाध्यक्ष निसार ने कहा कि भगत सिंह बचपन से अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ थे. प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा ने भगत सिंह द्वारा हिन्दुस्तान समाजवादी प्रजातंत्र संघ की स्थापना और असेंबली बम कांड का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू ने हंसते हुए फांसी स्वीकार कर अमरता प्राप्त की. इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी राजू चौरसिया, मिथिलेश दुबे, संजय तिवारी, नगर अध्यक्ष परवेज अहमद, एससी सेल अध्यक्ष मुकेश पासवान, सेवादल अध्यक्ष गुड्डू सिंह सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे. सभी ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके बलिदान को याद किया.

हजारीबाग : सात दिवसीय योग-ध्यान शिविर में स्वदेशी अपनाने और नशा मुक्त भारत का संकल्प

हजारीबाग । दि आर्ट ऑफ लिविंग हजारीबाग इकाई द्वारा पी टी सी चौक पर लॉक अप रेस्टोरेंट में सात दिवसीय योग-ध्यान शिविर संपन्न हुआ. प्रतिदिन सुबह साढ़े छह से आठ बजे तक आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया.参加कर्ताओं ने बताया कि इस कार्यक्रम से शरीर में स्फूर्ति और तनाव मुक्त महसूस हो रहा है.शिविर में 'हर घर ध्यान', 'नशामुक्त भारत अभियान', 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' और स्वदेशी अपनाने जैसे कार्यक्रम शामिल थे. समापन अवसर पर सभी ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर देश को आत्मनिर्भर बनाने और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया.कार्यक्रम में निशांत कुमार सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, रौनक ग्रोवर, श्वेता कुमारी समेत अनेक सहयोगी मौजूद थे. इसका संयोजन जिला शिक्षक समन्वयक तारकेश्वर सोनी ने किया. यह शिविर स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता का बेहतरीन उदाहरण रहा.

चलनिया में पटेल फ्यूल्स पेट्रोल पंप का उद्घाटन

हजारीबाग । जिले के विष्णुगढ़–बगोदर मुख्य पथ स्थित चलनिया में रविवार को "पटेल फ्यूल्स" पेट्रोल पंप का भव्य उद्घाटन हुआ. मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्रीमती कल्पना मुर्मु सोरेन ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. विधायक ने कहा कि दूरदराज के क्षेत्रों में पेट्रोल पंप खुलने से स्थानीय लोगों को सुविधा होगी और समय व धन की बचत होगी. उन्होंने संचालक डॉ. गीता मेहता और गौरव पटेल को शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बेबी देवी, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिलाध्यक्ष संजीव बेदिया समेत कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे. उद्घाटन से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर देखी गई. यह पेट्रोल पंप स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगा.

विष्णुगढ़ व बनासो में बैटरी इलेक्ट्रिक स्कूटी 'आईकोया' कंपनी के नए शोरूम का उद्घाटन

विष्णुगढ़ । थाना के समीप और बनासो में शनिवार को बैटरी इलेक्ट्रिक स्कूटी 'आईकोया' कंपनी के नए शोरूम का उद्घाटन मांडू के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने फीता काटकर किया. विधायक पटेल ने कहा कि विष्णुगढ़ तेजी से विकसित हो रहा है और अब यहां स्थानीय लोगों को ब्रांडेड सामान वाजिब दामों पर उपलब्ध होगा, जिससे उन्हें हजारीबाग तक जाना नहीं पड़ेगा. शोरूम संचालक कृष्णा कुमार ने बताया कि यहां आईकोया कंपनी की मजबूत और किफायती स्कूटी 35 से 37 हजार रुपये में उपलब्ध हैं. उद्घाटन समारोह में गुरु प्रसाद साव, हीरामन महतो, प्रेम मंडल, तलकेश्वर महतो, बासुदेव महतो, मुखिया संघ के अध्यक्ष उत्तीम महतो समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. यह शोरूम क्षेत्र के लिए लाभकारी साबित होगा.

चतरा : सरकारी स्कूल में चोरी करते नाबालिग को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस के हवाले किया

चतरा । जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोसाइडीह में शनिवार रात चोरों ने चोरी की कोशिश की. पूजा पंडाल सजाने व्यस्त युवकों ने स्कूल में आहट सुनी तो ग्रामीणों को सूचना दी. ग्रामीण स्कूल पहुंचे तो पता चला कि स्मार्ट क्लास के ग्रिल का ताला तोड़ा गया है. ग्रामीणों ने एक नाबालिक चोर को पकड़ लिया, जबकि दूसरा भाग गया. नाबालिक के पास से आरी ब्लेड और रड़ बरामद हुई. आरोपी बिहार के गया जिले के बहेरा थाना क्षेत्र का बताया गया है. पुलिस ने नाबालिक को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है.

भूमि घोटाला मामले में आइएएस अधिकारी विनय सिंह के शोरूम पर एसीबी की छापेमारी

हजारीबाग । भूमि घोटाला मामले में निलंबित आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के करीबी विनय सिंह के गाड़ी शोरूम पर एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी छापेमारी की है. एसीबी की टीम ने डेमोटांड़ स्थित उनके ऑटोमोबाइल शोरूम में लगभग छह घंटे तक छानबीन की. इस दौरान कर्मियों से पूछताछ की गई और पूरे परिसर को सुरक्षा घेरे में बंद कर दिया गया. किसी को भी अंदर आने की अनुमति नहीं मिली. छापेमारी के बाद कोई भी अधिकारी या कर्मचारी पूछताछ के विषय में जानकारी नहीं दे सका. विनय सिंह को भूमि घोटाला मामले में रांची से गिरफ्तार किया गया था और वे वर्तमान में लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं. आरोप है कि उन्होंने सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर खास महल क्षेत्र की जमीन की अवैध जमाबंदी कराई. मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीबी ने हजारीबाग थाना में कांड संख्या 11/25 दर्ज किया है. विनय सिंह रांची के आनंदपुर इलाके में रहते हैं और निलंबित आइएएस विनय कुमार चौबे के करीबी बताए जाते हैं. एसीबी के मुताबिक, वर्ष 2013 में उपायुक्त कार्यालय ने पांच प्लाट की अवैध जमाबंदी रद्द की थी, लेकिन राजस्व विभाग ने उसे सही ठहराया था. मामले की जांच अभी जारी है.

पगमिल में थायरोकेयर कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ आधी कीमत पर आधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध

हजारीबाग । पगमिल रोड पर थायरोकेयर कलेक्शन सेंटर की पगमिल शाखा का भव्य उद्घाटन हुआ. कांग्रेस नगर अध्यक्ष परवेज़ अहमद ने फीता काटकर इसे शुरू किया. सेंटर में थाइरॉइड, लिपिड, लीवर, किडनी, डायबिटीज आदि जांचें अब 50% छूट पर उपलब्ध होंगी. हर रविवार ₹एवरी संडे हेल्थ कैंप₹ आयोजित होगा, जहां ब्लड शुगर 20, विटामिन डी 299, टीएसएच 99 जैसी जांच सस्ते दामों में होंगी. संचालक ग़ालिब रज़ा ने बताया कि यह सुविधा आम जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाएगी.

शुभम संदेश
रांची, सोमवार 29 सितंबर, 2025

षष्ठी से आरंभ हुई मां दुर्गा की पूजा, नेत्रदान के साथ आज खुलेंगे पट

शुभम संदेश। गुमला

शारदीय नवरात्र की शुरुआत के साथ गुमला जिले में मां दुर्गा की आराधना का पावन क्रम षष्ठयादि कल्पारंभ पूजा और संकल्प अनुष्ठान से विधिवत आरंभ हो गया है. रविवार को पूजा पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चारण और 'सर्वमंगल मांगल्ये...' जैसे श्लोकों के बीच यजमानों ने मां दुर्गा की पूजा का संकल्प लिया और पुरोहितों को अंगवस्त्र प्रदान कर पूजा की विधि प्रारंभ करवाई. सोमवार को नेत्रदान अनुष्ठान के साथ मां दुर्गा के पट आम श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजन के लिए खोल दिए जाएंगे. पूरे गुमला शहर और ग्रामीण अंचलों में भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिल रहा है. रविवार को भक्तों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ कर मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की और अपने परिवार, समाज और राज्य के सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की. पूजा पंडालों में मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है. पंडालों की सजावट का कार्य युद्धस्तर पर जारी है. संपूर्ण परिसर दूधिया और रंगीन रोशनी से जगमगा रहा है, जिससे शहर का माहौल पूरी तरह भक्ति में सराबोर हो गया है. उर्मी अरमई डुमरडीह पूजा समिति, गुमला की ओर से पूजन कार्य आचार्य शिवराज पांडेय, सुधीर पांडेय, सुशील पांडेय, प्रशांत पांडेय और महेश्वर दास के नेतृत्व में संपन्न हो रहा है. समिति के अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद साहू, सचिव संदीप कुमार साहू, विकास कुमार सिंह, शुभम कुमार, ऋषभ कुमार आदि ने पूजा में सक्रिय भागीदारी निभाई.

पूजा समिति के संस्थापक सचिव रामेश्वर लाल ने जानकारी दी कि यह 33वां दुर्गा पूजा वर्ष है और जनजातीय क्षेत्र होने के कारण यहां पूजा का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है. अष्टमी के दिन गांव-गांव से भारी संख्या में महिलाएं पूजा में शामिल होती हैं और माता से मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करती हैं. गुमला और आसपास के इलाकों में दुर्गा पूजा श्रद्धा, भक्ति और परंपरा के गहरे भावों के साथ आरंभ हो गया है, और भक्तजन मां दुर्गा के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं.

भगत सिंह की 118वीं जयंती पर नौजवानों ने किया माल्यार्पण

विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

मेदिनीनगर। शहीदे-आज़म भगत सिंह की 118वीं जयंती पर मेदिनीनगर के नौजवानों के दल और इप्टा (भारतीय जन नाट्य संघ) के रंगकर्मियों ने भावपूर्ण माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. रेडमा चौक से गाजे-बाजे और नारों के साथ मार्च करते हुए युवाओं ने भगत सिंह चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. ₹इंकलाब जिंदाबाद₹ और ₹भगत सिंह अमर रहें₹ के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया.इस अवसर पर प्रेम प्रकाश, शिवशंकर प्रसाद और सोनू समेत कई वक्ताओं ने भगत सिंह के विचारों को आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक बताया. उन्होंने कहा कि नौजवानों को पढ़ाई के साथ अपने हक की लड़ाई लड़नी चाहिए. दल में कई सामाजिक कार्यकर्ता और रंगकर्मी शामिल रहे. सभी ने भगत सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया.

जन समस्याओं के समाधान को लेकर प्रतिबद्ध हूं: सुखदेव भगत

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

शुभम संदेश। लोहरदगा

लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिशनपुर, मांडर, मसमानो, बयासी, मनहो, टाकू सहित कई गांवों के ग्रामीण रविवार को सांसद सुखदेव भगत के आवास पर पहुंचे और अपने क्षेत्र की सड़क, पुल, सरनाघेराव, धूमकुड़िया भवन निर्माण, ट्रांसफार्मर, मैदान समतलीकरण और पेंशन से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया.

ग्रामीणों ने बताया कि इन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. इस पर सांसद ने भरोसा दिलाया कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे.

सांसद सुखदेव भगत ने कहा, ₹जनता ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसे निभाना मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है. मैंने अपने संसदीय क्षेत्र की समस्याओं को संसद में मजबूती से उठाया है और अब समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने बताया कि सितंबर माह में दर्जनों जले हुए ट्रांसफार्मरों को बदलकर नए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, जिससे हजारों लोगों को राहत मिली है. उन्होंने आगे कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सभी मांगों का जल्द समाधान किया जाएगा, खासकर बिजली, सड़क, पेंशन और सामुदायिक भवन जैसे मामलों में तेजी लाई जा रही है.

इस दौरान सांसद ने मौके पर ही कई ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल निराकरण भी किया, जिससे लोगों में संतोष देखने को मिला. उन्होंने आश्वस्त किया कि बाकी समस्याओं का समाधान चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा.

ग्रामीणों ने सांसद के प्रति आभार जताते हुए कहा कि लंबे समय बाद उन्हें ऐसा जनप्रतिनिधि मिला है जो जमीनी स्तर पर काम कर रहा है और आम जनता की आवाज़ को दिल्ली तक पहुंचा रहा है.

मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिलाएं, समाजसेवी और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे.

पूजा में शांति व सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी से मिले गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि

शुभम संदेश। गुमला

गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल रविवार को सदर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली से मिला. बैठक में आगामी दशहरा, दिवाली, छठ और चल रही दुर्गा पूजा पर्व के मद्देनजर शहर में विधि व्यवस्था, शांति और सुरक्षा बनाए रखने पर चर्चा हुई. प्रतिनिधि मंडल ने विशेष रूप से दुर्गा पूजा व दशहरा मेले के दौरान भीड़ और यातायात प्रबंधन को दुरुस्त रखने की मांग की. थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने आश्वासन दिया कि पर्व-त्योहार के दौरान कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी. उन्होंने चेंबर के सदस्यों और पूजा समिति के बीच समन्वय बनाए रखने का भी आग्रह किया ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके. बैठक में चेंबर अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, सचिव बबलू वर्मा, प्रतीक अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल और हिमांशु केसरी भी उपस्थित थे. यह पहल शहर में त्योहारों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

इटकी में बेलवरण पूजा के साथ शुरू हुई दुर्गा पूजा की चहल-पहल

इटकी। रविवार को बेलवरण पूजा के साथ दुर्गा पूजा का शुभारंभ हो गया. क्षेत्र के सभी पूजा स्थलों में भक्तों की चहल-पहल शुरू हो गई है. पूजा स्थल पर स्थापित सभी प्रतिमाओं का पट आज खुलेगा. इससे पूर्व मां दुर्गा के नवपत्रिका स्वरूप को डोली में बैठाकर तालाब से पूजा स्थलों तक लाया जाएगा, जो भक्तों के लिए एक खास धार्मिक अनुष्ठान है. बेलवरण पूजा पारंपरिक रीति-रिवाज से मनाई गई, जिसमें जमींदार के वंशज लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव और लाल गौरव नाथ शाहदेव ने पूजा में भाग लिया. पंडित शत्रुघ्न पांडे ने बताया कि बेलवरण पूजा में बेल वृक्ष के नीचे मां भगवती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई और मां को पूजा अनुष्ठान में आने का निमंत्रण भेजा गया. इस मौके पर बिनोद सिन्हा, राजेश केशरी, जगदीश गोप, आलोक केशरी, लक्ष्मी केशरी, प्रदीप गोप, दीपक कुमार, नवीन केशरी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे. उन्होंने पूजा आयोजन में सहयोग और श्रद्धा के साथ भागीदारी की. इस धार्मिक आयोजन से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है और लोग मां दुर्गा की पूजा-अर्चना को लेकर विशेष रूप से उत्साहित हैं.

कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट ने किया लोहरदगा की प्रतिभाओं का सम्मान

शुभम संदेश। लोहरदगा

कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट ने आनंद सरस्वती बाल निकेतन पावरगंज में रविवार को भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया. इस अवसर पर दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ समाज के भूतपूर्व और वर्तमान अधिकारी, शिक्षक, कलाकार, मूर्तिकार और पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति, संरक्षक विनोद प्रसाद और अन्य गणमान्यों ने दीप प्रज्वलित कर की. मुख्य अतिथि युवा कवि चंदन प्रजापति ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की रीढ़ है और यह सम्मान समारोह प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ाने के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा. जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने बताया कि ट्रस्ट पिछले दस वर्षों से ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रहा है और शैक्षणिक, सामाजिक व कला क्षेत्र में निरंतर योगदान दे रहा है. संरक्षक विनोद प्रसाद और सहायक अभियंता सूरज कुमार ने इस पहल की सराहना की. समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक और ट्रस्ट सदस्य मौजूद थे.

विजयादशमी पर लोहरदगा में रावण दहन व आतिशबाजी भी

- ड्रोन व सीसीटीवी से पूजा पंडालों के आसपासा होगी निगरानी
- केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने किया पुरस्कारों का लोकार्पण, सर्वश्रेष्ठ पंडालों को मिलेगा सम्मान

शुभम संदेश। लोहरदगा

केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति द्वारा गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विजयादशमी पर्व के मौके पर होने वाले रावण दहन सह मेला की तैयारियों की जानकारी दी गई. इस दौरान पूजा पंडालों को मिलने वाले पुरस्कारों का भी लोकार्पण किया गया.

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष संतोष लकड़ा ने की. उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को विजयादशमी के मौके पर एक बार फिर लोहरदगा में भव्य रावण दहन और मेला का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के विशालकाय पुतलों का दहन किया जाएगा, जबकि आकर्षक आतिशबाजी लोगों का मुख्य आकर्षण होगी.

सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, जिसमें सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी. मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है. साथ ही प्रशासनिक व्यवस्था, सांस्कृतिक मंच, दुकानों की सज्जा, पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ खोड़हा दलों की भागीदारी जैसी कई तैयारियों पर कार्य जारी है.

पूजा समितियों द्वारा सजाए गए सर्वश्रेष्ठ पंडाल और विद्युत सज्जा के लिए पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है. समिति ने कहा कि यह सम्मान पूजा समितियों को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करेगा.

अध्यक्ष लकड़ा ने अभिभावकों से अपील की कि भीड़-भाड़ को देखते हुए वे अपने बच्चों की जेब में नाम, पता और मोबाइल नंबर की पर्ची अवश्य रखें, ताकि कोई बच्चा गुम हो तो उसे जल्द परिजनों से मिलाया जा सके.

रावण दहन सह मेला कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और विभिन्न धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे.

मौके पर महामंत्री मिथुन तमेडा, कोषाध्यक्ष रवि वर्मा, उदय दत्ता, विपुल तमेडा, सुशील भगत, राजकुमार साहू, दीपक वर्मा और अनुभव कांस्याकार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे.

महेशमति पैलेस थीम पर सजेगा साइडिंग दुर्गा पूजा समिति पंडाल बाहुबली फिल्म से ली गई प्रेरणा

लोहरदगा। साइडिंग पावरगंज में माँ अम्बे दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष दुर्गा पूजा को भव्यता की नई ऊंचाई पर ले जाने की तैयारी में है. समिति द्वारा इस बार पूजा पंडाल को फिल्म 'बाहुबली' के महेशमति पैलेस की थीम पर तैयार किया जा रहा है. समिति अध्यक्ष आकाश पटनायक ने बताया कि पंडाल निर्माण का कार्य तेज़ी से चल रहा है, जिसमें कला निर्देशक गौतम चंदा और निखिल शर्मा के मार्गदर्शन में कलाकार दिन-रात जुटे हैं. पूजा समिति की स्थापना वर्ष 1992 में क्षेत्र के वरिष्ठ जनों के नेतृत्व में हुई थी, और तब से लगातार 33 वर्षों से यह पूजा क्षेत्र में भव्यता और परंपरा का प्रतीक रही है.

झाड़ियों से मिला अज्ञात युवक का शव

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के टोटो बीट अंतर्गत कोटाम चुहरु स्थित खकसी टोंगरी के झाड़ियों में शनिवार की शाम एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया. युवक की उम्र लगभग 35 वर्ष के आसपास बताई जा रही है. शव मिलने की सूचना पर टोटो बीट के एसआई मो. गफार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पहचान की कोशिश की गई.

दर्जनों पूजा पंडालों के उद्घाटन में शामिल हुए अमरप्रीत सिंह काले, बोले

घर के बड़े बुजुर्ग अगर हमसे दुखी हों, तो कोई पूजा-अनुष्ठान सफल नहीं हो सकता

- नशामुक्ति, शिक्षा व सामाजिक कार्यों में पूजा समितियांलासकतीहैं क्रांतिकारी बदलाव

शुभमसंदेश। जमशेदपुर

नवरात्रि के पावन अवसर पर जमशेदपुरशहर सहितपूरेराज्यमें दुर्गा पूजा उत्साह के साथ मनाई जा रही है. झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने आदित्यपुर, एग्रिको, बारीडीह, भालूबासा, सिदगोड़ा, भुइंयाडीह सहित दर्जनों पूजा पंडालों के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर राज्य व देश के लोगों की सुख-समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की.

काले ने पंडालों का अवलोकन कर पूजा समितियों और स्थानीय नागरिकों को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने समितियों से आग्रह किया कि धार्मिक उत्सव को केवल आस्था तक सीमित न रखें, बल्कि नशामुक्ति, शिक्षा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं,ताकि यह पर्व सामाजिक उत्थान का भी आधार बने. उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में एकता, संस्कृति और जिम्मेदारी का प्रतीक है, जो सकारात्मक बदलाव और नई प्रेरणा देने का माध्यम बन सकती है.

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस पर रातू में पथ संचलन का आयोजन

संघ के 200 स्वयंसेवकों ने लिया हिस्सा

शुभम संदेश। रातू (रांची)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को रातू नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया. यह संचलन काठीटांड़ चौक से शुरू होकर पिर्रा, गोविंद नगर, ललित ग्राम, एतवार बाजार होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर, काठीटांड़ प्रांगण तक पहुंचा. पथ संचलन के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया. संचलन के बाद सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सुभाषित, अमृत वचन गीत, राष्ट्र के प्रति समर्पण और संघ के संस्कारों को लेकर विचार प्रस्तुत किए गए. कार्यक्रम में लगभग 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया. मुख्य वक्ता रांची विभाग प्रचारक मंटू जी ने संघ की स्थापना, उसके उद्देश्यों और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने आगामी योजनाओं और कार्यों की भी जानकारी दी. कार्यक्रम में रांची विभाग के संचालक सिद्धनाथ जी, विश्व हिंदू परिषद एवं भाजपा हिंदू जागरण मंच से रोबिन कुमार, अजय तिवारी, मृत्युंजय शर्मा, परमेश्वर गोप, अजय कुमार, हरीश कुमार, प्रकाश कुमार, हजारी प्रसाद, सुनील साहू, प्रमोद कुमार, दीपक कुमार, उमंग कुमार और सौरभ कुमार समेत कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे. स्थानीय नागरिकों ने भी इस अनुशासित और प्रेरणादायी कार्यक्रम की सराहना की.

दुर्गा पूजा पर हजारीबाग प्रशासन अलर्ट

उपायुक्त और एसपी ने सड़क पर उतरकर किया पंडालों का निरीक्षण

हजारीबाग। रविवार देर शाम दुर्गा पूजा को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और मुस्तैद नजर आया. इस बार जिला प्रशासन ने सुरक्षा और जनता की सुविधा को लेकर अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाई. पहली बार हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन खुद मोटरसाइकिल लेकर सड़कों पर उतरे और विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. इस दौरान वे पुलिस की रक्षक टीम के साथ मौजूद थे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. उपायुक्त और एसपी का यह असाधारण प्रयास खासतौर पर चर्चा का विषय बना है. स्थानीय लोग प्रशासन की इस पहल की खूब सराहना कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इससे पहले कभी प्रशासनिक अधिकारियों ने ऐसा सीधे मैदान में उतरकर निरीक्षण नहीं किया था. इससे लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है.

एक नजर

राहे में झारखंड राज्य किसान सभा ने मनाई शहीद भगतसिंह जयंती

राहे। भगत सिंह चौक पर झारखंड राज्य किसान सभा के तत्वावधान में शहीद भगतसिंह जयंती मनाई गई. कार्यक्रम में भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने मुख्य भाषण में भगत सिंह की जीवनी और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि भगत सिंह के मार्ग पर चलकर भ्रष्टाचार, लूट-खसोट और साम्राज्यवाद को समाप्त किया जा सकता है. उन्होंने अमेरिकी कृषि उत्पादों के विरोध में मोदी सरकार पर भी निशाना साधा.

ट्रैक्टर लेकर उड़न-छू हुआ मजदूर, यूपी पुलिस ने गुमला में छापा मारा

गुमला। उत्तर प्रदेश के एक ईंट भट्ठा में काम कर रहा गुमला का मजदूर सुकरा, जो ट्रैक्टर चलाता था, अपने ही मालिक का ट्रैक्टर लेकर अचानक उड़न-छू हो गया. यह घटना चार दिन पहले की बताई जा रही है. भट्ठा मालिक अखिलेश राय ने स्थानीय करीमुद्दीनपुर थाना (गाजीपुर, यूपी) में ट्रैक्टर चोरी की शिकायत दर्ज कराई. पुलिस और भट्ठा मालिक ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर ट्रैक्टर चोर सुकरा का पता लगाने के लिए छानबीन शुरू की. यूपी पुलिस आरोपी की तलाश में गुमला पहुंची है और गुमला पुलिस के सहयोग से उसकी खोज जारी है. आरोपी का गुमला जिला के बरगांव प्रखंड से संबंध है.

आरएसएस स्वयंसेवक मनाएंगे राष्ट्रनिर्माण का शताब्दी वर्ष

सोनाहातू। राष्ट्रनिर्माण के 100 वर्ष पूरे होने के उत्साह में रविवार को आरएसएस कार्यकर्ताओं ने पथ संचलन किया. मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक ठाकुर प्रसाद ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी एकता बनाए रखकर सामाजिक बुराइयों को दूर करना आवश्यक है. उन्होंने बताया कि "भगवान" शब्द पांच तत्व—भूमि, गगन, वायु, अग्नि और नीर से बना है, जो सृष्टि का आधार हैं. मानव सभी जीवों में श्रेष्ठ है, इसलिए द्वेष भाव नहीं रखना चाहिए.

मंथन

रैलियों में भीड़ प्रबंधन की अनदेखी का खामियाजा

तमिलनाडु के करूर में विजय की चुनावी रैली के दौरान हुई भगदड़ ने एक बार फिर राजनीतिक आयोजनों में सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की खामियों को उजागर कर दिया है. 31 निर्दोष लोगों की जान चली गई, जिनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं. यह केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि हमारे राजनीतिक तंत्र की लापरवाही का प्रमाण है. चुनावी मौसम में नेताओं की रैलियां अक्सर शक्ति प्रदर्शन का मंच बन जाती हैं. भारी भीड़ जुटाना सफलता का पैमाना माना जाता है, परंतु ऐसी भीड़ को नियंत्रित करने व सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी अक्सर नजरअंदाज कर दी जाती है. करूर की घटना में भीड़ का दबाव, गर्मी, पानी की कमी और निकासी व्यवस्था का अभाव ही त्रासदी का कारण बने. एंबुलेंस के लिए रास्ता साफ न होना इस लापरवाही को और स्पष्ट करता है. विजय ने खुद स्थिति को संभालने की कोशिश की, भाषण रोका और लोगों को पानी पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक राजनीतिक दल और प्रशासनिक तंत्र पूर्व-तैयारी नहीं करेंगे, तब तक ऐसी कोशिशें देर से उठाए गए कदम ही साबित होंगी. अब समय आ गया है कि चुनाव आयोग और राज्य सरकारें मिलकर रैलियों के लिए सख्त प्रोटोकॉल बनाएं. भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं, सुरक्षित निकासी मार्ग और भीड़ सीमा का पालन अनिवार्य होना चाहिए. दलों को भीड़ जुटाने की होड़ से ऊपर उठकर मानव जीवन की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी. करूर की त्रासदी तमिलनाडु ही नहीं, पूरे देश के लिए चेतावनी है. लोकतंत्र की ताकत जनता है, और यदि उसे सुरक्षित माहौल नहीं मिलेगा तो यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर धब्बा है. जनता की जान से बड़ी कोई राजनीति नहीं हो सकती.

नजरिया

लातेहार पुलिस की सतर्कता से संगठित अपराध पर चोट

लातेहार पुलिस ने जिस तरह संगठित आपराधिक गिरोह का भंडाफोड़ कर छह अपराधियों को हथियार और लूट की रकम के साथ पकड़ा है, वह कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में सराहनीय कदम है. बारियातु थाना क्षेत्र में अपराधियों की सक्रियता लंबे समय से चिंता का विषय रही है. यदि पुलिस समय रहते कार्रवाई न करती, तो यह गिरोह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देता और निर्दोष लोग शिकार बनते. पुलिस की सफलता केवल एक गिरोह की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संकेत भी है कि राज्य में सक्रिय अपराधी गिरोह नक्सली छाया में काम करते हुए लेवी वसूलने और मजदूरों को आतंकित करने की रणनीति अपनाते रहे हैं. मजदूरों से मोबाइल छीनना और ठेकेदारों से वसूली न केवल आर्थिक अपराध है, बल्कि विकास कार्यों में बाधा भी है. ऐसे गिरोह लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनजीवन के लिए गंभीर चुनौती हैं. हालांकि, यह भी सच है कि आदेश गंझू जैसे अपराधी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं. ऐसे में जरूरी है कि पुलिस और खुफिया तंत्र और अधिक सक्रिय होकर न केवल इन गिरोहों के सरगना को पकड़े, बल्कि उनके नेटवर्क को ध्वस्त करे. यह कार्रवाई जनता में विश्वास जगाती है कि कानून का राज है. लेकिन स्थायी समाधान तभी संभव है जब शासन अपराध और उग्रवाद के बीच के संबंधों को तोड़े, विकास कार्यों को निर्बाध गति से आगे बढ़ाए. लातेहार पुलिस की इस कामयाबी को राज्यव्यापी अभियान का हिस्सा बनाना होगा.

कुशल कूटनीति से निकलेगा 'अमेरिकी समस्या' का हल

निशिकांत ठाकुर

समय की मांग है कि फिलहाल किसी न किसी तरह अमेरिकी नीतियों को भारत में लागू होने से पहले रोका जाए, अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब बेरोजगारी से भरे भारत में लाखों बेरोजगार भर जाएंगे. जरा कल्पना करें तब कैसी स्थिति होगी?

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 वर्ष के हो गए. कहा जाता है कि उम्र जैसे-जैसे बढ़ती है, इंसान उतना ही परिपक्व होता है. अतः हम ईश्वर से यही प्रार्थना करते हैं कि हमारे प्रधानमंत्री दीर्घायु हों, क्योंकि वह व्यक्ति विशेष के नहीं, दल के ही नहीं, हमारे 140 करोड़ से भी अधिक भारतीय के संरक्षक हैं, हमारे देश के गौरव हैं. ऐसा इसलिए भी कि जैसे-जैसे व्यक्ति का कद बड़ा होता जाता है, वह समाज की नजरों में चुभने लगता है; क्योंकि वह समाज से, जनता से कटता जाता है. लेकिन, हमारे प्रधानमंत्री एक सामान्य परिवार में जन्म लेने के बावजूद आज विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के सर्वश्रेष्ठ नेताओं में एक हैं. यह प्रायः विश्व के सभी देशों में होता है और जो सत्ता की सबसे ऊंची कुर्सी पर बैठा होता है, वह एक तरह से तलवार की धार पर ही बैठा रहता है.

अब आइए, भारत की चर्चा करते हैं. भारत के समक्ष अब विषम परिस्थिति उत्पन्न हो गई है. पहला तो यह कि जिस प्रकार हम वर्ष 1962 से पहले 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा देते नहीं अघाते थे, ठीक उसी तरह की मित्रता का हनन अमेरिका ने किया है. दूसरी बात जो अभी घर-घर में चर्चा का विषय है, वह यह कि चुनाव में 'कथित धांधली', जिसके लिए विपक्षी दलों का कहना है कि उनके लिए किए मतदान को चुरा लिया गया है और यह कृत्य भारतीय जनता पार्टी के लिए चुनाव आयोग ने किया है. अब सच तो तभी सामने आएगा, जब निष्पक्ष एजेंसी द्वारा इस आरोप की जांच कराई जाए. विपक्ष का बड़ा आरोप यह भी है कि चुनाव आयोग ने अपनी जानकारी में वोट चोरी करवाई है, जिसका उत्तर चुनाव आयोग को अवश्य देना चाहिए. ऐसा कभी नहीं सकता कि हम चुनाव आयोग पर आरोप-दर-आरोप लगाते जाएं और वह न केवल चुप रहे, बल्कि इस बात को लेकर सत्तारूढ़ दल में खलबली मच जाए और वह आयोग की वकालत करने लग जाए. आजकल ऐसा ही हो रहा है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर क्यों? चुनाव आयोग पर बड़े विपक्षी नेता सप्रमाण आरोप लगा रहे हों, तो न्याय तो यही कहता है कि सत्य और असत्य का फैसला तो निष्पक्ष जांच एजेंसियों की जांच के बाद ही सामने आ सकता है. यदि समाज को उलझाने के उद्देश्य से ऐसा किया गया या फिर झूठ और छल का सहारा लेकर नेता प्रतिपक्ष की ओर से असत्य कागजात सार्वजनिक रूप से दिखाए गए हैं, तो चुनाव आयोग को न्याय का सहारा लेना ही चाहिए. अभी वोट चोरी पर तो राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की बिहार यात्रा के बाद माहौल गर्म है. वैसे सरकार में बैठे राजनेता और अधिकारी तथा चुनाव आयोग हर प्रकार से इसकी काट निकलने के लिए कटिबद्ध होंगे, लेकिन असली मुद्दा और तथ्य तो जनता के समक्ष आने ही चाहिए.

अब जो एक दूसरा गंभीर संकट देश पर आ गया है, उस पर भी सरकार को तत्काल कूटनीतिक कदम उठाने की जरूरत है. अमेरिका-भारत के बीच टैरिफ को लेकर उठापटक के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए नियमों को मंजूरी दे दी है. अब नौकरी करने के लिए अमेरिका जाना भारतीयों के लिए खासा कठिन हो गया है, क्योंकि अब एच-1बी वीजा के लिए एक लाख डॉलर यानी लगभग 88 लाख रुपये देने होंगे. उस पर भी ट्रंप ने फरमान जारी कर दिया है कि एच-1बी वीजाधारकों को 24 घंटों के अंदर अंदर वापस स्वदेश भी लौट जाना है. ऐसी स्थिति में भारत क्या करे? यह तो बिल्कुल भारत-चीन वाली स्थिति हो गई जिसके कारण हम 1962 में चीन से जंग हार चुके हैं. अब बारी अमेरिका की है कि भारत इस टैरिफ और एच-1बी वीजा के संकट से कैसे उबरे. क्या हमारी दोस्ती केवल दिखावा थी अथवा हम अमेरिकी चाल को समझ नहीं सके! हमारे विदेश मंत्री खुद को विदेशी मामलों के विशेषज्ञ मानते रहे हैं या फिर कहिए ऐसा डंका पीटते रहे हैं, उसके बावजूद अमेरिका की धूर्तता को नहीं समझ पाना, कुछ हजम नहीं होता? जो भी हो, यदि अमेरिका ने अपनी इन दोनों नीतियों को वापस नहीं लिया, तो फिर अमेरिका से एच-1बी वीजा धारकों को बैरंग स्वदेश वापस लौटना पड़ेगा. जब से टैरिफ बढ़ने की बात शुरू हुई है, अपने देश की कई कंपनियां भी बंद होने के कगार पर हैं. अब यदि एच-1बी वीजा भी लागू हो गया, तो यह बात कल्पना से बाहर हो जाएगी कि भारत में बेरोजगारी की दर क्या और कितनी हो जाएगी और रोजगार के कितने केंद्रों के दरवाजे बंद हो जाएंगे.

हमें किसी न किसी तरह अमेरिकी नियमों का सामना कूटनीतिक काट से ही करना हैं,अन्यथा ऐसे उद्योग भारत को स्वयं विकसित करने होंगे, ताकि अनुभवी लोगों को देश में ही रहकर इसके विकास में योगदान देने का अवसर मिले. देशवासी और कम से कम भारतीय सामान्य जनता तो यही समझती है कि सरकार की विदेश नीति की विफलता की वजह से इन संकटों का सामना पूरे देश को करना पड़ रहा है. देश में चाहे कुछ भी हो जाए, जनता की नजर में यदि अच्छाई का कोई हकदार होता है, तो निश्चित रूप से इन संकटों से बाहर निकालने का काम भी उसी के जिम्मे होता है. देश की किसी भी सफलता का श्रेय यदि प्रधानमंत्री को हम देते हैं, तो जो विदेश नीति की विफलता के कारण हो रहा है, इसका दोष भी उन्हीं के मत्थे मढ़ा जाएगा.

यदि विश्व में किसी देश के साथ हमारे संबंध अच्छे हुए हैं, तो इसका भी श्रेय उन्हीं को जाता है, जो सत्ता के शिखर पर बैठे हैं. इन ऐतिहासिक बातों को भूल जाने की जरूरत है जिनके कारण हमारे अड़ोस-पड़ोस के विभिन्न देशों के साथ-साथ अमेरिका से संबंध बिगड़ा है. इन आसन्न समस्याओं का समाधान तो सरकार को ही निकालना होगा. इसलिए समय की मांग है कि फिलहाल किसी न किसी तरह अमेरिकी नीतियों को भारत में लागू होने से पहले रोका जाए, अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब बेरोजगारी से भरे भारत में और लाखों बेरोजगार भर जाएंगे. जरा कल्पना करें कि तब कैसी स्थिति होगी जब सरकार की विफलता के भयावह परिदृश्य सामने आने लगेंगे.

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं)

आज का इतिहास

1836 : मद्रास चेंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना.
1938: पोलैंड ने टेश्चेन पर अधिकार दोहराया.
1959: भारत की आरती साहा ने 'इंग्लिश चैनल' को तैरकर पार किया.
1961 : ऑस्ट्रेलिया की पहली महिला प्रधानमंत्री जूलिया गिलार्ड का जन्म.
1962: कलकत्ता में बिरला तारामंडल शुरू.
1977 : भारत और बांग्लादेश ने गंगा नदी जल बंटवारे पर एक संधि पर हस्ताक्षर किए.
2016: भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक कर घुसपैठ की फिराक में सीमा के इर्द -गिर्द छिपे आतंकवादियों के ठिकाने पर हमला करने का दावा किया. पाकिस्तान ने भारत के दावे का खंडन किया.
2020: कुवैत के अमीर (शासक) शेख सबाह अल अहमद अल सबाह का 91 वर्ष की उम्र में इंतकाल हो गया. वह 2006 में कुवैत के अमीर बने थे.

चिंतन

जीवन में जो कुछ हमें मिला है, उसी की खुशियां मनाएं

प्रोफ़ेसर क्लास में आते ही बोला, चलिए,सरप्राइज टेस्ट के लिए तैयार हो जाइए. सभी छात्र घबरा गए. कुछ किताबें पलटने लगे तो कुछ सर के दिए नोट्स जल्दी-जल्दी पढ़ने लगे. ये सब कुछ काम नहीं आएगा. प्रोफेसर बोले, मैं प्रश्न पत्र आप सबके सामने रख रहा हूं, जब सारे पेपर बट जाएं तभी आप उसे पलट कर देखिएगा. पेपर बांट दिए गए. ठीक है! अब आप पेपर देख सकते हैं. प्रोफेसर ने निर्देश दिया. अगले ही क्षण सभी प्रश्न पत्र को निहार रहे थे, पर ये क्या इसमें तो कोई प्रश्न ही नहीं था. था तो सिर्फ वाइट पेपर पर एक ब्लैक स्पॉट.

ये क्या सर, इसमें तो कोई प्रश्न ही नहीं है? एक छात्र बोला.

प्रोफ़ेसर बोले,जो है आपके सामने है, आपको इसी की व्याख्या करनी है.इसके लिए आपके पास सिर्फ 10 मिनट हैं. चलिए शुरू हो जाइए. छात्रों के पास कोई चारा नहीं थावे अपने-अपने उत्तर लिखने लगे. समय ख़त्म हुआ, प्रोफेसर ने कॉपी ले ली. और बारी-बारी से उन्हें पढ़ने लगे. लगभग सभी ने ब्लैक स्पॉट को अपनी-अपनी तरह से समझाने की कोशिश की थी लेकिन किसी ने भी उसके चारों ओर मौजूद सफेद स्थान के बारे में बात नहीं की थी. प्रोफ़ेसर गंभीर होते हुए बोले, इस टेस्ट में मैं कोई मार्क्स नहीं देने वाला हूं. इस टेस्ट के पीछे मेरा एक ही मकसद है.मैं आपको जीवन की एक अद्भुत सच्चाई बताना चाहता हूं. देखिए,

इस पूरे पेपर का 99% हिस्सा सफ़ेद है,लेकिन आप में से किसी ने भी इस पर नहीं लिखा और अपना 100% उत्तर सिर्फ उस एक चीज को बताने में लगा दिया जो मात्र 1% है और यही बात हमारे जीवन में भी देखने को मिलती है. समस्याएं हमारे जीवन का एक छोटा सा हिस्सा हैं, लेकिन हम पूरा ध्यान इन्हीं पर लगा देते हैं. कोई लुक्स को लेकर परेशान है तो कोई अपने करियर को लेकर चिंता में डूबा है तो कोई और बस पैसों का रोना रोता रहता है. क्यों नहीं हम जो मिला है, उससे खुश होते.भगवान को थैंक्स नहीं कहते. क्यों नहीं हम लाइफ की उन 99% चीजों की तरफ ध्यान देते हैं, जो हमारे जीवन को अच्छा बनाती हैं. चलिए आज से हम समस्याओं को पीछे छोड़ कर छोटी-छोटी ख़ुशियों का आनंद लेना सीखते हैं. तभी हम ज़िंदगी को सही मायने में जी पाएंगे.

इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #BhagatSingh
2. #MannKiBaat
3. #Peddi
4. भगत सिंह
5. #BJPSevaPakhwadaDrPankaj
6. #KarurTragedy
7. लता मंगेशकर
8. Shakti Upasana
9. MEGA POWER STAR
10. लोकप्रिय कार्यक्रम

बहुरंग

परेश रावल बॉक्स ऑफिस पर धड़ाधड़ तोड़ेंगे रिकॉर्ड

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर परेश रावल अपने कॉमेडी रोल्स के लिए जाने जाते हैं. वहीं कई बार उन्होंने गंभीर किरदार अदा करके भी दर्शकों को इंप्रेस किया है. हाल ही में एक्टर को फिल्म 'अजेय- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी' में देखा गया था. इसके बाद भी एक्टर के पास एक से बढ़कर फिल्में लाइनअप हैं. इनमें से ज्यादातर कॉमेडी फिल्में हैं और तीन फिल्मों में वो अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं.

थामा: मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म 'थामा' दिवाली पर सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है. इस फिल्म में रश्मिका मंदाना, आयुष्माान खुराना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी लीड रोल में हैं. वहीं परेश रावल भी 'थामा' में अहम किरदार में दिखाई देंगे.

वेलकम टू द जंगल: वेलकम फ्रेंचाइजी की तीसरी किश्त 'वेलकम टू द जंगल' का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं. ये एक मल्टी स्टारर फिल्म है जिसमें अक्षय कुमार, अरशद वारसी, संजय दत्त के साथ परेश रावल भी होंगे. 'वेलकम टू द जंगल' एक कॉमेडी-एडवेंचर फिल्म है जो पहले इसी साल रिलीज होने वाली थी. लेकिन परेश रावल ने हाल ही में बॉलीवुड हंगामा को बताया कि फिल्म मार्च या अप्रैल 2026 में रिलीज होगी. वहीं रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज और दिशा पटानी भी 'वेलकम टू द जंगल' का हिस्सा हैं.

भूत बंगला: परेश रावल अक्षय कुमार स्टारर हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में भी दिखाई देने वाले हैं. मशहूर डायरेक्टर प्रियदर्शन के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 2 अप्रैल 2026 को पर्दे पर आएगी. परेश और अक्षय के अलावा वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव भी 'भूत बंगला' में नजर आएंगे.

हेरा फेरी 3: हेरा फेरी 3' परेश रावल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. एक बार फिर परेश, अक्षय और सुनील शेट्टी की तिकड़ी देखने को मिलेगी. फिल्म की रिलीज डेट से फिलहाल पर्दा नहीं उठा है. लेकिन ऐसे कयास हैं कि 'हेरा फेरी 3' साल 2026 के सेकेंड हाफ में आ सकती है.

बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ओजी का जलवा कायम

सिनेमाघरों में इस समय साउथ और बॉलीवुड की फिल्में जलवा बिखेर रही हैं. एक ओर जहां पवन कल्याण की 'ओजी' छाई है, वहीं दूसरी ओर 'होमबाउंड' और 'जॉली एलएलबी 3' भी सिनेमाघरों में दर्शक खींच रही है. चलिए जानते हैं बीते दिन शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों का क्या हाल रहा.

दे कॉल हिम ओजी: साउथ अभिनेता और राजनेता पवन कल्याण अभिनीत 'दे कॉल हिम ओजी' ने रिलीज के पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था. फिल्म ने बीते दिन शनिवार को 18.50 करोड़ रुपये कमाए, जबकि इसने शुक्रवार को 18.75 करोड़ रुपये कमाए थे. ये दिखा रहा है कि फिल्म की कमाई पिछले दिन के मुकाबले शनिवार को घटी है. 'ओजी' ने अभी तक इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 122 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है.

इमरान हाशमी की एक्टिंग ने भी मोहा मन: 'ओजी' एक गैंगस्टर ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन सुजीत ने किया है. फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी विलेन के रोल में शानदार दिखे हैं. वहीं 'ओजी' में पवन कल्याण और इमरान हाशमी के अलावा प्रियंका अरुलमोहन, श्रीया रेड्डी, प्रकाश राज, अर्जुन दास जैसे चर्चित साउथ एक्टर अहम किरदार निभा रहे हैं.

जॉली एलएलबी 3: अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' के लिए शनिवार का दिन शुभ साबित हुआ. फिल्म ने बीते दिन यानी शनिवार को 6.25 करोड़ रुपये कमाए, जबकि शुक्रवार को 3.75 करोड़ रुपये कमाए थे. 'जॉली एलएलबी 3' ने

कुल 9 दिनों में 84 करोड़ रुपये कमा लिए हैं.

होमबाउंड: ईशान खट्टर, जान्हवी कपूर और विशाल जेठवा की फिल्म 'होमबाउंड' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए दो दिन हो चुके हैं. इस फिल्म ने बीते दिन यानी शनिवार को 50 लाख रुपये कमाए, जबकि इसने ओपनिंग डे पर 30 लाख रुपये कमाए थे. हालांकि, फिल्म की कहानी में दिखाई गई समस्या और मुद्दा काफी प्रभावित करने वाला है. साथ ही आपको बताते चलें कि 'होमबाउंड' फिल्म को भारत की तरफ से ऑस्कर 2026 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर कैटेगरी में भेजने के लिए चयनित किया गया है.

फिल्म लोकाह चैप्टर 2 में फिर दिखेंगे टोविनो थॉमस और दुलकर सलमान

मलयालम सिनेमा के चर्चित अभिनेता और निर्माता दुलकर सलमान ने अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1' के सफल सफर के बाद इसके दूसरे भाग 'लोकाह चैप्टर 2' का ऐलान कर दिया है. पहली फिल्म 'लोकाह' ने मलयालम सिनेमा में तहलका मचा दिया था और इसे दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया. इतना ही नहीं, इस फिल्म ने दिग्गज अभिनेता मोहनलाल की कई फिल्मों को भी कड़ी टक्कर दी. अब दर्शकों की उत्सुकता को ध्यान में रखते हुए निर्माता और अभिनेता दुलकर सलमान ने इसका दूसरा अध्याय पेश किया है. दुलकर सलमान ने 'लोकाह चैप्टर 1' का निर्माण भी किया था और फिल्म की अपार सफलता के बाद उन्होंने सीक्वल को लेकर बड़े अपडेट शेयर किए हैं. निर्माताओं ने फिल्म की आधिकारिक घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर और झलक भी प्रशंसकों के सामने पेश किया है. इस बार भी दुलकर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, वहीं उनके साथ अभिनेता टोविनो थॉमस अपनी अदाकारी का तड़का लगाएंगे.

फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा हैं. दुलकर ने इसे शेयर करते हुए लिखा, ₹मिथकों से परे, किंवदंतियों से परे. एक नया अध्याय शुरू. 'लोकाह चैप्टर 2'.' दूसरी फिल्म की पहली झलक में टोविनो और दुलकर एक अंधेरी जगह में बैठे हुए बातचीत करते दिख रहे हैं. इस दृश्य से ही उनके किरदारों की रहस्यमय और सस्पेंस से भरी दुनिया का अहसास होता है. टोविनो फिल्म में माइकल का किरदार निभाएंगे, जबकि दुलकर सलमान चार्ली के रोल में दिखाई देंगे.

बेबाक बात

सलमान खान ने ट्विंकल और काजोल की कर दी बोलती बंद

काजोल और ट्विंकल खन्ना दोनों ही अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं. ये दोनों बॉलीवुड वाइव्स अपना शो लेकर आईं हैं. शो का नाम टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल है. जिसका पहला एपिसोड स्ट्रीम हो चुका है. पहले एपिसोड में सलमान खान और आमिर खान बतौर गेस्ट आए थे. जिसमें सलमान और आमिर के साथ इन दोनों ने खूब मस्ती की. सबको रोस्ट करने वाली काजोल और ट्विंकल खन्ना को सलमान खान ही उनके शो में रोस्ट करके चले गए. शो का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है. जिसमें सलमान ने काजोल और ट्विंकल की बोलती बंद कर दी. वायरल वीडियो में सलमान कह रहे हैं- मैं इन दोनों के पतियों को अच्छे से जानता हूं. और ये जो इनसे शादी का फैसला लिया. ये करेक्ट है. क्योंकि अगर कोई और होता इनकी लाइफ्स में तो इनका हाल भी तेरे हाल जैसा होता. ये सुनकर काजोल, ट्विंकल और आमिर तीनों हंसने लगते हैं. ये वीडियो लोगों को खूब पसंद आ रहा है. हर कोई कह रहा है कि सलमान उन्हीं के शो में आकर उनकी बोलती बंद कर गए. शो में सलमान व आमिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बात करते नजर आए. आमिर ने शादी और रिलेशनशिप को लेकर बात की. वहीं सलमान खान ने अपनी और आमिर की दोस्ती के बारे में बताया कि कैसे उनकी दोस्ती इतनी गहरी है. सलमान और आमिर ने कई ऐसी बातें बताईं जिनके बारे में लोग बहुत कम जानते हैं.

मेष : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे. भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी. शुभांक-5-6-7

वृष : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. शुभांक-6-7-9

मिथुन : कल का परिश्रम आज लाभ देगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. शुभांक-5-7-8

कर्क : संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा. व्यापार में वृद्घि व उत्तम लाभ मिलेगा. यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-5-6-8

सिंह : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. शुभांक-3-5-7

कन्या : महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-3-6-8

तुला : राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. मेहमानों का आगमन होगा. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. विद्यार्थियों को लाभ. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पुराने मित्र से मिलन होगा. शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : आय के अच्छे योग बनेगें. संतान की उन्नति के योग हैं. स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. काम को प्राथमिकता से करें. शुभांक-2-5-7

धनु : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है. कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. माता पक्ष से विशेष लाभ. पुराने मित्र से मिलन होगा. शुभांक-1-5-7

मकर : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. कार्यक्रम बदलने होंगे. व्यापार में वृद्घि होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा. शुभांक-1-2-6

कुंभ : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. आय के स्त्रोत बनेंगे. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा. शुभांक-2-6-8

मीन : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा. यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. सेहत को लेकर सावधानी बरतें. शुभांक-2-4-9

इन टिप्स को फॉलो करके बढ़ाएं अपना कॉन्फिडेंस

आमतौर पर कई लोगों को दूसरे व्यक्ति से बात करने में काफी झिझक होती है। वे लोग सामने वाले व्यक्ति से बात करने के लिए काफी सोचते हैं कैसे बात करें। अगर आप भी इन्हीं में से हैं तो आप इन टिप्स को फॉलो करें।

जब कॉन्फिडेंस की कमी हो तो आपकी पर्सनैलटी काफी कमजोर दिखाई देती है। अगर आप भी किसी दूसरे व्यक्ति से बात करने के दौरान झिझकते है तो यह अच्छा नहीं है। वहीं किसी से बात करते समय झिझकना आपकी पर्सनैलिटी पर बुरा प्रभाव डल देता है। आज हम इस लेख में आपको बताएंगे कुछ टिप्स बताने जा रहे है जिन्हे आप फॉलो करते अपनी व्यक्तित्व में निखार ला सकते हैं।

सेल्फ टॉक करें

जब आप दूसरे से बात करते समय काफी झिझकते है, तो आप इसके लिए सेल्फ टॉक करने की आदत डालें। रोजाना शीशे में खुद से बात करें। ऐसा करने से आपको कॉन्फिडेंस बढ़ेगा और झिझक दूर होगी। कई बार होता है कि किसी से बात करें तो डरें नहीं और सहज रहने की कोशिश करें, क्योंकि डरने से हमारा कॉन्फिडेंस लेवल डाउन हो जाता है।

ज्ञान रखना जरुरी

आप हमेशा याद रखें कि जितना ज्ञान होगा उतना ही जुबान चलती है। हो सके ज्ञान हासिल करने का प्रयास करें। क्योंकि इससे बोलने के अंदाज मे निखार आता है और हम आसानी से अपनी बात सामने वाले के समाने रख पाते है।

जर्मनी को बेस्ट एजुकेशन डेस्टिनेशन के तौर पर देख रहे हैं दुनिया भर के छात्र

जर्मनी तेजी से दुनिया भर के छात्रों की पहली पसंद बनता जा रहा है। जर्मनी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया जाता है। इससे दुनिया भर के छात्र बेस्ट एजुकेशन डेस्टिनेशन के तौर पर जर्मनी को देख रहे है। साल दर साल के हिसाब से जर्मनी में भारतीय छात्रों की संख्या 7 फीसदी के हिसाब से बढ़ रही है। जर्मनी की ओर आकर्षित होने के कई कारण हैं जिनमें से कुछ हायर एजुकेशन की कम फीस, पढ़ने के बाद आसानी से वर्क परमिट मिलना आधि शामिल हैं। देश की नीति भी छात्रों के हित में रहती है। इससे जर्मनी पहुंचने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में और बढ़ोतरी हुई है।

एचडब्ल्यूके फेलोशिप

एचडब्ल्यूके स्कॉलरशिप काफी योग्य वैज्ञानिकों को दी जाती है। फेलोशिप प्रोजेक्ट के आधार पर जर्मनी में पढ़ने के लिए रेग्युलेर फेलोशिप और जूनियर फेलोशिप तीन और 10 महीने के लिए दी जाती है।

मैनहीम यूनिवर्सिटी डॉचलैंड स्कॉलरशिप

यह स्कॉलरशिप मैनहीम यूनिवर्सिटी द्वारा शुरू की गई है। यह मेरिट आधारित स्कॉलरशिप है। ग्रैजुएशन, पोस्ट ग्रैजुएशन आदि की पढ़ाई करने वाले छात्र इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। करीब 24,000 रुपये हर महीने स्कॉलरशिप के तौर पर मिलते हैं।

जीएसएलएस फेलोशिप, विर्जबर्ग यूनिवर्सिटी, जर्मनी

तीन सालों के लिए यह फेलोशिप विर्जबर्ग युनिवर्सिटी, जर्मनी द्वारा पीएचडी फेलोज को दी जाती है। इस स्कॉलरशिप के लिए लाइफ साइंस के किसी भी विषय में डिग्री जरूरी होनी चाहिए। इस फेलोशिप में हर साल करीब 4 लाख रुपये रिसर्च के खर्च, यात्रा आदि पर खर्च के लिए दिए जाते हैं।

साइंस और इंजिनियरिंग में डीएएडी इंटर्नशिप

इस इंटर्नशिप के साथ जर्मनी में मौजूदा रिसर्च परियोजनाओं के हिस्से के तौर पर डॉक्टोरल स्टूडेंट्स, साइंटिस्ट्स या प्रफेसरों के साथ काम करने का मौका मिलता है। मैथमेटिक्स, इंजिनियरिंग और साइंस के स्टूडेंट फाइनल इयर में या उससे पहले साल में इन इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें ट्रैवल अलाउंस के तौर पर हर महीने में करीब 50 हजार रुपये मिलता है।

हमबोल्ड्ट रिसर्च ट्रैक स्कॉलरशिप

यह स्कॉलरशिप उन पीएचडी आवेदकों के लिए है जो जर्मनी में पढ़ना चाहते हैं। किसी भी डिसिप्लिन में मास्टर डिग्री धारक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें 6 महीने तक करीब 63 हजार रुपये तक मिलते हैं। करीब 32 हजार रुपये हर महीने चुने हुए स्कॉलर के बच्चों के खर्च के लिए दिए जाते हैं।

बोहरिंगर इंगेलहिम फॉंड्स पीएचडी फेलोशिप

भारत के जूनियर साइंटिस्ट बायोमेडिकल रिसर्च के लिए इस स्कॉलरशिप का फायदा उठा सकते हैं। वे जर्मनी के हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट में पीएचडी कर सकते हैं। स्कॉलरशिप के तहत साइंटिफिक रिसर्च और लैब/फील्ड एक्सपेरिमेंट्स के लिए फंड दिया जाता है। इस स्कॉलरशिप के तहत करीब 1.20 लाख रुपये मासिक भत्ता, करीब 12 हजार रुपये अनुसंधान भत्ता और 24 महीने की अवधि के लिए पत्नी और बच्चों के अन्य भत्ते दिए जाते हैं।

आइंस्टाइन फेलोशिप, जर्मनी

आइंस्टाइन फोरम और डैमर ऐंड बेंज फाउंडेशन भारत के ह्यूमैनिटीज, सोशल साइंसेज या नैचरल साइंसेज के छात्रों को ये फेलोशिप देता है। फेलोशिप के तहत छात्रों को मासिक भत्ता और रिसर्च फंड मिलता है। इस फेलोशिप के लिए छात्रों के पास पीएचडी डिग्री होना जरूरी नहीं है। इस फेलोशिप में करीब 8 लाख रुपये स्टाइपेंड एक ही बार दिया जाता है। इसके अलावा 5-6 महीनों के लिए यात्रा का रीइम्बर्समेंट और आवास की सुविधा मुहैया कराई जाती है।



यूपीएससी के बेहतर विकल्प हो सकते हैं ये करियर

यूपीएससी परीक्षा लगभग हर भारतीय छात्रों की पहली चॉइस होती है। हालांकि, इसमें सफलता पाना बहुत कठिन होता है। कई छात्र तैयारी तो करते हैं, लेकिन कुछ अंक से पीछे रह जाते है। यही नहीं, कुछ छात्र लगातार असफलता पाने के बाद इतने निराश हो जाते हैं कि वो डिप्रेशन का शिकार तक होने लगते हैं। हालांकि, ये जरूरी नहीं कि आप आईएस नहीं बन पा रहे है, तो आप कुछ भी नहीं कर सकते हैं।

यूपीएससी की तैयारी करने वाले असफल हो रहे छात्र इसके अलावा भी करियर विकल्प को सिलेक्ट कर सकते हैं। अगर आप यूपीएससी की तैयारी कर रहे है और उसमें सक्सेस नहीं हो पा रहे हैं, तो आपके लिए नौकरियों के अन्य विकल्प भी हैं, जिनमें आप अपना करियर बना सकते हैं। यहां कुछ विकल्प दिए गए हैं, जो आपके लिए काम के हो सकते हैं।

शिक्षा क्षेत्र में सरकारी या गैर सरकारी नौकरी

अगर आप यूपीएससी की परीक्षा में हर बार चुक जा रहे हैं, तो आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। आप अपने करियर के लिए अन्य विकल्प भी चुन सकते हैं। आप एक शिक्षक भी बन सकते हैं। आप अपना कोचिंग सेंटर भी चला सकते हैं। आप चाहें तो ऑनलाइन क्लासेस भी ले सकते हैं।

पुलिस सेवाएं

अगर आप यूपीएससी की परीक्षा में लगातार फेल हो रहे हैं, तो आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। आप इसके अलावा पुलिस में भर्ती होकर भी देश की सेवा कर सकते हैं। परीक्षा के लिए आपको थोड़ा बहुत सेट प्रैक्टिस और जनरल नॉलेज से जुड़ी चीजों को पढ़ना होगा।

आर्मी में भर्ती

यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए आर्मी में नौकरी पाना थोड़ा आसान हो सकता है, क्योंकि इसके सिलेबस यूपीएससी की अपेक्षा थोड़े आसान होते हैं। ऐसे में, आप सेना में भर्ती होकर देश की सेवा कर सकते हैं।

पत्रकारिता में करियर

अगर आप यूपीएससी की तैयारी करके अब हार मान चुके हैं, तो भी आपको बहुत ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इसके बाद भी अपने करियर में नया मोड़ ला सकते हैं। चूंकि यूपीएससी की पढ़ाई करने वाले छात्रों के पास बहुत नॉलेज होती है। ऐसे में, आप पत्रकार बन सकते हैं। पत्रकार को हर तरह से नॉलेजबल होना जरूरी होता है। पत्रकारिता का कोर्स करके आप समाचार पत्रों या न्यूज चैनलों में काम कर सकते हैं।

भारत में इंजीनियरिंग करने के बाद क्यों नहीं मिल रही नौकरी?

हर साल हजारों की तादाद में छात्र इंजीनियरिंग की डिग्री लेकर कॉलेज से पास आउट होते हैं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई कोई आसान नहीं होती। हालांकि, इतना कुछ करने के बाद भी कई लोग ऐसे हैं जिन्हें नौकरी नहीं मिलती हैं। चलिए जानते हैं आखिर क्यों भारत में इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों को नौकरी के लिए भटकना पड़ रहा है।

आंकड़ों के अनुसार 3.5 लाख से 4 लाख इंजीनियर प्रति वर्ष इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करते है। ऑर्गेनाइज्ड रिक्रूटमेंट के आंकड़े बताते है कि इनमे से लगभग 1.5 लाख को जॉब मिल जाता है वही बाकी के छात्रों को जॉब के लिए काफी भटकना पड़ता है। ऐसे में इन छात्रों को काफी दिक्कतों का सामना करना होता है।

कई छात्र नौकरी ना मिलने पर अपनी फिल्ड भी चेंज कर लेते हैं। इस फिल्ड मे आने वाले अधिकांश बच्चों के साथ ऐसा होता है। खासकर ज्यादा दिक्कत उन लोगों को आती हैं जिनके पास अनुभव नहीं होता है। कई छात्र को सालों तक इंटर्नशिप करना होता है। सालों तक इंटर्नशिप करने के बाद भी जरूरी नहीं की प्राइवेट कंपनी आपको नौकरी दे ही देगी। कम पद होने के कारण कंपनी अगर आपको हायर करती है तो वह काफी कम सैलरी देते हैं। कंपनी योग्यता से ज्यादा पैकेज देखती है जो व्यक्ति कम सैलरी पर राजी हो जाता है कंपनी उनको ही हायर करने का सोचती है।

कई रिपोर्ट्स मे कहा गया है कि- इंजीनियर की बाढ़ को देखते हुए अब कंपनी ने अपना रिक्रूटमेंट पैटर्न को बदल दिया है। इतना ही नही उनका यह भी कहना है कि आजकल के छात्र कम मेहनत में ज्यादा सैलरी चाहते है। जो कि बिलकुल भी संभव नहीं है। वही कई एचआर का कहना है कि कैंडिडेट इंटरव्यू तक क्लियर नहीं कर पाते हैं।

इंजीनियरिंग क्यों है नौकरी छोड़ने पर मजबूर बता दें कि एक जमाने में सभी छात्र इंजीनियरिंग करने की चाह रखते है। हालांकि, अब देखें तो इंजीनियरिंग के छात्र भी अपनी नौकरी छोड़कर दूसरे फिल्ड मे जाने का सोच रहे हैं। ऐसे में कई बड़े कॉलेज को भी इससे असर हुआ है। एडमिशन ना होने के कारण कई कॉलेज पर ताला तक लग चुका है।

इंजीनियर को नौकरी ना मिलने का कारण

- इंजीनियरों की अधिक आपूर्ति
- उद्योग-प्रासंगिक कौशल का अभाव
- सॉफ्ट स्किल का अभाव
- प्रतिकूल आर्थिक स्थितियां

ऐसे कई कारण है जिनकी वजह से भारत में इंजीनियरिंग छात्रों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। यहां जानिए कुछ सामान्य कारण -

- सरकारों को कौशल विकास कार्यक्रम प्रारंभ करना चाहिए।
- उद्यमिता को बढ़ावा देना जरूरी है।
- इंजीनियरिंग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए।

मिथुन मनहास बने बीसीसीआई के नए अध्यक्ष, जम्मू-कश्मीर से पहले खिलाड़ी को मिला ऐतिहासिक अवसर

एजेंसियां । नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को नया नेतृत्व मिल गया है. पूर्व घरेलू क्रिकेटर और अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मनहास को बीसीसीआई का नया अध्यक्ष चुना गया है. जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले से ताल्लुक रखने वाले मनहास इस प्रतिष्ठित पद तक पहुंचने वाले राज्य के पहले खिलाड़ी बन गए हैं. उनकी नियुक्ति को भारतीय क्रिकेट और जम्मू-कश्मीर के लिए एक ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है.

केंद्रीय मंत्री ने दी बधाई: केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ट्वीट कर मनहास को बधाई दी और इसे डोडा जिले और जम्मू-कश्मीर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया. उन्होंने इसे ऐतिहासिक क्षण करार देते हुए कहा कि यह जिला उनकी जन्मभूमि भी है और कुछ ही घंटों में किश्तवार की शीतल के विश्व चैंपियन बनने के बाद यह दूसरी बड़ी खुशखबरी है.

शानदार क्रिकेट करियर: 45 वर्षीय मिथुन मनहास ने भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक लंबा और सफल करियर बिताया है. उन्होंने 157 फर्स्ट क्लास, 130 लिस्ट ए, और 91 टी20 मुकाबले खेले, जिसमें उनके नाम 9714 फर्स्ट क्लास रन दर्ज हैं. भले ही उन्हें भारतीय राष्ट्रीय टीम में खेलने का मौका नहीं मिला, लेकिन वे आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स, पुणे वॉरियर्स और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी फ्रेंचाइजियों के लिए खेले. हाल ही में वह जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के प्रशासक औरदलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन के संयोजक भी रह चुके हैं. इसके अलावा, वह गुजरात टाइटंस के सपोर्ट स्टाफ का भी हिस्सा रहे हैं.

रोजर बिन्नी की जगह संभालेंगे: मनहास को रोजर बिन्नी के स्थान पर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. बिन्नी को भारतीय क्रिकेट बोर्ड की अधिकतम आयु सीमा (70 वर्ष) पार करने के कारण पद छोड़ना पड़ा. इस पद के लिए पूर्व खिलाड़ी हरभजन सिंह और रघुराम भट्ट भी दौड़ में थे, लेकिन अंत में मनहास पर सहमति बनी.

बीसीसीआई में अन्य नियुक्तियां : बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई.रघुराम भट्ट को कोषाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि प्रभतेज सिंह भाटिया को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है.देवजीत साकिया सचिव के पद पर बने रहेंगे और राजीव शुक्ला को उपाध्यक्ष पद पर एक्सटेंशन मिला है.

खिलाड़ी-केंद्रित दृष्टिकोण की उम्मीद मिथुन मनहास की नियुक्ति से उम्मीद की जा रही है कि बीसीसीआई में अब खिलाड़ी-केंद्रित नीतियों को और बल मिलेगा. युवा क्रिकेटरों के विकास, घरेलू टूर्नामेंटों की गुणवत्ता में सुधार, और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति मजबूत करने की दिशा में यह नेतृत्व निर्णायक भूमिका निभा सकता है.

आईसीसी ने महिला विश्व कप के कमेंट्री पैनल का किया ऐलान

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए कमेंटेटरों के एक मजबूत पैनल की घोषणा की है। इस कमेंट्री पैनल में कई महिला खिलाड़ियों को ज्यादा जगह दी गई है, जिनमें भारत की दो पूर्व कप्तान भी हैं। पैनल में शामिल दिग्गज महिला क्रिकेटर अपनी आवाज से दर्शकों को रोमांचित करेंगी। कमेंट्री पैनल में पूर्व विश्व कप विजेता मेल जोन्स, ईसा गुहा, स्टेसी-एन किंग और जूलिया प्राइस के साथ भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज, अंजुम चोपड़ा और पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सना मीर शामिल हैं। इसके अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन, ऑस्ट्रेलिया के एरॉन फिंच, वेस्टइंडीज के कार्लोस ब्रेथवेट, भारत के दिनेश कार्तिक, न्यूजीलैंड की केटी मार्टिन के साथ इयान बिशप, नताशा फैरेंट, म्पुमेलो म्बांगवा और रसेल अर्नोल्ड भी टीम का हिस्सा होंगे। पैनल में अनुभवी प्रसारक नताली जर्मनोस, एलन विल्किंस और कास नायडू के साथ-साथ उभरते प्रसारक रौनक कपूर और जतिन सप्रू को भी रखा गया है। कमेंट्री पैनल में शामिल किए जाने पर मिताली राज ने विश्व कप 2025 को अगली पीढ़ी की लड़कियों को प्रेरित करने वाला टूर्नामेंट बताया। मिताली राज ने कहा कि भारत और श्रीलंका में महिला विश्व कप का आयोजन देखना बेहद संतोषजनक है। यह न केवल दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का जश्न मनाने के बारे में है, बल्कि क्रिकेट खेलने का सपना देखने वाली नई पीढ़ी की लड़कियों को प्रेरित करने के बारे में भी है। एक खिलाड़ी के रूप में इस सफर का हिस्सा होने के नाते अब वह कमेंट्री बॉक्स से अपने अनुभव साझा करने और उन खिलाड़ियों पर प्रकाश डालने के लिए उत्साहित हूं, जो हमारे खेल के भविष्य को आकार देंगे। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से होगी और 2 नवंबर को फाइनल खेला जाएगा। आठ टीमों का यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका के पांच अलग-अलग स्थानों नवी मंबई, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो में आयोजित किया जाएगा.

अमिता बनीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम चयन समिति की चेयरमैन

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नई चयन समिति की घोषणा कर दी है. इस बार

भारत की पूर्व तेज गेंदबाज अमिता शर्मा को चयन समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया है. वह इस पद परनीतू डेविड की जगह लेंगी.अमिता शर्मा के साथ चयन समिति में श्यामा डे, सुलक्षणा नायक, जया शर्मा और श्रवन्ती नायडू को भी शामिल किया गया है. ये सभी पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और महिला क्रिकेट के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी.इसके साथ ही, बीसीसीआई ने महिला प्रीमियर लीग के लिए जायेश जॉर्जको नया चेयरमैन नियुक्त किया है. यह कदमडब्लयूपीएल को और अधिक मजबूत और प्रोफेशनल बनाने की दिशा में उठाया गया है.

भारत में पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग की शुरुआत दशहरे पर

12 को फाइनल मुकाबला

एजेंसियां । नई दिल्ली

भारत में पहली बार तीरंदाजी प्रीमियर लीग (आर्चरी प्रीमियम लीग - एपीएल) का आयोजन होने जा रहा है, जिसकी शुरुआत 2 अक्टूबर को दशहरा के शुभ अवसर पर नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगी. यह प्रतियोगिता 12 अक्टूबर तक चलेगी, जिसमें देश-विदेश के विश्व स्तरीय तीरंदाज हिस्सा लेंगे.

इस अनोखी लीग में छह टीमें भाग ले रही हैं

- पृथ्वीराज योद्धा (दिल्ली)
- माइटी मराठा (महाराष्ट्र)
- काकतीय नाइट्स (तेलंगाना)
- राजपुताना रॉयल्स (राजस्थान)
- चेरो आर्चर्स (झारखंड)
- चोला चीफ्स (तमिलनाडु)

लीग के निदेशक अनिल कामिनेनी ने कहा कि दशहरा जैसे प्रतीकात्मक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण दिन पर इस लीग की शुरुआत होना बेहद गर्व की बात है. उन्होंने कहा, "यह केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भारत की धनुष-बाण परंपरा और ओलंपिक सपनों को नई दिशा देने वाला मंच है."

प्रतियोगिता संरचनाः

राउंड रॉबिन चरण 1ः 2 से 6 अक्टूबर तक सभी टीमें एक-दूसरे से मुकाबला करेंगी.

राउंड रॉबिन चरण 2ः 7 से 11 अक्टूबर तक फिर से सभी टीमें आपस में भिड़ेंगी.

नॉकआउट चरण ः 12 अक्टूबर को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे.

इस लीग में भारत की अग्रणी तीरंदाज दीपिका कुमारी और ज्योति सुरेखा वेन्नम अपनी प्रतिभा दिखाएंगी. इनके साथ विश्व के नंबर 1 तीरंदाज माइक श्लोएसर, एंड्रिया बेसेरा, ओलंपियन ब्रैडी एलिसन और एलेजांद्रा वालेंसिया जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारे भी मुकाबले में उतरेंगे.

तीरंदाजी प्रीमियर लीग का यह आयोजन भारत में इस पारंपरिक खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है. इससे युवा खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर खुद को साबित करने का सुनहरा मौका मिलेगा और देश में तीरंदाजी के प्रतिरुचि और समर्थनको नई ऊर्जा मिलेगी.

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025

रुज्दी ने नया विश्व रिकॉर्ड बना जीता छठा शॉटपुट स्वर्ण पदक

एजेंसियां । नई दिल्ली

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जोर-शोर से चल रहा है, जहां बुल्गारिया के रुज्दी ने पुरुषों की शॉटपुट एफ 55 स्पर्धा में 12.94 मीटर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए लगातार छठा स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया.

रुज्दी की स्वर्णिम हैट्रिक और नया विश्व रिकॉर्ड : 34 वर्षीय रुज्दी ने अपने अंतिम प्रयास में 12.94 मीटर की दूरी तय कर दो साल पहले पेरिस में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड (12.69 मीटर) को तोड़ दिया. रुज्दी के पांच प्रयास 12.52 मीटर के सर्बियाई खिलाड़ी नेबोजसा ड्यूरिक से बेहतर रहे, जिससे उनकी जीत निर्णायक रही. एक कार दुर्घटना में घायल होकर कमर से नीचे लकवाग्रस्त होने के बावजूद रुज्दी 2015 से अब तक हर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतते आ रहे हैं. यह तीसरी बार है जब उन्होंने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया.

अब्दुल लतीफ रोमली की लंबी कूद में सुनहरी हैट्रिक : मलेशिया के अब्दुल लतीफ रोमली ने पुरुषों की लंबी कूद टी20 स्पर्धा में 7.67 मीटर की छलांग लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया और लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतने में सफलता पाई.28 वर्षीय रोमली के नाम अब इस स्पर्धा में कुल पांच स्वर्ण और एक रजत पदक हो चुके हैं. उन्हें अब तक केवल एक बार 2019 दुबई में हराया गया था.

वोलोडिमिर पोनोमारेंको का भी जलवा : यूक्रेन के वोलोडिमिर पोनोमारेंको ने पुरुषों की शॉटपुट टी12 स्पर्धा में दूसरे प्रयास में 17.39 मीटर की दूरी तय कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया. लातविया के एमिल्स डिजिलना ने 16.63 मीटर की सर्वश्रेष्ठ थ्रो की, लेकिन यह पोनोमारेंको की सुनहरी जीत को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था.

नासिमा सैफी की डिस्कस थ्रो में दोहरी हैट्रिक : भारत की नासिमा सैफी ने महिलाओं की एफ57 डिस्कस थ्रो स्पर्धा में अपना दबदबा कायम रखते हुए लगातार छठा स्वर्ण पदक जीता. उनके पांचों वैध थ्रो 32 मीटर से अधिक थे, जबकि चीन की तियान युक्सिन 30.30 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक ही हासिल कर सकीं.

कैथरीन डेब्रनर की रफ्तार ने छीना चीन का ताज : स्विट्ज़रलैंड की कैथरीन डेब्रनर ने महिलाओं की 5000 मीटर टी54 व्हीलचेयर रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए गत चैंपियन चीन की तियान याजुआन को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता.30 वर्षीय डेब्रनर ने 3 किमी के बाद ही बढ़त बना ली थी और अंत तक उसे बरकरार रखा. यह उनका दूसरा 5000 मीटर का स्वर्ण पदक है.

बिहार के शैलेश कुमार ने रचा इतिहास : विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में गोल्ड जीतकर रचा नया कीर्तिमान

एजेंसियां । नई दिल्ली

नई दिल्ली में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में बिहार के जमुई जिले के इस्लामनगर गांव के रहने वाले शैलेश कुमार ने भारत का नाम रोशन करते हुए पुरुष हाई जंप T63/42 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतकर नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड कायम किया है. उन्होंने 1.91 मीटर की ऊँचाई तक छलांग लगाई, जो इस श्रेणी में एक नया रिकॉर्ड है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शैलेश को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि, यह जीत न केवल बिहार, बल्कि हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है. शैलेश ने यह साबित कर दिया है कि कठिन परिस्थितियों में भी अगर दृढ़ संकल्प हो, तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है.

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार शैलेश कुमार को खेल पुरस्कार योजना के तहत 75 लाख रुपए की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेगी. उन्होंने यह भी कहा कि शैलेश की यह जीत बिहार में खेलों के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलाव का प्रत्यक्ष प्रमाण है और इससे राज्य के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी.

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि शैलेश कुमार ने प्रतियोगिता में 1.85 मीटर, 1.88 मीटर और 1.91 मीटर की तीन सफल छलांग लगाकर तीन बार चैंपियनशिप रिकॉर्ड तोड़ा. इस जीत से पहले भी शैलेश ने पेरिस वर्ल्ड पैरा चैंपियनशिप में रजत पदक और चीन में हुए एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया था. शैलेश कुमार की यह सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और मेहनत की कहानी है, बल्कि यह पूरे बिहार और भारत के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है. उनका यह स्वर्णिम प्रदर्शन भारतीय पैरा एथलेटिक्स इतिहास मेंस्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया है.

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सबसे युवा अध्यक्ष बने हर्षवर्धन, निर्विरोध हुआ चुनाव

एजेंसियां । पटना

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए)के 2025 के पदाधिकारियों के चुनाव में हर्षवर्धन को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है. मात्र 24 वर्ष की उम्र में यह जिम्मेदारी संभालकर उन्होंने बीसीए के इतिहास में सबसे युवा अध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड बना लिया है. हर्षवर्धन ने अपने चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "यह मेरे लिए सम्मान और कर्तव्य दोनों की भावना से जुड़ा हुआ अवसर है. इतनी कम उम्र में यह जिम्मेदारी मिलना मेरे लिए गर्व की बात है. मैं अपनी टीम के साथ मिलकर बिहार क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा." बीसीए के इस चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए. प्रिया कुमारी को उपाध्यक्ष, जियाउल आरेफिन को सचिव, अभिषेक नंदन को कोषाध्यक्ष, और रोहित कुमार को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है. वहीं, राजेश कुमार को प्रबंध समिति का सदस्य (जिला प्रतिनिधि) और ज्ञानेश्वर गौतम को शासी परिषद का सदस्य बनाया गया है. सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एम. मोदा सिरने इस चुनाव की निर्वाचन अधिकारीके रूप में निगरानी की और निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न कराया. बीसीए ने एक बयान में कहा, "बिहार क्रिकेट के हितधारकों के विश्वास और समर्थन से हम उत्साहित हैं. हमारी प्राथमिकता जमीनी स्तर पर क्रिकेट को मजबूत करना, बुनियादी ढांचे का विकास और युवा क्रिकेटरों के लिए अधिक अवसर पैदा करना है."इस युवा नेतृत्व से बिहार क्रिकेट में नई ऊर्जा और दिशा आने की उम्मीद जताई जा रही है.

आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप: अनुष्का ठोकुर ने जीता दूसरा स्वर्ण, एड्रियन कर्माकर को रजत पदक

एजेंसियां । नई दिल्ली

आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन 2025 में भारत के युवा शूटरों ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा है. जूनियर एशियन चैंपियन अनुष्का ठोकुर ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर महिला स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी काबिलियत साबित की. इससे पहले उन्होंने राइफल प्रोन में भी स्वर्ण पदक जीता था. नई दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में खेले गए फाइनल में अनुष्का ने 461.0 अंक बनाए, जिसमें उनकी 35वीं शॉट पर परफेक्ट 10.9 भी शामिल थी. उन्होंने क्वालिफिकेशन में 585-31x का स्कोर किया और फाइनल में 6.1 अंकों की बढ़त के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया. वहीं एआईएन की अनास्तासिया सोरोकीना रजत और

मारिया क्रुगलोवा कांस्य पदक पर रहीं.

पुरुषों की जूनियर 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल में भारत के एड्रियन कर्माकर ने कड़ी टक्कर दी और 455.9 अंकों के साथ रजत पदक जीता. स्वर्ण पदक आईएसएसएफ वर्ल्ड कप निंगबो के रजत विजेता एआईएन के दिमित्री पिमेनोव के नाम रहा.

25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष (स्टेज 1 क्वालिफिकेशन) में भारत ने दबदबा बनाए रखा. सूरज शर्मा ने 287-7x का स्कोर कर शीर्ष स्थान साझा किया. समीर गुलिया, अभिनव चौधरी, मुकेश नेलावली और जतिन ने भी उच्च स्थान हासिल किए. भारत फिलहाल कुल चार स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि एआईएन टीम तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है. भारतीय जूनियर शूटरों की यह उपलब्धि आगामी प्रतियोगिताओं के लिए उम्मीद जगाती है और देश के शूटिंग खेल को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की क्षमता दिखाती है.

पिता के बयान की अभिमन्यु ईश्वरन को मिली सजा : श्रीकांत

नयी दिल्ली । पूर्व भारतीय चयनकर्ता कृष्णामाचारी श्रीकांत ने कहा है कि अभिमन्यु ईश्वरन की आगामी वेस्टइंडीज सीरीज के लिए चुने गए स्क्वॉड में अनदेखी का सबसे बड़ा कारण उनके पिता के बयान हो सकते हैं. ईश्वरन को हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया. इससे पहले उन्हें इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट टीम का हिस्सा बनाया गया था, लेकिन उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला था. बल्लेबाज के पिता रंगनाथन ने टीम प्रबंधन पर निशाना साधा था.

श्रीकांत ने किया चौंकाने वाला दावा : श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मुझे अभिमन्यु ईश्वरन के लिए बुरा लग रहा है. मुझे लगता है कि उनके पिता ने इंग्लैंड दौरे के बाद कुछ तीखे बयान दिए थे और शायद इसी वजह से उन्हें टीम से बाहर किया गया है. हालांकि अजीत अगरकर का तर्क भी सही था कि घरेलू टेस्ट में रिजर्व ओपनर की जरूरत नहीं होती.

हमें नहीं चाहिए : 30 वर्षीय दाएं हाथ के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए चुना गया था. इस दौरान उन्हें एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला. वहीं, वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने नजरअंदाज कर दिया.

नेपाल ने वेस्टइंडीज को हराकर रचा इतिहास

180 मैचों बाद टेस्ट खेलने वाले देश पर पहली जीत

एजेंसियां। शारजाह

नेपाल क्रिकेट टीम ने आखिरकार अपने क्रिकेट इतिहास में सुनहरा अध्याय लिख दिया. वेस्टइंडीज के खिलाफ शारजाह में खेले गए तीन मैचों की सीरीज के पहले टी20 मुकाबले में नेपाल ने 19 रन से रोमांचक जीत दर्ज की. यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि यह नेपाल की किसी टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ पहली अंतरराष्ट्रीय जीत है. नेपाल ने 180 अंतरराष्ट्रीय मैचों के बाद यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की.

नेपाल की दमदार बल्लेबाजी : वेस्टइंडीज के कप्तान अकील होसैन ने टॉस जीता और नेपाल को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 20 ओवर में 148 रन बनाए. कप्तान रोहित पौडेल ने सबसे ज्यादा 38 रन (35 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) बनाए. वहीं कुशल मल्ला ने 21 गेंद पर 30 रन ठोके और दो शानदार छक्के लगाए. गुलशन झा ने 22 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली. आखिरी ओवरों में नंदन यादव (सात रन, दो गेंद) और सोमपाल कामी (छह रन, पांच गेंद) ने टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया.

वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी लड़खड़ाई : लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही. काइल मेयर्स (5) रन आउट होकर पवेलियन लौटे और यहीं से मैच का रुख नेपाल की तरफ मुड़ गया. वेस्टइंडीज की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही. केवल नविन बिडाइसी (22 रन) और कप्तान अकील होसैन (18 रन, नौ गेंद, दो छक्के, एक चौका) ने कुछ प्रतिरोध दिखाया. नेपाल के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया. कुशल भुर्तेल ने दो विकेट झटके और साथ ही एक रन आउट भी किया. नंदन यादव, रोहित पौडेल, ललित राजवंशी, करन केसी और दिपेंद्र सिंह को एक-एक विकेट मिला.

नेपाल की बेहतरीन फील्डिंग : इस मैच में नेपाल की फील्डिंग गेम चेंजर साबित हुई. काइल मेयर्स का रन आउट हो या दीपेंद्र सिंह का शानदार थ्रो, हर मौके पर नेपाल ने वेस्टइंडीज पर दबाव बनाया. विकेटकीपर आसिफ शेख का रन आउट में योगदान भी अहम रहा.

ऐतिहासिक जीत के मायने : यह जीत सिर्फ एक मुकाबले की जीत नहीं है, बल्कि नेपाल क्रिकेट के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बड़ा पल है. किसी टेस्ट खेलने वाले देश को हराना नेपाल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है. इससे नेपाल के खिलाड़ियों को और प्रेरणा मिलेगी और आने वाले मैचों में वे और बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे.

अब नजरें सीरीज जीत पर : अब नेपाल और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टी20 मुकाबला सोमवार (29 सितंबर) को खेला जाएगा. नेपाल के पास इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करने का शानदार मौका है. दूसरी ओर वेस्टइंडीज को सीरीज में वापसी के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी.

मिली जिम्मेवारी | बीसीसीआई की पहल; अब पूर्व क्रिकेटर आरपी सिंह और प्रज्ञान ओझा को मिली नई जिम्मेवारी

बीसीसीआई ने बनाया सेलेक्टर ,टीम इंडिया का करेंगे चयन

एजेंसियां। नयीदिल्ली

पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा और आरपी सिंह पुरुष राष्ट्रीय टीम की चयन समिति में शामिल हो गए हैं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान, यह भी निर्णय लिया गया कि कोई अंडर-16 खिलाड़ी तब तक आईपीएल नहीं खेल सकता जब तक कि उसने कम से कम एक मैच के लिए रणजी ट्रॉफी में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व न किया हो. मिथुन मन्हास को अन्य पदाधिकारियों के साथ निर्विरोध बीसीसीआई अध्यक्ष चुन लिया गया है.

दिल्ली की अमिता शर्मा को महिला चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि मुंबई की सुलक्षणा नाइक और हैदराबाद की श्रावंती नायडू भी इसमें शामिल होंगी. महिला समिति में श्यामा डे और जया शर्मा भी शामिल हैं. इस बीच, एस शरत को जूनियर चयन पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. शरत 2023 से सीनियर पैनल का हिस्सा थे.

बीसीसीआई पुरुष राष्ट्रीय टीम की चयन समिति के सदस्य

अजीत अगरकर (चेयरपर्सन), शिव सुंदर दास, अजय रात्रा,
आरपी सिंह व प्रज्ञान ओझा

आरपी सिंह का क्रिकेट करियर

पूर्व तेज गेंदबाज रूद्र प्रताप सिंह ने भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में कई सालों तक क्रिकेट खेला. उन्होंने टीम इंडिया के लिए 14 टेस्ट, 58 वनडे और 10 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले. इसमें उनके नाम क्रमश 40, 69 और 15 विकेट रहे. वह 2007 टी20 वर्ल्ड कप विनिंग टीम का हिस्सा थे.इसके आलावा उन्होंने 94 फर्स्ट क्लास, लिस्ट ए के 136 और 132 टी20 मैच खेले. 39 वर्षीय आरपी सिंह ने 2011 में अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था. वह अभी कमेंटरी में नजर आते हैं. और अब टीम इंडिया के चयन में अहम रोल निभाएंगे.

प्रज्ञान ओझा क्रिकेट करियर

प्रज्ञान ओझा ने भी भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में क्रिकेट खेला है. उन्होंने 2008 में अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया था और आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच 2013 में खेला था. स्पिन गेंदबाज ओझा ने भारत के लिए 24 टेस्ट, 18 वनडे और 6 टी20 मैचों में क्रमश 113, 21 और 10 विकेट लिए. ओझा ने 108 फर्स्ट क्लास मैचों मंन 424 विकेट लिए. इसके आलावा उन्होंने लिस्ट ए के 103 मैचों में 123 और 143 टी20 मैचों में 156 विकेट चटकाए.

पत्नी और बेटी को पति ने मारी गोली खुद को भी चाकू मारकर किया घायल

भागलपुर। जिले के गोराडीह थाना क्षेत्र के बदलूचक गांव में रविवार को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और बेटी को गोली मार दी और फिर खुद को भी चाकू घोंपकर आत्महत्या की कोशिश की. तीनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है. फिलहाल हालत गंभीर बनी हुई है. घायलों की पहचान बदलूचक निवासी मोहम्मद मजहर, उसकी पत्नी अफरोज और बेटी शकीला के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि मजहर ने पत्नी के पेट में गोली मारी जो आर-पार होकर पास में सो रही बेटी के सीने में जा फंसी. पत्नी को गंभीर हालत में प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है,जबकि बेटी का जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज जारी है. अस्पताल में भर्ती शकीला ने बताया कि वह सो रही थी तभी अचानक उसके अब्बा ने गोली चला दी. वहीं आरोपित मजहर ने कहा कि वह गुस्से में था इसलिए गोली चला दी. उसने यह भी कबूल किया कि उसके पास पहले से बंदूक और गोली मौजूद थी. वारदात के बाद आरोपित ने खुद को भी चाकू मार लिया. फिलहाल उसका इलाज पुलिस कस्टडी में चल रहा है. घटना की जानकारी मिलते ही गोराडीह थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी है.

नवादा में 44 बोतल शराब व बियर बरामद नाबालिग सहित दो तस्कर गिरफ्तार हुए

नवादा। बिहार-झारखंड के सीमावर्ती नवादा जिले के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर रविवार को दोपहर उत्पाद बलों ने एक टेम्पो के ड्राइवर सीट के नीचे रखे 44 बोतल शराब व बियर को बरामद किया. साथ ही दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया एवं एक नाबालिग को विधि निरुद्ध किया गया.शराब तस्करों द्वारा हर प्रकार की चालाकी कर शराब की खेप को जांच चौकी से पार करने का प्रयास लगातार की जा रही है. किंतु उत्पाद बलों की मुस्तैदी ने तस्करों के मनसूबों पर हर बार पानी फेर दिया जा रहा है. उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि रविवार को झारखंड की ओर से आ रही टेम्पो संख्या बीआर01पीएच 1733 को जांच हेतु उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता द्वारा रोक कर जांच किया गया.जांच के क्रम में टेम्पो के ड्राइवर सीट के नीचे बने तहखाने से एक प्लास्टिक की थैली एवं दो बैग से 750 एमएल वाले रॉयल स्टेज के 12 बोतल, आइकॉनिक व्हिस्की के 8 बोतल व 375 एमएल वाले रॉयल स्टेज के 2 बोतल एवं 500 एमएल वाले किंगफिशर के 22 केन बरामद किया गया.साथ ही टेम्पो में सवार रहे रजौली के डुमरकोल गांव निवासी मो. मुस्ताक के पुत्र मो. सरफराज एवं फिरोज अंसारी के पुत्र फैजान को गिरफ्तार किया गया.साथ ही एक विधि निरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया.गिरफ्तार तस्करों ने पूछताछ के क्रम में बताया कि वह शराब की खेप लेजाकर नवादा पहुंचाने का काम करता है.इसके पूर्व भी पैसे लेकर तीन-चार बार इसी तरीके से शराब की खेप को नवादा पहुंचा चुका है. उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब व टेम्पो के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है.

गोपालगंज में सीएम नीतीश कुमार ने किया 1599 करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ

लाभुकों से बातचीत के दौरान उनकी समस्याएं सुनीं,सुझाव जाने

संवाददाता ।गोपालगंज

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और सांसद संजय झा रविवार को गोपालगंज पहुंचे. इस मौके पर उन्होंने सबेया फील्ड में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और योजनाओं के लाभुकों से सीधा संवाद स्थापित किया. मुख्यमंत्री ने इस दौरान कुल 1599 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. उन्होंने राज्य के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि सरकार जनहित में लगातार कार्य कर रही है. मुख्यमंत्री ने लाभुकों से बातचीत के दौरान उनकी समस्याएं और सुझाव सुने और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए.

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि यह कार्यक्रम राज्य के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. वहीं, सांसद संजय झा ने क्षेत्र के विकास के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए अपने विचार रखे. इस कार्यक्रम का मंच संचालन भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गिरी ने किया. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, जनक राम, भाजपा के पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी, रामसेवक सिंह और जदयू जिलाध्यक्ष आदित्य शंकर शाही ने भी सभा को संबोधित किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और अधिकारी मौजूद रहे.

भाजपा ने की 45 सदस्यीय चुनाव समिति की घोषणा

▪ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा

संवाददाता ।पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव अभियान समिति के सदस्यों के नाम की घोषणा कर दी है. भाजपा ने कुल 45 सदस्यों को चुनाव अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है. सभी सदस्यों को अलग-अलग इलाके की कमान सौंपी जाएगी. इस सूची में दिग्गज नेताओं के साथ-साथ युवाओं को भी जगह दी गई है. बिहार भाजपा की ओर से जारी सूची में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सतीश चन्द्र दुबे, पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, सांसद डॉ. संजय जायसवाल, गोपाल नारायण सिंह, रविशंकर प्रसाद, राजीव प्रताप रूड़ी और अश्विनी कुमार चौबे को शामिल किया गया है. इसके अलावा समिति में राज्य सरकार में मंत्री मंगल पाण्डेय, डॉ. प्रेम कुमार, राजभूषण निषाद, रेणु देवी, जनक राम, हरि सहनी, ऋतुराज सिन्हा, सैयद शाहनवाज हुसैन, रमा देवी, प्रदीप कुमार सिंह, जनार्दन सिंह सीग्रीवाल, गोपालजी ठाकुर, अशोक यादव, विवेक ठाकुर, शंभू शरण पटेल को शामिल किया गया है.

भाजपा की चुनाव अभियान समिति में धर्मशीला गुप्ता, कृष्ण कुमार ऋषि, अनिल शर्मा (बख्तियारपुर), कृष्ण कुमार मंटू, राम नारायण मंडल, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, वीरेन्द्र चौधरी, हरि मांझी, अशोक अग्रवाल, लालमोहन गुप्ता, बेबी कुमारी, शीला प्रजापति, यू.पी. शर्मा, राजेन्द्र चौपाल, उपेन्द्र प्रसाद, राम कुमार राय, विश्वमोहन कुमार और तल्लु वासकी भी शामिल हैं.

जोगबनी में युवक की आपसी विवाद में गोली मारकर हत्या

पुलिस छानबीन में जुटी, तीन हिरासत में लिए गए

संवाददाता ।अररिया

अररिया जिले के जोगबनी थाना क्षेत्र के हाजी मोहल्ला में भाड़ा के मकान में रह रहे एक युवक की आपसी विवाद में अहले सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई. हत्या का आरोप कटिहार और जोगबनी में टी स्टॉल और पानी का कारोबार करने वाले छपरा के रहने वाले अनमोल कुमार सिंह नामक युवक पर है. मृतक 24 वर्षीय नीरज कुमार गुप्ता पिता कैलाश गुप्ता अररिया आरएस थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या चार का रहने वाला है और वह प्राइवेट नौकरी करता है. घटना के पीछे पैसे के लेनदेन को कारण बताया जा रहा है. घटना के बाद अहले सुबह डायल 112 की टीम युवक को लेकर फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचा,जहां

चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया. सूचना पर अररिया नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद गौतम साह,भाजपा नेता शंभू प्रसाद,फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा,जोगबनी थानाध्यक्ष राजीव कुमार आजाद सहित अन्य पुलिस अधिकारी फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए.पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया है. मामले में पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है.

पुलिस ने दो करोड़ का गांजा किया जब्त, चालक गिरफ्तार

संवाददाता ।सीवान

सीवान जिले के मैरवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए एक डीसीएम ट्रक से 329 किलो गांजा बरामद किया. बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग दो करोड़ रुपये आंकी गई है. इस मामले में ट्रक चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है. पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. मैरवा थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध ट्रक नेपाल से गांजा लेकर पूर्वी चंपारण की ओर जा रहा है. इसके आधार पर थाना मोड़ पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने ट्रक को रोका. ट्रक चालक भागने की कोशिश में था, लेकिन पुलिस ने सूझबूझ से उसे दबोच लिया. तलाशी के दौरान ट्रक में बने तहखाने से 329 किलो गांजा बरामद हुआ.गिरफ्तार

चालक की पहचान मोतिहारी जिले के सुगौली थाना क्षेत्र निवासी महेंद्र सोनी के पुत्र ताराचंद्र कुमार के रूप में की गई है. इस घटना ने पुलिस की सतर्कता पर सवाल भी खड़े कर दिए हैं, क्योंकि चर्चा है कि धरनी छापर चेकपोस्ट पर विधिवत जांच के बावजूद ट्रक मैरवा तक कैसे पहुंच गया. गौरतलब है कि इससे पहले वर्ष 2022 में भी मैरवा पुलिस ने लगभग 50 लाख रुपये मूल्य का गांजा बरामद किया था. थाना प्रभारी संजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चालक से पूछताछ जारी है और गांजा तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है.

नवादा के चर्चित चिकित्सक के नाती की रहस्यमयी हत्या

संवाददाता ।पटना

बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बियाडा) परिसर स्थित पारिवारिक दवा फैक्ट्री में शनिवार को 21 वर्षीय युवक पुष्पांशु शंकर उर्फ अंकुश कुमार का खून से लथपथ शव पाया गया. युवक नवादा जिले की चर्चित महिला चिकित्सक डॉ. अरुंधति और इंजीनियर प्रेम शंकर सिंह के नाती थे. जानकारी के अनुसार पुष्पांशु शनिवार सुबह लगभग 10 बजे अपने प्रसाद बिगहा स्थित घर से बियाडा स्थित

फैक्ट्री के लिए निकले थे. दोपहर तक जब वह लौटे नहीं और मोबाइल पर संपर्क नहीं हो सका, तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई. फैक्ट्री भेजे गए परिचित ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया. फैक्ट्री के स्टाफ गोपाल कुमार ने बताया कि दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण बगल के मकान से चढ़कर कमरे के अंदर प्रवेश किया गया. कमरे में दीवार के पास युवक का खून से लथपथ शव पड़ा था. पास में ग्राइंडर मशीन लटकती हुई मिली, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है. सूचना मिलने पर नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. थोड़ी देर बाद सदर एसडीपीओ वन हुलास कुमार भी मौके पर पहुंचे. फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच शुरू कर दी गई. पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने रात में घटनास्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की मौत गले पर ग्राइंडर मशीन से कट लगने और अत्यधिक रक्तस्राव से हुई प्रतीत हो रही है. घटनास्थल से मृतक का मोबाइल क्षतिग्रस्त अवस्था में और एक आईपैड बरामद हुआ, जिससे महत्वपूर्ण सुराग मिलने की संभावना है.

आरबीआई ने मुथूट फिनकॉर्प पर 2.7 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

नयी दिल्ली । आंतरिक लोकपाल से जुड़े कुछ नियमों के उल्लंघन पर आरबीआई ने मुथूट फिनकॉर्प लि. पर 2.7 लाख का जुर्माना लगाया है. केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को कहा, 31 मार्च, 2024 तक कंपनी की वित्तीय स्थिति के वैधानिक निरीक्षण के बाद नोटिस जारी किया गया था. नोटिस पर कंपनी के जवाब पर विचार करने के बाद आरोप सही साबित हुए. इसलिए, कंपनी पर जुर्माना लगाया गया है.

अमेरिका से 1,96,000 से अधिक वाहन वापस बुलाएगी बीएमडब्ल्यू

नयी दिल्ली । कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू इंजन में खराबी के बाद अमेरिका से अपने 1,96,000 से ज्यादा वाहनों को वापस बुलाएगी. इंजन में खराबी के कारण इसमें जंग लगने की समस्या से ओवरहीटिंग और शॉर्ट सर्किट हो सकता है. इससे आग लगने का खतरा बढ़ सकता है. अमेरिकी राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात सुरक्षा प्रशासन ने कहा कि इसके चलते टोयोटा सुप्रा और 2022 बीएमडब्ल्यू 230 आई वाहनों सहित कई मॉडलों पर प्रभाव पड़ेगा.

अब विदेश से यूरेनियम का खनन करेगा भारत?

खदानों की पहचान के लिए एनटीपीसी जल्द नियुक्त करेगी एक सलाहकार

एजेंसी ।नयी दिल्ली

ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अब परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी यूरेनियम की सप्लाई सुनिश्चित करने के कदम उठा रही है. इसके तहत कंपनी विदेशों में यूरेनियम खदानों की पहचान करने के लिए एक सलाहकार नियुक्त करेगी. यह कदम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद उठाया जाएगा. कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह फैसला एनटीपीसी के भविष्य के स्वतंत्र परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को कच्चा माल उपलब्ध कराने की योजना का हिस्सा है. अभी एनटीपीसी का फोकस न सिर्फ थर्मल और सोलर ऊर्जा पर है, बल्कि वह परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है.

राजस्थान में 42000 करोड़ का परमाणु प्रोजेक्ट : फिलहाल एनटीपीसी, न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के साथ ज्वाइंट वेंचर के तहत राजस्थान में एक बड़ा परमाणु ऊर्जा प्रोजेक्ट स्थापित कर रही है. इस प्रोजेक्ट में एनटीपीसी की 49% हिस्सेदारी होगी, जबकि एनपीसीआईएल की 51% हिस्सेदारी रहेगी. इस प्रोजेक्ट का कुल निवेश लगभग 42000 करोड़ रुपये है. इसका नाम माही बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट (एमबीआरएपीपी) रखा गया है. प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में बांसवाड़ा में इस परियोजना की आधारशिला रखी. यह परियोजना अनुषक्ति विद्युत निगम लिमिटेड नाम के संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी के जरिए स्थापित की जा रही है.

एनटीपीसी की नई दिशा-खुद की परमाणु परियोजनाएं : एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने हाल ही में बताया कि कंपनी भविष्य में स्वतंत्र परमाणु परियोजनाएं स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है. इसके लिए कंपनी कई न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी प्रदाताओं और राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है. इससे एनटीपीसी को अपने ऊर्जा पोर्टफोलियो को और विविध बनाने का मौका मिलेगा.

विदेशी यूरेनियम खदानों की तलाश : कंपनी के एक अधिकारी ने बताया, 'हम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में हैं. यह समझौता विदेशी यूरेनियम खदानों की टेक्नो-कमर्शियल जांच के लिए होगा. बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी.' यह सलाहकार कई देशों में यूरेनियम खदानों के संभावित स्थानों की पहचान करेगा और फिर एनटीपीसी यह तय करेगी कि किन खदानों में निवेश करना है. मूल्यांकन के दौरान भंडार की मात्रा, लॉजिस्टिक लागत, और अन्य कारकों को ध्यान में रखा जाएगा. इससे एनटीपीसी को भविष्य में यूरेनियम की स्थायी सप्लाई सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी.

तीन अक्टूबर से खुलेगा वीवर्क इंडिया का आईपीओ

एजेंसी ।नयी दिल्ली

को-वर्किंग स्पेस कंपनी वीवर्क इंडिया ने अपने 3,000 करोड़ रुपये के आईपीओ की घोषणा की है. यह इश्यू 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक खुला रहेगा. एंकर निवेशकों के लिए बुकिंग 1 अक्टूबर को शुरू होगी. ड्राफ्ट पेपर्स के अनुसार, यह पूरा आईपीओ ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत होगा. यानी कंपनी को इस इश्यू से कोई पूंजी प्राप्त नहीं होगी. इसके जरिए एम्बेसी बिल्डकॉन एलएलपी और वीवर्क ग्लोबल की यूनिट 1 एरियल वे टेनेंट लिमिटेड अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे. फिलहाल वीवर्क इंडिया में एम्बेसी ग्रुप की 76.21% हिस्सेदारी है, जबकि वीवर्क ग्लोबल की 23.45% हिस्सेदारी है. वीवर्क इंडिया की स्थापना 2017 में हुई थी. यह भारत में 'वीवर्क' ब्रांड के लिए एक्सक्लूसिव लाइसेंस लेकर काम करती है. कंपनी का प्रमोशन बेंगलुरु की रियल एस्टेट कंपनी एम्बेसी ग्रुप करती है.

कंपनी ने साफ किया है कि इस इश्यू का मकसद सिर्फ शेयरों की लिस्टिंग के जरिए दृश्यता बढ़ाना और मौजूदा शेयरधारकों को लिक्विडिटी उपलब्ध कराना है. इसके अलावा, इस कदम से कंपनी भारतीय शेयर बाजार में अपनी मजबूत पहचान भी बनाना चाहती है.

जीएसटी कटौती से 25% तक बढ़ गयी खरीदारी

▪ टियर-2 और टियर-3 शहरों की भागीदारी बढ़ी है और विवेकाधीन खर्च में वृद्धि को बढ़ावा मिला है.

एजेंसी ।नयी दिल्ली

जीएसटी दरों में कटौती से इस सीजन में उपभोक्ता व्यवहार में तेजी देखी जा रही है. इससे महानगरीय व उभरते बाजारों में त्योहारी मांग में 23-25 फीसदी की बढ़त हुई है. नवरात्र के पहले दिन बड़ी स्क्रीन वाले टीवी, मध्यम श्रेणी के फैशन और फर्नीचर सहित कई उच्च मांग वाली श्रेणियों में कर की दरें कम हो गई हैं.

इससे उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिल रहा है. जीएसटी के बदलावों ने खुदरा कीमतें कम करने के साथ खरीदारों को छूट की रणनीति से आगे बढ़कर अधिक खरीदारी करने के लिए भी प्रोत्साहित किया है. इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों की भागीदारी बढ़ी है और विवेकाधीन खर्च में वृद्धि को बढ़ावा मिला है.

रेडसीर के अनुसार, बड़े टीवी पर जीएसटी को 28 से घटाकर 18 फीसदी करने से खुदरा कीमतों में 6 से 8 फीसदी की गिरावट आई है. इससे प्रीमियम मॉडलों की मांग बढ़ी है. 2,500 रुपये से कम कीमत वाली फैशन वस्तुओं पर 5 फीसदी जीएसटी से मध्यम बाजार के परिधानों की खरीदारी को बढ़ावा मिल रहा है. नवरात्र के पहले दो दिनों में बिक्री सालाना आधार पर 23-25 फीसदी बढ़ी है. यह पिछले साल की शुरुआत की तुलना में चार से पांच गुना अधिक है. यूजर फीडबैक से पता चला कि मांग इतनी ज्यादा थी कि कुछ एप्स ऑर्डर देने के कुछ ही मिनटों में क्रैश हो गए.

बदलाव | बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 50 रुपये और डेमोग्राफिक सुधार के लिए 30 रुपये शुल्क देना होगा

1 अक्टूबर से आधार में बदलाव करना पड़ेगा महंगा

एजेंसी ।नयी दिल्ली

अब आधार कार्ड में सुधार कराने की फीस बढ़ जाएगी. 1 अक्टूबर 2025 से सामान्य सुधार के लिए 75 रुपये और बायोमेट्रिक अपडेट जैसे फिंगरप्रिंट, आइरिस या फोटो बदलने पर 125 रुपये शुल्क देना होगा. बच्चों (7 से 17 वर्ष) के बायोमेट्रिक अपडेट के लिए भी अब 125 रुपये देने होंगे. हालांकि, नया आधार बनवाने पर कोई शुल्क नहीं लगेगा. ग्रामीण और छोटे शहरों में रहने वाले लोगों के लिए यह अतिरिक्त खर्च बन सकता है. जो लोग पिछले दस वर्षों में आधार अपडेट नहीं कराए हैं, उन्हें

अब दस्तावेज जमा करके नया शुल्क देना होगा.

यूआईडीएआई ने दी नई अपडेट गाइडलाइन : यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) के सीईओ भुवनेश्वर कुमार ने कहा है कि 1 अक्टूबर 2025 से 10 साल पुराने आधार कार्ड का अपडेट कराना अनिवार्य होगा. अपडेट के लिए यूआईडीएआई वेबसाइट या एमआधार ऐप का इस्तेमाल किया जा सकता है. रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से लॉगिन करके बायोमेट्रिक अपडेट किया जा सकता है. सुधार के लिए पहचान के लिए पैन कार्ड, पते के लिए वोटर आईडी कार्ड और जन्म/रिश्ते की जानकारी के लिए बर्थ सर्टिफिकेट लेकर नजदीकी आधार केंद्र पर जाना होगा. बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 50 रुपये और डेमोग्राफिक सुधार के लिए 30 रुपये शुल्क देना होगा.

बायोमेट्रिक अपडेट फीस नहीं लगेगी: 5 से 7 साल के बच्चों और 15 से 17 साल के किशोरों को अब कोई फीस नहीं देनी होगी. पहले यह 50 रुपये थी. हालांकि, अपडेट अनिवार्य है. अगर इसे समय पर नहीं किया गया, तो आधार कार्ड अवैध हो सकता है.

पति या पिता का नाम हटाया गया : 15 अगस्त 2025 से नए आधार कार्ड पर 18 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए पिता या पति का नाम कार्ड पर नहीं दिखेगा. यह जानकारी केवल यूआईडीएआई के रिकॉर्ड में रहेगी. इससे बार-बार नाम बदलने की जरूरत नहीं होगी और प्राइवेसी सुरक्षित रहेगी.

जन्मतिथि और केयर ऑफ कॉलम में बदलाव : अब आधार कार्ड पर जन्मतिथि केवल वर्ष के रूप में दिखाई देगा, जबकि पूरा विवरण यूआईडीएआई के रिकॉर्ड में रहेगा. इसके अलावा, कार्ड से 'केयर ऑफ' कॉलम हटा दिया गया है. अब कार्ड पर केवल नाम, उम्र और पता दिखाई देगा.

एड्रेस अपडेशन के लिए दस्तावेज : जनवरी 2025 से पता बदलने के लिए केवल बैंक स्टेटमेंट या यूटिलिटी बिल स्वीकार होंगे. अन्य सुधारों के लिए पैन कार्ड, वोटर आईडी या बर्थ सर्टिफिकेट ही मान्य होंगे. 1 अक्टूबर से अपडेट प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी. यानी, ऐप या वेबसाइट पर रिक्वेस्ट सबमिट करके नजदीकी केंद्र पर डॉक्यूमेंट वेरिफाई कराने के बाद ऑनलाइन अपडेट किया जाएगा.

ब्रिक्स समर्थित एनडी बैंक मार्च तक लाएगा रुपया आधारित बॉन्ड

नयी दिल्ली। ब्रिक्स देशों के समर्थित न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) मार्च के अंत से पहले घरेलू बाजार में पहला भारतीय रुपया मूल्यवर्गित बॉन्ड जारी कर सकता है. इस योजना के लिए आरबीआई के साथ बात हो रही है. एनडीबी ने पहले चीनी युआन व दक्षिण अफ्रीकी रैंड मुद्रा में धन जुटाया है. बैंक पहली किस्त में 3-5 साल के बॉन्ड से 40 करोड़ डॉलर से 50 करोड़ डॉलर की रकम जुटा सकता है. यह योजना ऐसे समय में आई है जब चीन व भारत अपनी मुद्राओं की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं व निवेशक विकसित बाजारों से परे अपनी परिसंपत्तियों में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं.

इंडसइंड बैंक : अकाउंटिंग विभाग में 10 वर्ष से चल रहा था गड़बड़ी का खेल

पूर्व सीएफओ का बयान दर्ज

एजेंसी ।नयी दिल्ली

इंडसइंड बैंक में अकाउंटिंग में गड़बड़ी का खेल पिछले 10 साल से चल रहा था. यह खुलासा बैंक के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी यानी सीएफओ और व्हिसलब्लोअर गोबिंद जैन ने किया है. जैन ने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के सामने दावा किया कि बैंक के डेरिवेटिव्स पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग की गड़बड़ी 2015 से चली आ रही है. पुलिस ने इसी सप्ताह जैन और डिप्टी सीईओ अरुण खुराना का बयान दर्ज किया था. जैन ने कहा, तत्कालीन बोर्ड, वरिष्ठ प्रबंधन और पूर्व फाइनेंस प्रमुख एसवी जरेगांवकर को अकाउंटिंग की गड़बड़ी की जानकारी थी. इस वजह से जैन ने चार बार इस्तीफा दे दिया था. जैन ने सबसे पहले जून,2024 में इस्तीफा सौंपा था लेकिन वह मंजूर नहीं हुआ. इसके बाद 3 और बार इस्तीफा दिया. आखिरकार इस साल जनवरी में इस्तीफा मंजूर हुआ. उन्होंने बार-बार उस समय के एमडी और सीईओ सुमंत कठपालिया से अपील की थी कि स्वतंत्र ऑडिटर नियुक्त कर मामले की जांच कराई जाए.

शुभम संदेश
रांची, सोमवार 29 सितंबर, 2025 12

न्यूज अपडेट

मिजोरम की सबसे बुजुर्ग महिला का 108 वर्ष की उम्र में निधन, शोक

मिजोरम । मिजोरम की सबसे बुजुर्ग महिला लालनेइहसांगी का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण यहां एक अस्पताल में निधन हो गया. उनके परिवार ने यह जानकारी दी. वह 108 वर्ष की थीं. उन्होंने बताया कि शतायु महिला का शनिवार शाम करीब 7.55 बजे आइजोल के एबेनेजर मेडिकल सेंटर में निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार रविवार दोपहर करीब 1 बजे आइजोल के खटला मोहल्ले में उनके आवास पर होगा. लालनेइहसांगी, जिन्हें स्थानीय लोग प्यार से 'पी बुआंगी' कहते थे, को 13 सितंबर को समाज कल्याण मंत्री लालरिनपुई ने मिजोरम की सबसे बुजुर्ग महिला घोषित किया था. आइजोल के वेंघलुई इलाके में जन्मी लालनेइहसांगी 14 अप्रैल को 108 वर्ष की हो गईं.

असम के तीन जिलों में एक से छह महीने के लिए बढ़ाया गया अफस्पा

असम । असम के तीन जिलों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम या अफ्स्पा को 1 अक्तूबर से छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है. राज्य के राजनीतिक (ए) विभाग की ओर से शनिवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य सरकार ने केंद्र से सिफारिश की थी कि अफ्स्पा के तहत अशांत क्षेत्र का दर्जा तिनसुकिया, चराइदेव और शिवसागर जिलों में छह महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया जाए. केंद्रीय गृह मंत्रालय तीनों जिलों में दर्जा बनाए रखने के राज्य सरकार के विचार से सहमत है और विस्तार दिया गया है. राज्य सरकार ने कहा कि उग्रवादी हिंसा के संदर्भ में राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों और सक्रिय उग्रवाद विरोधी उपायों के कारण उल्लेखनीय सुधार हुआ है.

राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका की चेर देशों की यात्रा पर रवाना हुए

नयी दिल्ली । कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी चार दक्षिण अमेरिकी देशों पेरू, चिली, ब्राजील और कोलंबिया की यात्रा पर गए हैं. अपने दस दिवसीय दौरे पर राहुल इन देशों के शीर्ष नेताओं और कारोबारियों से मुलाकात के अलावा छात्रों के साथ भी संवाद करेंगे. कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया पर लिखा, राहुल चार दक्षिण अमेरिकी देशों की यात्रा पर हैं. यात्रा के दौरान वह विभिन्न देशों के शीर्ष नेताओं, कारोबारियों से मुलाकात करेंगे. वह ब्राजील और कोलंबिया में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ संवाद करेंगे. इस यात्रा का मकसद रणनीतिक और लोकतांत्रिक देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना है.

आंध्र प्रदेश में उबलते दूध में गिरने से दुधमुंही बच्ची की मौत, छाया मातम

अनंतपुर । आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के कोर्रापाडु गांव में दर्दनाक हादसा हुआ. एक 16 महीने की बच्ची उबले हुए दूध के बड़े बर्तन में गिर गई, जिससे उसे गंभीर जलन हो गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस के अनुसार यह घटना 20 सितंबर को एक गुरुकुल स्कूल में हुई. बच्ची एक बिल्ली के पीछे भाग रही थी और खेलते-खेलते रसोईघर में पहुंच गई. वहां रखे उबले दूध के बर्तन में उसका पैर फिसल गया और वह उसमें गिर पड़ी. अनंतपुर ग्रामीण के डिप्टी एसपी टी. वेंकटेसुलु ने बताया, 'बच्ची को तुरंत स्थानीय सरकारी अस्पताल ले जाया गया. वहां से हालत गंभीर होने पर उसे कर्नूल के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया. तीन दिन इलाज के बाद 23 सितंबर को उसकी मौत हो गई.'

प्रधानमंत्री आज दिल्ली भाजपा के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए कार्यालय का सोमवार को उद्घाटन करेंगे. इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं दिल्ली के सांसद, विधायक, पार्षद और हजारों पार्टी कार्यकर्त्ता मौजूद रहेंगे. यह जानकारी दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में दी. वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं को कार्यालय निर्माण पूर्ण होने पर बधाई दी और कहा की 9 जून 2023 को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इस कार्यालय का भूमि पूजन किया था.

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना के जवानों ने दो घुसपैठिए को मार गिराया

कुपवाड़ा। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा ज़िले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना ने रविवार को एक घुसपैठ नाकाम करते हुए दो पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर कर दिए. सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी. ऑपरेशन अभी भी जारी है. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इलाके में नियंत्रण रेखा के पार हथियारबंद घुसपैठियों की गतिविधि देखी गई और सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और घुसपैठ को नाकाम कर दिया. ऑपरेशन के दौरान दोनों आतंकवादियों को मार गिराया गया. महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि सुरक्षा बल सर्दियों के मौसम से पहले आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिशों का मुकाबला करने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पूरी सतर्कता बरत रहे हैं.

महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में मूसलाधार बारिश से कई इलाके पानी में डूबे, प्रशासन अलर्ट

एजेंसी।मुंबई

महाराष्ट्र में रविवार को लगातार दूसरे दिन भी हो रही मूसलाधार बारिश से कई जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और अधिकांश इलाके पानी में डूब गए हैं. आपातकालीन प्रबंधन विभाग की सूचना के बाद संबंधित जिलों को अलर्ट मोड पर रहने का आदेश दिया गया है. आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने आज बताया कि मुंबई के आस पास और मराठवाड़ा में मूसलाधार बारिश जारी है. इसके फलस्वरुप जायकवाड़ी, सीना कोलेगांव, कोयना और गोसीखुर्द सहित प्रमुख बांधों से पानी छोडन्ना शुरू कर दिया है, जिससे ग्रामीण सहित कई इलाके पानी से घिर गए हैं. जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण जायकवाड़ी बांध से गोदावरी नदी में 1.25 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जबकि सीना नदी पर बने बांधों से 60,000-75,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया. विदर्भ में, प्रशासन ने गोसीखुर्द बांध के 19 गेट खोल दिए, जिससे नदी किनारे के निवासियों को हाई अलर्ट पर रखा गया. इससे नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और नदियां खतरे के निशान के पास बह रही हैं.

कीव पर रविवार सुबह रूस ने बड़े पैमाने पर ड्रोन व मिसाइल हमले किए

चार लोगों की मौत, 10 घायल

एजेंसी ।कीव

यूक्रेन की राजधानी कीव पर रविवार तड़के रूस ने बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया. इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं. मृतकों में 12 साल की एक बच्ची भी शामिल है. यह हमला पिछले महीने हुए उस बड़े हमले के बाद हुआ है, जिसमें कीव में 21 लोगों की मौत हुई थी. कीव सिटी एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख तिमुर त्काचेंको ने टेलीग्राम पर जानकारी दी कि यह हमला नागरिक इलाकों को निशाना बनाकर किया गया. उन्होंने लिखा, 'रूसियों ने बच्चों की मौत का काउंटर फिर से चालू कर दिया है.' इस हमले के बाद राजधानी में कई जगहों से काले धुएं के गुबार उठते देखे गए. वहीं कीव के मेयर विताली क्लिचको के मुताबिक, हमलों में आवासीय इमारतें, नागरिक सुविधाएं, एक अस्पताल, एक नर्सरी स्कूल को निशाना बनाया गया. इसके साथ ही 20 से ज्यादा जगहों पर भारी नुकसान की खबर है.

यूक्रेन की वायु सेना ने रविवार को बताया कि रूस ने कुल 595 विस्फोटक ड्रोन और नकली हथियार और 48 मिसाइलें दागीं. इनमें से एयर डिफेंस सिस्टम ने 566 ड्रोन और 45 मिसाइलों को मार गिराया या जाम कर दिया. कीव के अलावा, यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि बमबारी ने ज़ापोरिज़िया, खमेलनित्सकी, सुमी, मायकोलाइव, चेर्निहाइव और ओडेसा के इलाकों को निशाना बनाया. जेलेंस्की के मुताबिक, देश भर में कम से कम 40 लोग घायल हुए हैं.

रातभर दागे 595 ड्रोन और 48 मिसाइलें

हमले के बाद फैला मलबा : इस हमले के बाद एक बहुमंजिला इमारत, जिसे ड्रोन ने निशाना बनाया था, पूरी तरह ध्वस्त हो गई. ऊपरी मंजिलें बुरी तरह टूटी-फूटी, खिड़कियां टूटकर बिखरीं, सड़क किनारे कांच के ढेर जमा हो गए. दमकलकर्मी सीढ़ीदार ट्रक के सहारे मलबा हटाते दिखे. यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने कहा कि यह हमला सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल करके किया गया. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'हमें रूस को और उकसाने की कीमत बहुत महंगी बनानी होगी.' इस हमले का असर पड़ोसी देश पोलैंड तक पहुंचा. रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में निशाना साधा तो पोलैंड ने फाइटर जेट्स तैनात किए. हालांकि पोलिश सेना ने इसे रक्षात्मक और एहतियाती कदम बताया.

अमेरिका ने गाजा में शांति के लिए खींचा खाका
इस्राइल हटेगा, हमास को भी छोड़ने होंगे हथियार

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए 21 सूत्रीय योजना पेश की है. हालांकि, यह प्रस्ताव इजरायल को परेशानी में डाल सकता है,क्योंकि इसमें फिलिस्तीनियों को गाजा पट्टी में बनने रहने की बात कही गई है. इसके साथ ही यह भविष्य में फिलिस्तीन देश बनने का रास्ता खोलता है. पीएम नेतन्याहू फिलिस्तीन को उनके देश के अस्तित्व के लिए खतरा बताते हैं. प्रस्ताव को इस सप्ताह की शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति की 8 अरब और मुस्लिम देशों के नेताओं के साथ बैठक के दौरान पेश किया गया था. फिलिस्तीनियों को गाजा में बने रहने के लिए प्रोत्साहित करने का फैसला इस मुद्दे पर वॉशिंगटन के लिए एक बड़े बदलाव का संकेत है.

यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद आगरा से पकड़ाया

- स्वामी के ट्रस्ट से संबंधित 18 बैंक अकाउंट और 28 फिक्स डिपॉजिट एकाउंट को पुलिस ने फ्रीज करवा दिया

एजेंसी ।नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को देर रात आगरा से गिरफ्तार किया है. उस पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग छात्रवृत्ति के तहत पीजीडीएम पाठ्यक्रम कर रही छात्राओं से यौन उत्पीड़न का आरोप है. दक्षिण पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने रविवार को बताया कि दिल्ली पुलिस ने देर रात स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को आगरा के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया. टीम आगरा से दिल्ली के लिए रवाना हो गई है और आज दिन में स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को अदालत में पेश किया गया.

उल्लेखनीय है कि स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी पर छात्राओं के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न का आरोप है. इस मामले में फरार चल रहे स्वामी के ट्रस्ट से संबंधित 18 बैंक अकाउंट और 28 फिक्स डिपॉजिट एकाउंट को पुलिस ने फ्रीज करवा दिया. इनमें करीब आठ करोड़ रुपये थे. आरोपित के डेबिट और क्रेडिट कार्ड भी बंद करवा दिए गए.

बिहार सदियों से विश्व को प्रेरित करने वाली पवित्र धरती : सीपी

एजेंसी ।पटना

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन रविवार को पटना में आयोजित उन्मेषा इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल के समापन सत्र में शामिल हुए. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार माता सीता की जन्मभूमि और सदियों से विश्व को प्रेरित करने वाली पवित्र धरती है. उपराष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि यह उनका बिहार का पहला दौरा है और इस पवित्र भूमि का हिस्सा बनना उनके लिए गर्व की बात है. उन्होंने कहा कि बिहार माता सीता की जन्मभूमि है, जिन्होंने साहस और धैर्य का जीवन जीकर पूरे विश्व को प्रेरित किया. यही सीख हमें भी संघर्ष और आगे बढ़ने की शक्ति देती है. उपराष्ट्रपति ने कहा कि बिहार सदियों से क्रांतिकारियों का केंद्र रहा है. 19 वर्ष की आयु में वे स्वयं जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन का हिस्सा बने थे. छठ पर्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारी संस्कृति की विशिष्टता है, जहां उगते सूर्य के साथ-साथ डूबते सूर्य की भी पूजा की जाती है. सांस्कृतिक विविधता पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने एक प्रसंग साझा करते हुए कहा, यूरोप में एक मित्र ने मुझसे पूछा कि इतने भाषाई भेदों के बावजूद भारत एकजुट कैसे रहता है? मैंने उत्तर दिया कि हमारा धर्म हमें जोड़ता है. राधाकृष्णन ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अपना पुराना मित्र बताते हुए कहा कि हम मित्र उन दिनों से हैं, जब हम दोनों संसद सदस्य थे. उपराष्ट्रपति बनने के बाद राज्य के अपने पहले दौरे पर आए राधाकृष्णन का हवाई अड्डे पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गर्मजोशी से स्वागत किया.

पंजाब बीएसएफ ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर पकड़े दो ड्रोन व हेरोइन



चंडीगढ़ । सीमा सुरक्षा बल ने रविवार को भारत-पाक सीमा पर कार्रवाई करते हुए हेरोइन तथा दो ड्रोन बरामद किए हैं. यह कार्रवाई पंजाब के सीमावर्ती जिला अमृतसर तथा तरनतारन में की गई है. बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार तरनतारन जिले में विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए जवानों ने गांव नौशेरा ढल्ला के पास तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान खेतों से डीजेआई मैविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद हुआ. यह ड्रोन पाकिस्तान की ओर से भेजा गया था और संभवतः नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए प्रयोग होना था. इसी तरह दूसरी घटना में अमृतसर बॉर्डर पर गश्त के दौरान सतर्क जवानों ने गांव धनोए कलां के नजदीक बॉर्डर फैंसिंग से आगे स्थित एक खेत में संदिग्ध गतिविधि देखी. तलाशी लेने पर वहां से एक डीजेआई मैविक 3 क्लासिक ड्रोन और हेराइन का पैकेट बरामद किया गया. पैकेट का कुल वजन 558 ग्राम बताया जा रहा है.

लेह शहर में लगातार 5वें दिन कर्फ्यू जारी

- उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता प्रतिबंधों में ढील देने के बारे में फैसला लेने के लिए सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक करनेवाले हैं

एजेंसी ।लेह

हिंसा प्रभावित लेह शहर में रविवार को लगातार पांचवें दिन कर्फ्यू जारी है. उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता प्रतिबंधों में ढील देने के बारे में फैसला लेने के लिए सुरक्षा समीक्षा बैठक करने वाले हैं. लेह सर्वोच्च निकाय (एलएबी) द्वारा लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची के विस्तार की मांग पर केंद्र के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए बुलाए गए बंद के दौरान व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद बुधवार शाम को कर्फ्यू लगा दिया गया था. शनिवार को शहर में पहली बार चरणबद्ध तरीके से चार घंटे की ढील दी गई और यह ढील शांतिपूर्ण रही. बुधवार को हुई हिंसा में 4 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए जबकि दंगों में कथित संलिप्तता के आरोप में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया. जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को भी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया और राजस्थान की जोधपुर जेल में रखा गया. एक अधिकारी ने कहा कि स्थिति कुल मिलाकर सामान्य रही और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली. उपराज्यपाल जल्द ही राजभवन में एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे और दिन के दौरान प्रतिबंधों में ढील देने पर निर्णय लिया जाएगा.

सिर्फ दो दिन का इंतजार... 1 अक्टूबर को होगा बड़ा ऐलान

आरबीआई घटा सकता है रेपो रेट, महंगाई घटेगी

एजेंसी ।नयी दिल्ली

सितंबर का महीना खत्म होने वाला है और दो दिन बाद अक्टूबर का महीना कई बड़े बदलाव लेकर शुरू होने वाला है. इस बीच फेस्टिव सीजन में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन के साथ ही यूपीआई से लेकर एनपीएस तक के नियम बदलेंगे. तो वहीं दूसरी ओर लोन लेने वाले भी 1 अक्टूबर का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक की एमपीसी बैठक के नतीजे महीने की पहली तारीख को ही आने वाले हैं. एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट में उम्मीद जाहिर की गई है कि केंद्रीय बैंक महंगाई में नरमी बने रहने के संभावना के चलते रेपो रेट में कटौती कर दिवाली गिफ्ट दे सकता है.

5.25% पर आ सकता है रेपो रेट : गौरतलब है कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की इस फाइनेंशियल ईयर की चौथी बैठक 29 सितंबर को शुरू होगी और इस बैठक में लिए गए फैसलों का ऐलान 1 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा. पीटीआई के मुताबिक, एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में ये अनुमान जताया गया है कि केंद्रीय बैंक इस बार ब्याज दरों में 25 आधार अंकों या 0.25% की कटौती कर सकता है. इसमें एनालिस्ट ने कहा है कि यह आरबीआई के लिए सर्वोत्तम

संभावित विकल्प है. अगर ऐसा होता है, तो फिर रेपो रेट कम होकर 5.25% रह जाएगा, जो कि फिलहाल 5.50% है. रेपो रेट घटने का सबसे ज्यादा फायदा लोन लेने वाले ग्राहकों पर देखने को मिलेगा, जिनके लोन की ईएमआई घट सकती है. हालांकि, एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट में कुछ अन्य एक्सपर्ट ने ये संभावना भी व्यक्त की है, कि आरबीआई फिर से रेपो रेट को स्थिर रखने का विकल्प चुन सकता है.

रेपो रेट कट की उम्मीद क्यों : भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) कल सोमवार को ब्याज दरों को लेकर विचार-विमर्श शुरू करेगी. रेपो रेट में कटौती की उम्मीद जाहिर किए जाने के पीछे के कारणों की बात करें, तो रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के साथ ही अमेरिका द्वारा भारतीय शिपमेंट पर 50 फीसदी का हाई टैरिफ लगाए जाने से होने वाले असर के चलते ऐसा फैसला लिया जा सकता है. हालांकि, इसे लेकर तस्वीर अगले हफ्ते बुधवार को आरबीआई के ऐलान के साथ ही साफ हो पाएगी. यहां बता दें कि इस साल 2025 में केंद्रीय बैंक द्वारा अब तक की गईं चार एमपीसी बैठकों में से तीन में रेपो रेट कट किया गया. फरवरी, अप्रैल, जून की बैठकों में लगातार इसमें कटौती की गई और ये 6.50% से 100 बेसिस पॉइंट कम होकर 5.50% पर आ गया. हालांकि, अगस्त महीने में हुई बैठक में इसे यथावत रखा गया था. महंगाई में नरमी से कटौती संभव क्रिसिल लिमिटेड के चीफ इकोनॉमिस्ट धर्मकीर्ति जोशी के हवाले से पीटीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि उम्मीद है कि मंहगाई में नरमी बनी रहने के कारण अक्टूबर तक रेपो दर में कटौती हो सकती है.

लखीमपुर खीरी में रोडवेज बस-कार की टक्कर, पांच की मौत

लखीमपुर खीरी । उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद में रविवार सुबह रोडवेज बस और एक कार में टक्कर हो गई. हादसे में पांच लोगों की मौत और 10 लोग घायल हो गए. इनमें छह लोगों की हालत गंभीर होने पर लखनऊ भेजा गया है. सूचना के बाद जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है. वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है. जिलाधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह एक रोडवेज बस यहां से लखनऊ जा रही थी. वही, सीतापुर से 15 सवारियों को लेकर एक कार जनपद की ओर आ रही थी.

अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना का मामला

नौका सवार शख्स ने की गोलीबारी, तीन की मौत

एजेंसी ।साउथपोर्ट

अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना से एक बड़ी खबर सामने आ रही है. जहां राज्य के तटीय शहर साउथपोर्ट में शनिवार देर रात एक गंभीर गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम आठ लोग घायल हो गए. यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक बार में जमा भीड़ पर किसी व्यक्ति ने नाव से गोलियां चला दीं.

जानकारी के अनुसार, यह घटना रात लगभग साढ़े नौ बजे हुई, जो साउथपोर्ट के तट पर स्थित बार और रेस्टोरेंट के एक लोकप्रिय इलाके के पास हुई. साउथपोर्ट विलमिंगटन से करीब 48 किलोमीटर दक्षिण में एक ऐतिहासिक बंदरगाह वाला शहर है.

एक छोटी नाव से आया था हमलावर : मामले में जांचकर्ताओं ने बताया कि आरोपी व्यक्ति एक छोटी नाव लेकर समुद्र के किनारे के पास आया, थोड़ी देर रुका और फिर भीड़ में गोलियां चलाकर वहां से तेज़ी से भाग गया. करीब आधे घंटे बाद अमेरिकी तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) की टीम ने ओक द्वीप के पास एक सार्वजनिक नाव रैंप पर एक व्यक्ति को नाव निकालते हुए देखा. यह व्यक्ति संदिग्ध की पहचान से मेल खाता था. इसे तुरंत हिरासत में लेकर साउथपोर्ट पुलिस के हवाले कर दिया गया.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर, थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.